राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 293
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
गुरुवार 05 मई 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334



मुख्य अपडेट

पेज 3 अब निर्माण कार्य से जुड़े मजदूर भी कर सकेंगे बस में मुफ्त सफर, केजरीवाल सरकार ने किया ऐलान

पेज 5 ललितपुर गैंगरेप केस : इससे पहले 13 मुकदमे दर्ज करा चुकी पीड़िता की मां, एडीजी बोले- निकलवाए जा रहे पूरे रिकॉर्ड

पेज 7 टीम को कठिन परिस्थितियों से अवगत कराने के लिए हमने लिया बल्लेबाज़ी का फ़ैसला : हार्दिक

राजीव गांधी हत्याकांड

## राज्यपाल के अधिकार पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह इस सवाल पर विचार करेगा कि तमिलनाडु के राज्यपाल के पास 1991 के राजीव गांधी हत्याकांड के दोषियों की माफी संबंधित मामले को राष्ट्रपति को भेजने का अधिकार है या नहीं।

न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर सुनवाई करेगी लेकिन राष्ट्रपति के फैसले का उस पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

तमिलनाडु मंत्रिमंडल ने दोषियों की रिहाई के लिए सितंबर 2018 को



राज्यपाल को सिफारिश की थी। 27 जनवरी 2021 को राज्यपाल ने मामले को राष्ट्रपति के पास भेजा दिया था।

केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने कहा कि सजा माफी की दया याचिका मामले में राष्ट्रपति स्वयं निर्णय ले सकते हैं या मामले को राज्यपाल को वापस भेज सकते हैं। इसलिए इस मुद्दे को नहीं उठाया जा सकता है।

इस पर पीठ ने कहा कि सवाल यह है कि क्या राज्यपाल के पास तमिलनाडु मंत्रिमंडल द्वारा की गई सिफारिश को राष्ट्रपति के पास भेजने का अधिकार है?

शीर्ष अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 161 का जिक्र करते हुए कहा कि राज्यपाल तमिलनाडु मंत्रिमंडल द्वारा दी गई एड एंड एडवाइस को मानने को बाध्य हैं।

## एलओसी पर मिला आतंकियों के घुसपैठ का ठिकाना

नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर के सांबा जिले के चक फकीरा में बीएसएफ अधिकारियों को एक सुरंग दिखी है। यह इलाका पड़ोसी देश पाकिस्तान की सीमा से करीब है। मामले की जानकारी मिलते ही बीएसएफ अधिकारी अलर्ट मोड पर हैं। सूत्रों का कहना है कि कुछ दिन पहले जम्मू कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ इसी सुरंग से हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, यह सुरंग अंतरराष्ट्रीय सीमा से सिर्फ 150 मीटर की दूरी पर है। यह पाकिस्तान पोस्ट चमन खुर्द से भी सिर्फ 900 मीटर की दूरी पर है बीएसएफ की ओर से विशेष चेकिंग अभियान के दौरान इस सुरंग का पता चला। बीएसएफ के डीआइजी एसपीएस संधु का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह सुरंग हो सकती है जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटी है। अंधेरे के कारण सही तरीके से इसकी जांच नहीं की जा सकी। ऐसे में अब गुरुवार सुबह ही सुरंग की जांच की जाएगी। बता दें कि बीते 22 अप्रैल को जम्मू के सुंजवां इलाके में सीमा पार पाकिस्तान से आए आतंकियों ने ष्ट्रझ्स्न की बस को निशाना बनाया था। इसके तुरंत बाद आतंकियों ने नाके पर तैनात पुलिस वाहन पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी।

# बारिश से नर्म पड़े गर्मी के तेवर

## दिल्ली में ओले गिरे, लू से राहत मिली और पारा भी गिरा; एमपी-यूपी समेत कई राज्यों में बरसे बादल

एजेंसी

नई दिल्ली। दोपहर में दिल्ली के मौसम ने करवट ली और कुछ हिस्सों में तेज आंधी के साथ ओले गिरे। जबकि इलाकों में हल्की बारिश ने गर्मी से थोड़ी राहत दी है। हालांकि आईएमडी ने राजधानी में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी देते हुए यलो अलर्ट जारी किया था।

आईएमडी ने कहा है कि दिल्ली एनसीआर के इलाकों में हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। आईएमडी ने चेतावनी दी है कि दक्षिण अंडमान सागर पर बना चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र डिप्रेशन में बदल सकता है।

### कई राज्यों को लू और गर्मी से मिलेगी राहत

भारतीय मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में दिल्ली, बिहार, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और कर्नाटक सहित देश के कई हिस्सों में बादल छाए रहने और हल्की बूंदाबांदी की भविष्यवाणी की है। वहीं अगले 3 दिनों के दौरान दक्षिणी पश्चिम बंगाल



के झारग्राम, पश्चिम और पुरबा मेदिनीपुर जिलों और दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार के सब हिमालयी जिलों में बारिश की संभावना जताई है।

### मध्य प्रदेश : कुछ शहर तपेंगे, कुछ भीगेंगे

मध्यप्रदेश में मार्च-अप्रैल में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बाद मई का पहला सप्ताह राहत लेकर आया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम का मिजाज बदलेगा। कहीं हल्की बूंदाबांदी होगी तो कहीं बादल छाए रहेंगे। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो जबलपुर-शहडोल संभाग के जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है, जबकि इंदौर, उज्जैन समेत मालवा-निमाड़ के कुछ जिलों में बादल छाए रहेंगे। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में बुधवार दोपहर बारिश हुई। कोरिया, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में तेज अंधड़ के साथ पानी बरसा। सरगुजा संभाग के अधिकतर जिलों में बादल छाए हुए हैं। वहां हल्की धूप भी है। कई जिलों में बरसात की वजह से प्रदेश का मौसम एक महीने पहले जैसा हो गया है। कहीं भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं हुआ है।

### उत्तरप्रदेश : आगरा, नोएडा, मेरठ में बारिश हुई

उत्तर प्रदेश में बारिश का सिस्टम नहीं बनने से गर्मी से राहत नहीं मिली। गोरखपुर, अयोध्या, प्रयागराज और मेरठ में तापमान बढ़ा रहा। मौसम विभाग ने कहा कि सबसे अधिक ज्यादा तापमान झांसी और फतेहपुर में 43.5 डिग्री रहा। हालांकि बुधवार को लखनऊ, आगरा, बुलंदशर, सहारनपुर, मथुरा, नोएडा, मेरठ में बारिश हुई। गुरुवार को राज्य के पूर्वी हिस्से में बहुत हल्की बारिश की संभावना है।

### बिहार : मौसम 5 राज्यों के कारण बदला

बिहार में अचानक बदले मौसम के पीछे 5 राज्यों का कनेक्शन है। इन्हीं के चलते बिहार में बारिश और तेज हवा के साथ आंधी तूफान चल रहा है। पंजाब, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से प्रभावित हो रहे बिहार में तेज हवा के साथ बारिश का सिस्टम एक्टिव हो रहा है। मौसम विभाग ने इस मौसमी कारणों से 24 घंटे का अलर्ट जारी किया है।

### चंडीगढ़ : पारा गिरा, आने वाले दिनों में बढ़ेगी गर्मी

चंडीगढ़ में बुधवार सुबह से मौसम सुहावना बना हुआ है। सुबह कुछ देर की बारिश के बाद से आसमान में बादल छाए हुए हैं। मौसम ठंडा बना हुआ है और बिजली भी कड़क रही है। ऐसे में फिर से एक बार बारिश होने की संभावना है। लोग सुखना लेक, रॉक गार्डन, रोज गार्डन, बर्ड पार्क समेत कई टूरिस्ट स्थानों पर पहुंचे हुए हैं।

### हिमाचल : ओले गिरने से सेब की फसल बर्बाद

शिमला के ठियोग के एक दर्जन गांव में कुदरत ने ऐसा कहर बरपाया है जिससे बागवान अगले कई सालों तक भी नहीं उबर पाएंगे। ओलावृष्टि और तूफान से न केवल सेब के दानों को नुकसान हुआ है, बल्कि पौधों की टहनियां, एंटी हेल नेट और बांस भी तबाह हो गए हैं। ठियोग के केलवी, गड़ाकुफर, मझराणा, करांणा, भरांणा इत्यादि गांव में ओलावृष्टि और तूफान से ज्यादा नुकसान आका गया है।

### तेलंगाना : सड़कों पर भरा बारिश का पानी

हैदराबाद में हफ्तों की चिलचिलाती गर्मी के बाद बुधवार तड़के तेज हवाओं और बिजली गिरने के साथ भारी बारिश हुई। हालांकि पूरे तेलंगाना में भीषण गर्मी से राहत मिली है, लेकिन बारिश से शहर के कई निचले इलाकों में पानी भर गया है। शहर के काला पत्थर और याकूतपुरा जिलों में भी जलजमाव हुआ।

## खेत में लगी आग की चपेट में स्कूल बस

### पंजाब के बटाला में 7 छात्र बुरी तरह झुलसे; शीशे तोड़कर निकाला गया बाहर

**अमृतसर।** पंजाब के बटाला में बुधवार को एक स्कूल बस खेतों में गेहूं के अवशेष में लगाई आग की चपेट में आ गई। बस में सवार 7 स्कूली छात्र आग से बुरी तरह झुलस गए। बस के शीशे तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में झुलसे बच्चों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

सरकार और विभिन्न संस्थाओं की अपील के बावजूद किसान खेतों में फसल के अवशेष में आग लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। बुधवार दोपहर पंजाब के बटाला के नजदीक गांव



बिजलीवाल के पास छुट्‌?टी के बाद एक स्कूली बस बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी। बस में 42 छात्र सवार थे। बस जब गांव बिजलीवाल पहुंची तो वहां किसी ने खेत में गेहूं के नाड़ (फानों) में आग लगा रखी थी। स्थिति यह थी कि सड़क के दोनों ओर के खेतों में गेहूं की फसल के अवशेषों में आग लगी थी। चालक धुएं के कारण आगे कुछ नहीं देख पाया और बस आग लगे खेत में पलट गई। इसके बाद आग ने कुछ ही देर में बस को भी चपेट में ले लिया।

### बच्चों की चीखें सुनकर इकट्ठे हुए राहगीर

बस के लगी आग के बाद बच्चों ने चीख पुकार मचा गई। मासूमों की चीख सुन कर वहां से गुजर रहे राहगीर इकट्‌ठे हो गए। राहगीरों ने बस के शीशे तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला। इतने में ही 7 बच्चे आग से झुलस गए। लोगों ने घायल बच्चों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

### आग ज्यादा होने पर बच्चों को निकालना हो रहा था मुश्किल

मौके पर लोगों ने कहा कि जब यह हादसा हुआ तो मासूमों की चीखें सुनीं नहीं जा रही थी।

वैसे आग से पता नहीं कितने जीव-जंतू और पक्षी जल गए, लेकिन उनके दर्द को किसी ने नहीं सुना। आग इतनी थी कि बच्चों को निकालना मुश्किल हो रहा था।

## कोरोना संक्रमण के मामले फिर बढ़कर 3,000 के पार

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमितों की संख्या में फिर से वृद्धि दर्ज की गयी तथा इस दौरान 3,205 नये मामले दर्ज किये गये जबकि मृतकों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई जो 31 पर जा पहुंची। मृतकों में 29 केरल से हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि देश में एक अरब 89 करोड़ 48 लाख 01 हजार 203 कोविड टीके दिये जा चुके हैं।

मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 3,205 नये मरीज सामने आये हैं, जबकि मंगलवार को 2,568 नये मामले सामने आये थे।



वहीं इस दौरान 2,802 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख 44 हजार 689 मरीज कोविड से उबर चुके हैं।

इस बीमारी से 31 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा 5,23,920 हो गया है। मंगलवार को कोरोना से मरने वालों की संख्या 20 थी। इस समय देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की दर 0.05 प्रतिशत, रिकवरी रेट 98.74 फीसदी तथा मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है। बीते कुछ दिनों से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना के नये मामलों में तेजी के बाद पिछले 24 घंटों के दौरान इनमें फिर से वृद्धि दर्ज की गयी है। राजधानी में सक्रिय मामले 242 और बढ़कर 5,986 पहुंच गए। वहीं 1,171 और लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा 18,54,888 पर पहुंच गया जबकि एक और मरीज की मौत के बाद मृतकों की संख्या 26,176 हो गयी है।

हरियाणा में भी सक्रिय मामले 93 और बढ़कर 2,594 हो गये हैं। इस दौरान 412 लोगों के स्वस्थ होने से महामारी से उबरने वाले मरीजों की कुल संख्या 9,80,718 हो गयी जबकि मृतकों का आंकड़ा 10,619 पर स्थिर है।

केरल में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले 35 घटकर 2,744 हो गए हैं। इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 302 बढ़कर 64,70,418 हो गयी जबकि मृतकों की संख्या में 29 की बढ़ोतरी होने से यह आंकड़ा 69,112 पर पहुंच गया है।

## गरीब से गरीब की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि सरकार गरीब से गरीब लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अवसंरचनाएं तैयार करेगी।

श्री मोदी ने आपदा की दृष्टि से टिकाऊ अवसंरचना (सीडीआरआई) पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने वीडियो संदेश में कहा कि सतत विकास लक्ष्यों का संकल्प यह है कि कोई भी व्यक्ति पीछे नहीं छूटे। इस सत्र को ऑस्ट्रेलिया



के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरीसन, घाना के राष्ट्रपति नाना अड्डो दांक्का अकुफो अड्डो, जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री निरिना राजोएलीना ने भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि अवसंरचना लोगों के लिए होती है और उसका मकसद उन्हें उच्चस्तरीय, भरोसेमंद एवं टिकाऊ सेवाएं समान रूप से प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि किसी भी ढांचागत विकास गाथा के केन्द्र में लोग होने चाहिए और भारत में यही कर रहे हैं।

शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत, परिवहन एवं अन्यान्य क्षेत्रों में बुनियादी सेवाओं के विस्तार एवं उन्नयन के लिए प्रयासरत है।

## एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा था मनसुख की हत्या का मास्टरमाइंड

### सबूत मिटाने को वझे से लिए 45 लाख रुपए

एजेंसी

मुंबई। उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के पास से विस्फोटकों से भरी स्कॉर्पियो बरामद होने और स्कॉर्पियो के मालिक मनसुख हिरेन की मौत के मामले में NIA ने बड़ा खुलासा किया है। बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में दायर एक हलफनामे में NIA ने दावा किया है कि इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा था। शर्मा के कहने पर ही सचिन वझे ने यह साजिश रची और मनसुख को मार कर ठाणे की खाड़ी में फेंक दिया गया। NIA की चार्जशीट के मुताबिक, मनसुख, एंटीलिया केस का सारा राज जानता था। प्रदीप शर्मा उसे इस केस की सबसे कमजोर कड़ी मानता था, इसलिए उसे रास्ते से हटाने की प्लानिंग की गई थी। शर्मा ने इस मामले में अन्य आरोपियों के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय की इमारत में कई बैठकें की थीं, जहां मनसुख को मारने की साजिश रची गई थी। मनसुख की हत्या के बाद एंटीलिया केस में गिरफ्तार सचिन वझे ने प्रदीप शर्मा को 45 लाख रुपए दिए थे, जो उसने हिरेन की हत्या करने वाले कुछ लोगों में बांटे थे।



### शर्मा की जमानत याचिका का किया था विरोध

शर्मा की जमानत याचिका का विरोध करते हुए NIA ने यह भी कहा कि शर्मा निर्दोष नहीं है और आरोप लगाया कि उसने आपराधिक साजिश, हत्या और आतंकी कृत्यों के अपराध किए हैं। न्यायाधीश एएस चंदूरकर और जीए सनप की खंडपीठ ने याचिका पर और सुनवाई के लिए 17 मई की तारीख तय की है।

NIA ने अपने हलफनामे में कहा है कि प्रदीप शर्मा एक गैंग का सक्रिय सदस्य था, जिसने एंटीलिया विस्फोटक केस की साजिश रची थी।

### ऐसे हुआ था मनसुख हत्याकांड का खुलासा

25 फरवरी 2021 को मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया के बाहर विस्फोटकों से लदी एक एसयूवी मिली थी। यह एसयूवी मनसुख हिरेन की थी, जिसे पिछले साल 5 मार्च 2021 को ठाणे के पास एक क्रीक (छोटी नदी) में मृत पाया गया था। जांच में सामने आया है कि शर्मा को डर था कि मनसुख सच्चाई सबसे सामने न ले आए, इसलिए उसकी हत्या कर दी गई।

अगर मनसुख सच बता देता तो शर्मा और वझे के लिए मुश्किलें खड़ी हो जातीं।

NIA ने पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट शर्मा को 17 जून 2021 को गिरफ्तार किया था और फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है। NIA के अनुसार शर्मा और अन्य आरोपियों ने UPA के तहत अपराध किए हैं।

यौन उत्पीड़न

### शिकायत करने पर प्रिंसिपल ने चुप रहने को कहा, महिला आयोग के हस्तक्षेप के बाद मामला दर्ज

## दिल्ली के एमसीडी स्कूल में छात्राओं का यौन उत्पीड़न

एजेंसी

दिल्ली। दिल्ली के भजनपुरा स्थित एमसीडी स्कूल में कथित तौर पर दो लड़कियों के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। इसकी सूचना महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने अपने ट्विटर हैंडल से शेयर की है। स्वाति मालीवाल ने बताया कि एक व्यक्ति दिल्ली के सरकारी स्कूल में दाखिल हुआ और कथित तौर पर लड़कियों का यौन उत्पीड़न किया।

घटना 30 अप्रैल को दिल्ली के एमसीडी स्कूल में हुई थी। सुबह के समय सभी छात्र प्रार्थना के बाद क्लास में टीचर



का इंतजार कर थे। तभी एक अज्ञात व्यक्ति क्लास में घुसा और दो लड़कियों के कपड़े उतार दिए। इसके बाद क्लास के दरवाजे को अंदर से बंद कर दिया और सभी छात्रों के सामने व्यक्ति ने पेशाब कर दिया।

### प्रिंसिपल ने घटना को भूल जाने को कहा

स्वाति मालीवाल ने अपनी शिकायत में कहा कि जब छात्रों ने पूरी घटना की जानकारी टीचर और प्रिंसिपल को दी, तो उन्होंने चुप रहने और भूल जाने के लिए कहा।

### एमसीडी आयुक्त तलब

मालीवाल ने नोटिस जारी करते हुए कहा है आरोपी जल्दी से जल्दी गिरफ्तार हो जाना चाहिए। साथ ही एमसीडी आयुक्त को भी तलब किया गया है। जवाबदेही निश्चित होनी चाहिए। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जांच की जा रही है।

### टीचर और प्रिंसिपल पर एक्शन

स्वाति मालीवाल ने कहा कि आरोपी की डिटेल निकाली जाएं और वो क्लास के अंदर दाखिल कैसे हुआ इसकी जानकारी जुटाई जाए। स्कूल में छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा के क्या इंतजाम हैं।

सीसीटीवी कैमरा अगर लगा है तो 30 तारीख की सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक फुटेज उपलब्ध कराई जाए। पुलिस को सूचना न देने पर टीचर, प्रिंसिपल और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ क्या एक्शन हुआ इसकी भी जानकारी दें।

अगर इसके पहले भी ऐसी कोई घटना हुई है तो उस पर क्या एक्शन हुआ इसकी भी रिपोर्ट उपलब्ध करवाई जाए। इस मामले की जांच की भी पूरी रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

## प्रयागराज में लाशों के साथ रेप करते थे डकैत, सामूहिक हत्याकांड में गिरफ्तार डकैत कर चुके हैं कई वारदात

प्रयागराज। प्रयागराज में बुधवार तड़के गिरफ्तार किए गए डकैतों ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस की पूछताछ में डकैतों ने बताया कि वे महिलाओं को मारने के बाद उनसे रेप भी करते थे। एडीजी प्रेम प्रकाश ने बताया कि पिछले दिनों गोहरी और थरवई में हुए सामूहिक हत्याकांड इसी गैंग ने किए थे। उन्होंने बताया कि गैंग के 7 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 6 डकैत अभी फरार हैं।

### क्या है गोहरी हत्याकांड

फाफामऊ थाना अंतर्गत गोहरी इलाका आता है। यहां 21-22 नवंबर, 2021 की आधी रात एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या कर दी गई थी। मृतकों में पति, पत्नी, बेटी और एक 10 साल




का दिव्यांग लड़का शामिल था। इस घटना में 25 साल की लड़की का शव नग्न अवस्था में पाया गया था। बदमाशों ने बताया कि इस घटना को मोनू, रोहित, पीपी कुमार, नवल, मुर्गी, बुंदेला, आकाश और डेढ़गांव ने अंजाम दिया था। इस घटना में साजिश रचने में भीम, संगीता और नेहा शामिल थी।

थरवई थाना क्षेत्र के खेवराजपुर में 16 अप्रैल एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी गई थी। इस दौरान महिलाओं के साथ रेप की भी बात बदमाशों ने पुलिस से पूछताछ में स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार, इस पूरी घटना में मोनू, रोहित, नवला, पीपी, मुर्गी पांख, बुंदेला, डेभी, आकाश, डेढ़गांव और चिन्टू शामिल थे।

# शार्ट न्यूज

## लोकसभा स्पीकर का फर्जी अकाउंट बना सांसदों को भेजे मेसेज, ओम बिड़ला ने किया सावधान

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा है कि कुछ उपद्रवियों ने उनके नाम पर फर्जी अकाउंट बना लिए हैं और वे दो-तीन नंबरों से सांसदों और अन्य अधिकारियों को मेसेज भेजते हैं। उन्होंने इन नंबरों को भी ट्वीट किया। लोकसभा स्पीकर ने जिन नंबरों को पोस्ट किया वे हैं, 7862092008, 9480918183 and 9439073870. ओम बिड़ला ने लोगों से कहा है कि इन नंबरों से आने वाली कॉल और मेसेज को इग्नोर करें और इसकी जानकारी ऑफिस में भी दे दें। ओम बिड़ला ने कहा कि फेक अकाउंट बनाने वालों ने उनकी फोटो की प्रोफाइल पिक बनाई है और कई सांसदों को मेसेज भेजे हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित अथॉरिटी को मामले की जानकारी दे दी गई है।

## हमारे गठबंधन का नाम सामाजिक न्याय मोर्चा

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने आज विधानसभा में बताया कि सत्ताधारी पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) को अध्यात्मवाद के खिलाफ चित्रित करने के प्रयास जारी हैं, लेकिन पार्टी इस तरह की रणनीतियों के आगे नहीं झुकेगी। विस में चर्चा के दौरान स्टालिन ने कहा कि द्रमुक को अध्यात्मवाद के खिलाफ चित्रित करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन हम इस तरह की दबाव बनाने वाली रणनीतियों के आगे नहीं झुकेंगे। विपक्षी दल अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की इस टिप्पणी, जिसमें कहा गया है कि पेरियार की सरकार, अन्ना की बनाई हुई सरकार कलैगनार के रास्ते पर हैं और कुल मिलाकर यह एक द्रविडियन मॉडल की सरकार है पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि बिना कोई धार्मिक रंग दिए हमारे गठबंधन का नाम धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन दिया गया है।

## हैदराबाद : सीमा शुल्क अधिकारियों ने जब्त की 11.53 करोड़ की हेरोइन

हैदराबाद। हैदराबाद के शमशाबाद में सीमा शुल्क अधिकारियों ने राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर तंजानिया के एक नागरिक से 11.53 करोड़ रुपये तक की 1389 किलो हेरोइन जब्त की। सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक 50 वर्षीय एक तंजानियाई नागरिक, जो 26 अप्रैल को एतिहाद एयरवेज की उड़ान से जोहान्सबर्ग से आरजीआईए पहुंचा, उसी दौरान उसे रोककर पूछताछ की गयी, जिसमें उसने हेरोइन से भरे कैप्सूलों को निगलने का बात स्वीकार की है। अधिकारी ने बुधवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि यात्री को मजिस्ट्रेट के सामने लाया गया। मजिस्ट्रेट की अनुमति के बाद, चिकित्सा पर्यवेक्षण के तहत छह दिनों के लिए यात्री को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया और यहां पर पारदर्शी टेप से चिपके कैप्सूलों में से हेरोइन को जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि इन कैप्सूलों में अंतरराष्ट्रीय ग्रे मार्केट में लगभग 11.53 करोड़ रुपये मूल्य की 1389 किलो हेरोइन जब्त की गई। यात्री को मंगलवार को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया और अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों के मुताबिक, जांच के दौरान पता चला कि यात्री ने तंजानिया में कैप्सूल निगल लिया था। विज्ञप्ति के अनुसार, सूचना मिलने के बाद हैदराबाद शुल्क आयुक्तालय के शुल्क अधिकारियों ने समय पर कार्रवाई की और यात्री को हैदराबाद पहुंचने पर मौके पर पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि आगे की जांच जारी है।

## ओडिशा : ब्रजराजनगर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी

भुवनेश्वर। निर्वाचन आयोग ने ओडिशा में ब्रजराजनगर विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराने के लिए अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी। बीजू जनता दल (बीजद) के विधायक किशोर मोहंती के निधन के बाद ब्रजराजनगर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव कराये जा रहे हैं। अधिसूचना के मुताबिक, नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 11 मई तय की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 12 मई को की जाएगी, जबकि नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 17 मई रखी गई है। चुनाव 31 मई को होंगे और मतगणना 3 जून को होगी। चुनाव की पूरी प्रक्रिया 5 जून तक पूरी कर ली जाएगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन कार्यालय (सीईओ) से सूत्रों ने बताया कि अधिसूचना के साथ पूरे झारसुगुडा जिले और ब्रजराजनगर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार से चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी।

## गांव में घूमे योगी, मिलने वालों का लगा रहा तांता

पंचूर (यमकेश्वर)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखण्ड स्थित अपने पैतृक गांव पंचूर में मंगलवार को करीब 28 वर्ष बाद रात्रि विश्राम किया। उन्होंने बुधवार सुबह सोकर उठने के बाद गाँव की गलियों में सैर की। साथ ही, सुबह से ही आसपास के ग्रामीणों से उनकी मुलाकात का क्रम जारी है। सुबह लगभग पांच बजे योगी गांव में टहलने निकले। वह यहाँ सन्यास आश्रम ग्रहण करने के लगभग 28 वर्ष बाद रात को रुके हैं। आज रात को भी वह यहाँ रुकेंगे। उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड दोनों राज्यों की पुलिस की कड़ी चौकसी के बीच गाँव के लोग, विशेषकर बच्चों में उनके साथ फोटो खिंचवाने की होड़ लगी रही। गाँव में घूमकर आने के बाद उन्होंने घर के बाहर लगे पण्डाल में लोगों से मिलना शुरू किया। योगी आदित्यनाथ के छोटे भाई महेन्द्र सिंह बिष्ट के पुत्र का आज मुण्डन संस्कार (चूड़ा कर्म) कार्यक्रम भी हो रहा है। इसके लिये सभी नाते-रिश्तेदार भी पंचूर पहुंचे हुये हैं।

## ब्रिटिश उप-उच्चायुक्त ने राज्यपाल गुरमीत से की भेंट

देहरादून। भारत में ब्रिटेन की उप-उच्चायुक्त कैरोलिन रोवेट ने बुधवार को यहां उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) से मुलाकात की। राज्यपाल ने रोवेट से आपसी सहयोग से संबंधित विभिन्न विषयों पर बातचीत करते हुए विश्वविद्यालयों के शैक्षिक, तकनीकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के क्षेत्र में शोध एवं अध्ययन पर साझी रणनीति तैयार करने पर बात की। सिंह ने रोवेट को बताया कि उत्तराखंड की महिलाएं स्वयं सहायता समूह के रूप में बेहतर कार्य कर रही हैं। महिला उद्यमियों एवं छात्राओं के लिए इस तरह के क्षेत्र में हो रहे अच्छे कार्यों के विषय मे अनुभव प्राप्त करने की दृष्टि से उत्तराखंड और इंग्लैंड के मध्य आपसी भ्रमण कार्यक्रम बनाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यहाँ ऑर्गेनिक एवं नेचुरल फार्मिंग, मेडिसिनल (औषधीय) पौधों, एरोमेटिक (सगंध) पौधों, मशरूम और किवी की खेती को बढ़ावा देने के लिए आपस में समन्वय एवं सहयोग की सम्भावनाएँ है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में पर्यटन के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। यहां पर होमस्टे, एडवेंचर टूरिज्म, माउंटेन टूरिज्म, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन के क्षेत्र में आपसी साझेदारी के साथ आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने ब्रिटिश उप-उच्चायुक्त को गंगा आरती के लिए भी आमंत्रित किया। राज्यपाल ने इस मौके पर ब्रिटिश उप-उच्चायुक्त को स्मृति चिह्न भेंट किया।

## उत्तराखंड एसटीएफ ने उप्र पुलिस के साथ दबोचा 10000 रुपये का इनामी बदमाश

नैनीताल। उत्तराखंड के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने उधमसिंह नगर के 10000 रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसटीएफ से मिली जानकारी के अनुसार मोनू खां उधमसिंह नगर के किच्छा का शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ हत्या और हत्या के प्रयास के चार मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी किच्छा में पिछले साल हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार हो गया था और तभी से वांछित चल रहा है। उधमसिंह नगर जनपद पुलिस की ओर से आरोपी पर 10000 का इनाम भी घोषित किया गया। एसटीएफ की ओर से आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार आरोपी का पीछा किया जा रहा था। एसटीएफ को पता चला कि आरोपी उत्तर प्रदेश के इस्लाम नगर में छिपा हुआ है। एसटीएफ की ओर से हैं आरोपी को पकड़ने के लिए इस्लामनगर पुलिस के साथ मंगलवार को संयुक्त अभियान चलाया गया। आखिरकार आरोपी को दबोच लिया गया। आरोपी के पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और दो कारतूस भी बरामद किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# लाउडस्पीकर : महाराष्ट्र सरकार सख्त, मुंबई की 135 मस्जिदों पर होगी कार्रवाई



मुंबई। महाराष्ट्र में मस्जिदों पर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल का मुद्दा गर्माया हुआ है। इसी बीच खबर है कि राज्य सरकार मुंबई की सैकड़ों मस्जिदों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। खबर है कि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करने वाली कुछ मस्जिदों की पहचान भी की है। खास बात है कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे के ऐलान के बाद राज्य में पुलिस अलर्ट मोड पर है।

समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, राज्य के गृहविभाग ने कहा है कि मुंबई में कुल 1140 मस्जिदें हैं। इनमें से 135 ने आज लाउडस्पीकर का इस्तेमाल सुबह 6 बजे से पहले किया है। जो भी 135 मस्जिदें सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ गई हैं, उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने जुलाई 2005 में सार्वजनिक स्थानों पर रात 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था।

मनसे प्रमुख ठाकरे के आह्वान के बाद मुंबई और आसपास के शहरों में कड़ी सुरक्षआ व्यवस्था तैनात की गई है। उन्होंने लाउडस्पीकर से अजान के विरोध में हनुमान चालीसा के पाठ की बात कही थी। इधर, पुलिस ने मनसे कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार सुबह नवी मुंबई की सानपाड़ा पुलिस ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के शहर अध्यक्ष योगेश शेटे को हिरासत में लिया है।

भाषा के अनुसार, एक अधिकारी ने बताया कि अधिकतर मस्जिदों में सुबह की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। उन्होंने बताया कि मुंबई पुलिस आयुक्त संजय पांडे समेत सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुरक्षा बलों की तैनाती का जायजा लेने के लिए गश्त पर निकले हैं। कुछ जगहों पर मस्जिदों के बाहर भी पुलिस तैनात की गई है। पुलिस ने विभिन्न मस्जिदों के मौलवियों और न्यासियों के साथ बैठकें भी की और उन्हें उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों तथा ध्वनि प्रदूषण से संबंधित नियमों का पालन करने के लिए कहा।

# संधु ने केदारनाथ में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

रुद्रप्रयाग। उत्तराखण्ड के मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने बुधवार को श्री केदारनाथ धाम में चल रहे निर्माण कार्यों का संबंधित अधिकारियों के साथ जायजा लिया। संधु ने इस दौरान, कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि केदारपुरी में जो भी निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, उन कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीर्ष प्राथमिकता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

डॉ संधु ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि केदारनाथ में यात्रियों की सुविधाओं के दृष्टिगत सुविधाओं को विकसित करना है, तथा जो कार्य किये जा रहे हैं जिसमें तीर्थ पुरोहितों के लिए आवासीय भवन का निर्माण, चिकित्सालय कंट्रोल सेंटर, संगमघाट मंदिर समिति का प्रशासनिक भवन, यात्रियों की सुविधा के लिए रेन शैटर, आस्थापथ का निर्माण कार्य आदि जो भी निर्माण कार्य गतिमान हैं, उन कार्यों को शीघ्रता से शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इसके लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए तथा श्रमिकों के रहने एवं खाने की उचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव द्वारा मंदाकिनी और सरस्वती नदी के दोनों ओर सुरक्षा के प्रावधान के लिए उचित व्यवस्था करने के लिए सचिव पर्यटन और जिलाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मुख्य सचिव को केदारपुरी में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी से अवगत कराया तथा जो भी निर्देश निरीक्षण के दौरान दिए गए हैं, उनका तत्परता के साथ अनुपालन संबंधित कार्यदायी संस्था से कराया जाएगा।

# मौसम ने ली करवट, धूल भरी आंधी ने दिलाई गर्मी से राहत

जींद। हरियाणा के जींद जिले में बुधवार दोपहर को धूल भरी आंधी में होर्डिंग उखड़ कर सड़कों पर आ गिरे और बिजली गुल हो गई।

मौसम में आए बदलाव के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। आकाश में बादल छाए रहे तो हवा की गति तेज होने के साथ-साथ कम गर्म रही जिसने लोगों को गर्मी से काफी राहत दी। बुधवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री, न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम में आर्द्रता 27 प्रतिशत जबकि हवा की गति 14 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। दिन चढ़ने के साथ मौसम उमस भरा हो गया और हवा का मिजाज भी गरम होता चला गया। आकाश में धूल का गुब्बार दिखाई दिया जिसके साथ ही आंधी शुरू हो गई जिसने परेशानी को और बढ़ा दिया। राहत की बात यह रही कि लगभग आधा घंटा तक धूल भरी आंधी चलने के बाद आकाश में बादल दिखाई दिए और बूंदाबांदी के आसार भी बने रहे।

पिछले कुछ दिनों से तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा रहा था। बुधवार को अधिकतम तापमान चार डिग्री लुढक गया और 36 डिग्री पर ठहर गया।

# राज्यों को सौंपे जाएंगे कोविड अस्पताल

## केंद्र सरकार जल्द ही जारी करेगी दिशा-निर्देश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र ने कोरोना की दूसरी लहर के दौरान केंद्रीय एजेंसियों द्वारा बनाए गए कोविड अस्पतालों को राज्यों को सौंपने का फैसला किया है। इस संदर्भ में जल्द ही केंद्रीय एजेंसियों एवं राज्यों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। निशुल्क मिलने वाले इन संसाधनों का इस्तेमाल राज्य अपनी जरूरत के हिसाब से कर सकेंगे। ऐसे अस्पतालों में सामान्य बीमारियों के साथ जरूरत पड़ी तो कोरोना के इलाज में भी हो सकेगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि पिछले साल रक्षा



अनुसंधान एवं विकास संगठन, ईएसआईसी, रेलवे तथा अनेक एजेंसियों ने विभिन्न स्थानों पर अस्पतालों की स्थापना की थी। उनमें वेंटीलेटर एवं अन्य उपकरण थे। ये अस्पताल अभी उसी स्वरूप में हैं पर इस्तेमाल नहीं हो रहे हैं। बड़े राज्य में एक या एक से अधिक ऐसे अस्पताल हैं। मंत्रालय की मानें तो तीसरी लहर के दौरान भी इनके इस्तेमाल की जरूरत नहीं पड़ी। चौथी लहर का खतरा है। लेकिन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को जो फीडबैक मिला है, उसके अनुसार चौथी लहर की आशंका बेहद कम है।

### ऑक्सीजन संयंत्रों का संचालन जारी रखें

केंद्र सरकार ने राज्यों से यह भी कहा है कि कोरोना काल में लगाए गए ऑक्सीजन के पीएसए संयंत्रों का संचालन जारी रखें। दरअसल, तब करीब-करीब हर जिले में पीएसए संयंत्र लगाने की कवायद शुरू की गई थी और बड़े पैमाने पर चालू भी हो गए थे। अब ऑक्सीजन की जरूरत नहीं होने के कारण इनके संचालन में कठिनाई आ रही है।

# स्पाइसजेट के खिलाफ एक्शन में उतरा डीजीसीए, पूरे बेड़े का होगा सुरक्षा ऑडिट

**नई दिल्ली।** हाल ही में स्पाइसजेट विमान में आई गड़बड़ियों के चलते नागर विमानन महानिदेशालय हरकत में आ गया और उसने निर्णय लिया है कि पूरे स्पाइसजेट विमान बेड़े का पूर्ण सुरक्षा ऑडिट किया जाएगा। दरअसल यह सब तब हुआ है जब मुंबई से पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान तूफान में फंस गई थी। घटना के बाद डीजीसीए ने तत्काल उड़ान के चालक दल सहित कई कर्मियों को जांच तक के लिए लंबित कर दिया था।

दुर्गापुर में हुई घटना की जांच अब विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा की जा रही है। इसके बाद मंगलवार को स्पाइसजेट की उड़ानों से जुड़ी दो और घटनाएं सामने आईं। मुंबई से किशनगढ़ के




लिए जाने वाले विमान के इंजन में खराबी के कारण उसके टेक-ऑफ को रोकना पड़ा। स्पाइसजेट के एक प्रवक्ता ने घटना के बाद कहा कि मुंबई से किशनगढ़ जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 2871 तकनीकी समस्या के कारण वापस लौट आई है।

### बैक टू बैक सामने आई घटनाएं

एक अन्य घटना में स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 331 जो चेन्नई से दुर्गापुर के लिए रवाना हुई थी उसको भी इंजन में आई तकनीकी खराबी के चलते टेक ऑफ के एक घंटे बाद वापस चेन्नई लौटना पड़ा। यह विमान एक बोइंग 737 मैक्स था जिसे डीजीसीए ने पिछले अगस्त में फिर से उड़ान भरने के लिए मंजूरी दे दी थी।

### पूरी तरह से होगा सुरक्षा ऑडिट

डीजीसीए प्रमुख अरुण कुमार ने इंडिया टुडे से बातचीत में कहा कि पूरे बेड़े के लिए पूरी तरह से सुरक्षा ऑडिट किया जा रहा है। कमियों को दूर किया जा रहा है। हमें उम्मीद है कि जल्द ही चीजें सुधरेंगी। बोइंग 737 मैक्स से जुड़ी चेन्नई की घटना के मामले में कुमार ने कहा कि बोइंग के साथ एक जांच की जा रही है। इंजन से संबंधित मुद्दे कठिन हैं और उन्हें ठीक करने के लिए समय लगता है।

# दतिया के विकास का रथ अब नहीं रुकेगा : शिवराज

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि दतिया में माँ पीताम्बरा की भव्य रथ-यात्रा की जो शुरूआत हुई है, यह अब लगातार जारी रहेगी। इसके साथ ही दतिया के विकास का रथ भी निरंतर गतिमान रहेगा।

चौहान माँ पीताम्बरा माई के प्राकट्य उत्सव एवं दतिया गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीताम्बरा माई की कृपा और स्वामी जी महाराज के आशीर्वाद से आज दतिया का जो स्वरूप निखरा है, उसमें गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का कठोर परिश्रम भी शामिल है। दतिया के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

इसके पूर्व माँ पीताम्बरा ट्रस्ट की अध्यक्षा और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने भी संबोधित किया। गृह मंत्री एवं स्थानीय विधायक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए अतिथियों का इस ऐतिहासिक अवसर पर उपस्थित होकर रथ-यात्रा का शुभारंभ करने के लिये आभार माना। समारोह में लोक निर्माण राज्य मंत्री एवं दतिया जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश धाकड़, क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय, विधायक श्रीमती रक्षा सिरोनिया, पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह, जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र बुधोलिया सहित जन-प्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

चौहान ने कहा कि डॉ. नरोत्तम मिश्रा के नेतृत्व में उनकी टीम ने नया इतिहास रचने का काम किया है। आज सम्पूर्ण दतिया नगर माई के पीताम्बरी वर्ण में रंगा हुआ है। चहुँओर नर-नारी पीताम्बरी धोती-कुर्ता, गमछा और साड़ी में नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मुझे हर माँ और बेटी में माई के दर्शन हो रहे हैं। चारों दिशाओं से श्रद्धालु दतिया की ओर भक्ति में मग्न होकर चले आ रहे हैं।

चौहान ने कहा कि दतिया में 87 साल बाद माई के प्राकट्य उत्सव पर प्रारंभ की जा रही रथ-यात्रा सदैव चलती रहेगी। दतिया का गौरव निरंतर बढ़ता रहेगा। चहुँओर विकास की बयार बहती रहेगी। दतिया में विमान भी उतरेंगे, लॉ कॉलेज भी खुलेगा, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल भी खुलेगा, कहीं कोई कमी नहीं रहने दी जायेगी। माई के रथ के साथ विकास का रथ भी चलता रहेगा।

चौहान ने कहा कि सरकार ने हर गाँव-शहर के विकास के लिये गौरव दिवस मनाने का फैसला किया। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने माँ पीताम्बरा के प्राकट्य उत्सव को गौरव दिवस के रूप में मनाने का अद्भुत निर्णय लेकर इतिहास रच दिया। गौरव दिवस पर आयोजित रथ-यात्रा अनादि काल तक चलती रहेगी।

चौहान ने दतिया पीताम्बरा पीठ पहुँचकर माँ पीताम्बरा की पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश के विकास और उन्नति की प्रार्थना की।

# शिअद की बंदी सिखों की रिहाई के लिये एकजुट होने की अपील




चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने सजा पूरी होने के बाद भी जेल में बंद बंदी सिखों (सिख कैदियों) की रिहाई को लेकर आंदोलन चलाने के लिए सभी पंथक संगठनों से एकजुट होने की अपील की।

बादल ने आज यहां पत्रकारों से कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के प्रधान से मानवीय आधार पर सिख बंदियों को मुक्त कराने के लिए दुनिया भर के पंजाबियों की मांग पर एक संयुक्त रणनीति तैयार करने के लिए पंथक संगठनों की बैठक बुलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारे बीच व्यक्तिगत और राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन बंदी सिखों के हितों के लिए उन्हें दरकिनार कर एकजुट होना चाहिए।

बादल ने कहा कि अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह को इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर पंथक एकता के लिए एक स्वर होकर इस दिशा में अगुवाई करने के लिए धन्यवाद दिया, क्योंकि यह मुद्दा दुनिया भर के सिखों की भावनाओं से संबंधित है।

उन्होंने कहा कि बंदी सिखों की रिहाई अक्टूबर 2019 में श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के अवसर पर होनी थी, लेकिन रिहाई को मंजूरी देकर केंद्र सरकार ने रिहा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि लगभग 50 सिख कैदी जो देश भर की विभिन्न जेलों में बंद हैं और उन सभी को तुरंत रिहा किया जाना चाहिए।

उनके अनुसार भाई बलवंत सिंह राजोआणा की रिहाई का रास्ता भी साफ हो गया है। दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार प्रो. भुल्लर की रिहाई को रोक लगा रही है और सरकार के सजा समीक्षा बोर्ड इस मामले में फैसला नही ले रहा है।

आप पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान इस मामले में सिख समुदाय को इस बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए।

इस अवसर पर बलविंदर सिंह भूंदड़, प्रो. प्रेम सिंह चंदूमाजरा, सिकंदर सिंह मलूका, डॉ. दलजीत सिंह चीमा, विरसा सिंह वल्टोहा, अमरजीत सिंह चावला, भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल, करनैल सिंह पीर मोहम्मद और हरचरन सिंह बैंस भी मौजूद थे।

# कांग्रेस अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही: जयराम ठाकुर

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश में हुए अभूतपूर्व विकास के बावजूद कांग्रेस के नेता प्रदेश के विकास को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पूरे देश ने कांग्रेस पार्टी को सिरे से नकार दिया है तथा आज कांग्रेस अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। मुख्यमंत्री ने आज सोलन जिले के कसौली विधानसभा क्षेत्र के परवाणू में लगभग 218 करोड़ रुपये लागत की 20 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए। धर्मपुर में जल शक्ति मंडल और गड़खल में 20 बिस्तरों की क्षमता वाले उपमंडल आयुर्वेदिक अस्पताल खोलने की घोषणा की।



परवाणू में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बुरी तरह से पराजय का सामना करना पड़ा तथा उत्तर प्रदेश में पार्टी केवल दो सीटों पर ही सिमट कर रह गई। पंजाब में भी कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि अब इस वर्ष नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों में प्रदेश की जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी। आप पार्टी के नेता भी प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे हैं, लेकिन जनता उनके झूठे वादों के बहकावे में नहीं आएगी। प्रदेश के अन्य भागों के साथ-साथ परवाणू क्षेत्र का भी समग्र विकास सुनिश्चित हुआ है। राज्य सरकार ने समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं।

अपनी उपलब्धियों को बखान करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री हिमाचल हेल्थकेयर योजना (हिमकेयर) के तहत पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा किया जाता है। यह योजना प्रदेश के लोगों विशेषकर गरीबों और पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए वरदान साबित हुई है। शगुन योजना के अन्तर्गत बीपीएल परिवारों की बेटियों को शादी के समय 31,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजना के अन्तर्गत राज्य के युवाओं को स्वरोजगार शुरू करने के लिए एक करोड़ रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पात्र वर्गों को इस राशि पर 35 प्रतिशत तक उपदान भी प्रदान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि राज्य के इतिहास में पहली बार सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि प्रति माह 125 यूनिट तक की बिजली खपत पर बिजली उपभोक्ताओं से जीरो बिल वसूला जाएगा। प्रदेश सरकार ने हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में महिला यात्रियों को किराए में 50 प्रतिशत छूट देने का भी निर्णय लिया है।

# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान जैसे पांच और प्रतिष्ठान बनाये जायेंगे: प्रधान

उज्जैन। केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान जैसे देश में पांच और प्रतिष्ठान बनाये जायेंगे। संस्थान में पढ़ने वाले वैदिक छात्रों को बोर्ड परीक्षा से प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराये जायेंगे।

प्रधान ने आज यहां चिन्तामन गणेश रोड स्थित महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान परिसर में नवनिर्मित यज्ञशाला, ऑडिटोरियम, कम्प्यूटर लेब तथा स्मार्ट कक्षा के भवनों का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि वेदों का देश में व्यापक प्रचार-प्रसार हो, इसका भी प्रयास किया जा रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विभिन्न विषयों के साथ-साथ वेद का पठन-पाठन भी होगा। इस प्रकार की व्यवस्था राष्ट्रीय शिक्षा नीति में की गई है। वेद के ज्ञान को आगे बढ़ाया जायेगा।

प्रधान ने कहा कि कई वर्षों के बाद राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 बनाई गई है। हमारे वेद कालजयी हैं। उन्होंने कहा कि भारत के वेद विद्यार्थी उज्जैन के महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान में एक वार्षिक सम्मेलन आयोजित कर चिन्तन-मनन करें। इस हेतु भारत सरकार आर्थिक बजट उपलब्ध करायेगा। संस्थान परिसर में आधुनिक परिसर बनाये जाने का प्रयास किया जायेगा।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने मध्यप्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव से कहा है कि परिसर को और व्यापक बढ़ाने के लिये भूमि उपलब्ध कराई जाये।

वे इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री से भी चर्चा की जायेगी। वेदशाला में वेदों के अध्ययन के लिये बटुकों के अलावा बेटियों को भी वेद को पढ़ाया जाये।

## शार्ट न्यूज

### अब निर्माण कार्य से जुड़े मजदूर भी कर सकेंगे बस में मुफ्त सफर, केजरीवाल सरकार ने किया ऐलान

विवेक राय गौरवशाली भारत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने बुधवार को निर्माण कार्य से जुड़े मजदूरों को राहत देते हुए बड़ा ऐलान किया है। महिलाओं के बाद अब निर्माण श्रमिक भी दिल्ली की बसों में मुफ्त में सफर कर सकेंगे। दिल्ली में निर्माण श्रमिकों को राहत देते हुए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को कहा कि केजरीवाल सरकार ने उन्हें उनके रोजाना आवागमन के लिए मुफ्त बस पास प्रदान करने का निर्णय लिया है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक समारोह में सिसोदिया ने कुछ निर्माण श्रमिकों को मुफ्त पास बांटे। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली में 10 लाख श्रमिकों का पंजीकरण किया गया है। पिछले एक साल में केजरीवाल सरकार ने 10 लाख पंजीकृत श्रमिकों (विभिन्न कल्याण योजनाओं के तहत) के बीच 600 करोड़ रुपये वितरित किए जो कि पूरे देश में श्रमिकों के बीच वितरित की गई सबसे अधिक राशि है। मनीष सिसोदिया ने श्रमिकों से कहा कि बस पास मुफ्त किए जाने के बाद वे बचाए गए धन को अपने परिवार पर खर्च करें न की अन्य चीजों पर बर्बाद करें। सिसोदिया ने कुछ लाभार्थियों से बातचीत की, जिन्होंने उन्हें बताया कि वे अपने कार्यस्थलों की यात्रा पर प्रति माह सैकड़ों रुपये खर्च करते थे। आपको बता दें कि निर्माण श्रमिकों में राजमिस्त्री, पेंटर, वेल्डर, बढ़ई, क्रेन ऑपरेटर आदि शामिल हैं जो अब मुफ्त में बस में सफर कर सकते हैं।

### थाना फेस-1 पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ किया गिरफ्तार

नोयडा। थाना फेस–1 पुलिस ने बुधवार को एक अभियुक्त इरफान पुत्र शफी निवासी गांव वजीराबाद गली नंबर 9 दिल्ली स्थायी पता गांव शाहपुर थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर को थाना क्षेत्र के जामा मस्जिद के पास सेक्टर–8 नोएडा से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा बरामद किया है।अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है।जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### थाना सेक्टर-58 पुलिस ने जनता के लोगों की सहायता से एक चोर को किया गिरफ्तार

नोयडा। थाना सेक्टर–58 पुलिस ने बुधवार को जनता के लोगों की सहायता से बिल्डिंग से पानी की टंकी से टोंटी चोरी करने वाला चोर नीरज सिंह बिष्ट पुत्र रंजीत सिंह बिष्ट निवासी ग्राम भाडी कोट भीलेसिंह बतरोज खान जिला अलमोडा उत्तराखण्ड को थाना क्षेत्र के हिमगिरी बिल्डिंग बी–131 सेक्टर–62 नोएडा से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने चोरी की 32 टोंटी बरामद की है। वादी निपुण कपूर ने थाना सेक्टर–58 नोएडा पर सूचना अंकित करायी कि वह हिमगिरी बिल्डिंग बी–131 सेक्टर–62 नोएडा का इन्चार्ज के रूप में कार्यरत है। 3 मई 2022 को समय करीब 9 बजे रात को ओमप्रकाश ने फोन कर उसे बताया की एक चोर बिल्डिंग में घुसा है और पानी की टोंटीयों को तोड़ने की आवाज आ रही है इस सूचना पर वादी व गार्ड पंकज कुमार तथा ओमप्रकाश को साथ ले जा कर देखा की एक चोर पानी की टंकी की टोंटियां एक कपड़े में बांध रखी है। उक्त सभी लोगों को देखकर उसने भागने की कोशिश की इनके द्वारा उसे पकड लिया गया एवं कपड़े में बंधी टोंटियां खोल कर देखी गयी तो कुल 32 टोंटी जिनमें प्लास्टिक के पाइप लगे है। अभियुक्त शातिर किस्म का चोर है।जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### इकोटेक थ्री पुलिस ने एक गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार, कब्जे से 2 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद

ग्रेटर नोएडा। थाना इकोटेक थ्री पुलिस ने बुधवार को चेकिंग के दौरान एक गांजा तस्कर अजीत उर्फ जीत पुत्र बृजपाल कश्यप निवासी गली नंबर–1 सुत्याना थाना ईकोटेक थ्री जनपद गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के दादरी–नोएडा मैनरोड के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने 2 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया है। अभियुक्त शातिर किस्म का गांजा तस्कर है।जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### 14 मई 2022 को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

आनंद राय गौरवशाली भारत

ग्रेटर नोएडा। जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर सुहास एल वाई ने समस्त जनपद वासियों का आह्वान करते हुये उन्हें जानकारी दी है कि आगामी 14 मई 2022 द्वितीय शनिवार को पूरे जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय एवं तहसील स्तरीय न्यायालयों में होने जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुये बताया कि आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामलें, बिजली व प्राधिकरणों के जल भुगतान से सम्बन्धित मामलें, धारा 138 एनआई एक्ट के वाद, भू–राजस्व वाद, सेवा संबंधित मामले एवं प्री–लिटीगेशन मामलों के साथ–साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद जिसमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन संधि के लिए इच्छुक हो, वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण किये जाएंगे। अतः अधिक से अधिक सख्या में पहुॅच कर आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें ।उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में समस्त तैयारियॉ समय रहते पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जायें, ताकि आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जा सकें और राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए लम्बित/चिन्हित/निस्तारण योग्य वादों/प्रकरणों की सूचनायें निर्धारित प्रारूप एवं ई–मेल dlsa.gbnnoida@gmail.com पर यथाशीघ्र सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद गौतमबुद्धनगर व अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें।

### अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से टेलरिंग शॉप योजना संचालित

ग्रेटर नोएडा। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/जिला प्रबंधक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड गौतमबुद्धनगर संजय कुमार व्यास ने अनुसूचित जाति के व्यक्तियों/परिवारों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं विकास निगम लिमिटेड द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों/परिवार को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से टेलरिंग शॉप योजना संचालित की जा रही है। उन्होंने योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उक्त योजना का लाभ ऐसे व्यक्तियों को दिया जाएगा, जिनकी ग्रामीण क्षेत्र की वार्षिक आय 46080 रुपए एवं नगरीय क्षेत्र में वार्षिक आय 56460 रुपए से कम हो। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत अनुसूचित जाति के आर्थिक उत्थान के लिए विभाग द्वारा टेलरिंग शॉप योजना संचालित है। योजना के तहत अनुसूचित जाति के पात्र युवक–युवतियों (शहरी एवं ग्रामीण दोनों) को उद्यमी बनाकर स्वावलंबी बनाए जाने के लिए इस योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना की अधिकतम परियोजना लागत 20,000 रुपए है, जिसमें 10,000 रुपए का अनुदान तथा शेष धनराशि 10,000 रुपए ब्याज मुक्त ऋण के रूप में देने का प्राविधान है एवं आवेदन करने के लिए आधार कार्ड, पहचान पत्र, दो फोटो तथा तहसील स्तर से प्राप्त आय, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र आदि संलग्न करने आवश्यक है।

## बिल्डर हत्याकांड : बदला लेने और लूटपाट के लिए ली थी बुजुर्ग की जान

नई दिल्ली। दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में बुजुर्ग बिल्डर राम किशोर अग्रवाल की हत्या के पीछे का मकसद बदला और लूटपाट था। इस बात का खुलासा दोनों नाबालिगों ने पुलिस पूछताछ में किया है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर बुजुर्ग के कमरे से लूटे गए 10.37 लाख रुपये, स्वर्ण आभूषण और विदेशी मुद्रा बरामद की है। इसके अलावा लूट की रकम से खरीदे गए फोन को भी जब्त कर लिया है।

बता दें कि बीते रविवार की सुबह सिविल लाइंस स्थित घर में 76 वर्षीय राम किशोर अग्रवाल की चाकू से वारकर हत्या कर दी गई थी। घर की हालत देखकर लूटपाट की बात सामने आई थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के सहारे आरोपियों का पीछा किया और मेट्रो स्मार्ट कार्ड से सुराग जुटाकर पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई। पुलिस ने मुख्य आरोपी नाबालिग 16 वर्षीय रवि (परिवर्तित नाम) को राजीव चौक एवं दूसरे साथी 17 वर्षीय सूरज (परिवर्तित नाम) को मुकुंदपुर से पकड़ लिया।

दरअसल, पुलिस को रवि के मेट्रो स्मार्ट कार्ड की जानकारी मिल गई थी। रवि मंगलवार को वजीराबाद स्थित घर से ई–रिक्शा से विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पहुंचा और स्मार्ट कार्ड का इस्तेमाल कर स्टेशन के अंदर गया। उसे चांदनी चौक से मोबाइल खरीदना था और टैटू बनवाना था। स्मार्ट कार्ड का इस्तेमाल होते ही दिल्ली पुलिस सक्रिय हो गई। वह चांदनी चौक इलाके से काम खत्म करने के बाद घूमने के लिए राजीव चौक पहुंचा जहां से उसे दबोच लिया गया।



### चोरी के आरोप में निकाला था

जांच में रवि ने बताया कि बुजुर्ग बिल्डर के घर पर उसके पिता कई वर्षों से ड्राइवर की नौकरी करते थे। वर्ष 2020 में कोविड के कारण बुजुर्ग के नौकर घर छोड़कर भाग गए तो पिता के कहने पर रवि बुजुर्ग के घर काम करने लगा। लेकिन, काम के समय को लेकर वह आए दिन घर में विवाद करता था। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि राम किशोर अग्रवाल ने उसपर चोरी का आरोप लगा कर नौकरी से निकाल दिया। इसके साथ ही उसके पिता को भी काम से हटा दिया था।

### गांव के दोस्त साथ मिलकर रची साजिश

नौकरी से हटने के बाद रवि वजीराबाद स्थित अपने घर में रहकर छोटा मोटा काम करता था। वह कुछ माह पहले मधुबनी अपने गांव गया जहां सूरज से मुलाकात हुई। दोनों ने कुछ बड़ा काम करने की योजना बनाई। सूरज भी दिल्ली आ गया। चूंकि रवि को मालूम था कि बुजुर्ग के कमरे में काफी नकदी रखी रहती है। इसलिए उसे ही निशाना बनाने की योजना तैयार की ताकि उससे बदला भी लिया जा सके।

### गूगल-यू ट्यूब से सीखी बाइक चोरी करने की तकनीक

दोनों ने 29 अप्रैल को वजीराबाद इलाके से बाइक चोरी की। इसके लिए गूगल और यू–ट्यूब पर बाइक चोरी करने की तकनीक सीखी। फिर क्राइम पेट्रोल और अन्य अपराध पर आधारित सीरियल देखकर हत्या की योजना तैयार की। रवि को मालूम था कि सुबह छह बजे तक राम किशोर अग्रवाल अपने कमरे का दरवाजा खोल देते हैं। इसलिए शनिवार रात को बाइक छोड़ दी ताकि सुबह लेकर आने में दिक्कत न हो। हत्या करने के बाद दोनों बाइक से वजीराबाद की तरफ भागे। फिर अपने कपड़ों और खून से सने चाकू को यमुना नदी में बहा दिया और मुकुंदपुर में लिए गए किराए के मकान में रहने के लिए चले गए।

### मुकदमा चलाने की अपील करेगी पुलिस

दिल्ली पुलिस नए नाबालिग कानून के तहत आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के सामने अपील करेगी। इसके तहत जघन्य अपराध में शामिल 16 साल से अधिक उम्र के नाबालिगों पर विशेष परिस्थितियों में वयस्कों की तरह मुकदमा चलाने का प्रावधान है। यह निर्णय बोर्ड करता है।

## हौज खास बना सर्वश्रेष्ठ मेट्रो स्टेशन

प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के हौज खास मेट्रो स्टेशन को दिल्ली/एनसीआर में 250 से अधिक मेट्रो स्टेशनों में से सर्वश्रेष्ठ स्टेशन के लिए वार्षिक प्रबंध निदेशक शील्ड से सम्मानित किया गया है सरिता विहार डिपो ने सर्वश्रेष्ठ डिपो का पुरस्कार प्राप्त किया है।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) ने मंगलवार को अपने 28वें स्थापना दिवस के मौके पर कंपनी के मुख्यालय मेट्रो भवन में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किए। इस समारोह में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव और डीएमआरसी के अध्यक्ष मनोज जोशी और दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव नरेश कुमार भी मौजूद थे। स्थापना दिवस के मौके पर प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) गुरमूरत सिंह को मेट्रो मैन ऑफ द ईयर चुना गया जबकि वरिष्ठ स्टेशन प्रबंधक अथवा लाइन पर्यवेक्षक अंजु खेत्रपाल को मेट्रो वुमेन ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनके अलावा उत्कृष्ट कार्य के लिए अन्य 46 कर्मचारियों को प्रबंध निदेशक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मनोज जोशी ने डीएमआरसी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा, देश में डीएमआरसी जैसी कुछ ही परियोजनाएं हैं जिनका निर्माण और संचालन अच्छे तरीके से चल रहा है। डीएमआरसी की सफलता के पीछे का कारण शायद मानव संसाधन प्रबंधन का मूल तरीके और अच्छा नेतृत्व है। नरेश कुमार ने कहा, अगर दिल्ली मेट्रो नहीं होती तो दिल्ली आज जैसी न होती। आजादी के बाद पिछले 75 सालों में इंजीनियरिंग की उपलब्धियों को देखें तो दिल्ली मेट्रो शायद प्रमुख पांच उपलब्धियों में शामिल होगी।



डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने कहा, आज हम दुनिया में सबसे अत्याधुनिक मेट्रो नेटवर्क में से एक का संचालन कर रहे हैं जो पूर्ण रूप से समय के पाबंद मेट्रो नेटवर्क में से एक है। दिल्ली मेट्रो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लोगों के जीवन का एक हिस्सा बन गयी है। डीएमआरसी ने तेजी से आर्थिक विकास के एक नए युग की शुरुआत के साथ बेहतर जीवन, आरामदायक यात्रा और रोजगार सृजन में मदद की है।

## सेक्टर-87/91 की डिवाइडिंग रोड को मानेसर से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण शुरू

**गुरुग्राम।** सेक्टर–87, 88, 89, 90 और 91 में रहने वाले लोगों का मानेसर तक सफर जल्द सुगम होगा। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) ने सेक्टर–87/91 की डिवाइडिंग रोड को मानेसर से जोड़ने वाली सड़क का निर्माण शुरू कर दिया है। 145 मीटर हिस्से का जीएमडीए की ओर से नवनिर्माण कराया जा रहा है। सड़क का एक तरफ का हिस्सा बनकर तैयार हो गया है। जल्द दूसरी तरफ के हिस्से को भी बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। मिट्टी डालकर सड़क के दूसरी तरफ का लेवल भी बराबर कर दिया गया है। जीएमडीए के अधिकारियों के अनुसार मई माह के अंत तक इस रोड का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण होने से सड़क पूरी तरह गड्ढा मुक्त हो जाएगी। जमीनी अड़चन के चलते सड़क के इस हिस्से का पलने निर्माण नहीं हो पाया था। जिस वजह से इस हिस्से से निकलने के दौरान लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों को इस हिस्से से गुजरने के दौरान हिचकोले खाने पड़ते थे। वहीं हर समय हादसों का भी खतरा बना रहता था। सबसे ज्यादा परेशानी दो पहिया वाहन चालकों को होती थी। बारिश के दौरान जलभराव की वजह से स्थिति और भी ज्यादा खराब रहती थी। मानेसर जाने के लिए नए सेक्टरों में रहने वाले हजारों की संख्या में लोग इस सड़क का इस्तेमाल करते हैं। इसके बनने से हजारों लोगों को राहत मिलने सहित उनका सफर पहले से सुगम हो सकेगा। नए गुरुग्राम के सेक्टर 77, 78, 79, 78/79ए की डिवाइडिंग रोड के ऊपर से गुजर रही बिजली की 11केवीए की हाई टेंशन बिजली लाइन को जीएमडीए जल्द शिफ्ट करवाएगा।

## दिल्ली-एनसीआर में बदला मौसम, कई इलाकों में बारिश व ओले गिरे; गर्मी से मिली राहत

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला है। दिल्ली के कुछ हिस्सों में बुधवार दोपहर को बारिश के साथ ओले गिरे। रोहिणी, पीतमपुरा और पश्चिम विहार के निवासियों ने दोपहर दो बजे के करीब ओले गिरने और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की सूचना दी। इसके अलावा, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा के कई अलग–अलग इलाकों में बारिश हुई। दिल्ली एनसीआर में बदले इस मौसम से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। इससे पहले सुबह में भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली–एनसीआर में धूलभरी आंधी, गरज के साथ बारिश होने या ओले गिरने के साथ 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया था। बाद में इस चेतावनी को ऑरेंज श्रेणी में तब्दील कर दिया गया था। दिल्ली के बेस स्टेशन सफदरजंग वेधशाला में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा तो वहीं, न्यूनतम तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस साल के सामान्य तापमान से चार डिग्री अधिक था। आईएमडी ने कहा था कि पश्चिमोत्तर भारत को प्रभावित करने वाले पश्चिमी विक्षोभ के परिणाम स्वरूप, अगले तीन दिनों के लिए राजधानी में बादल छाए रहने की भविष्यवाणी की गई है।

### हरियाणा और पंजाब के कई हिस्सों में हुई बारिश

बुधवार को हरियाणा और पंजाब के कुछ हिस्सों में बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्म मौसम से राहत मिली। चंडीगढ़ से लगे पंजाब के मोहाली और हरियाणा के पंचकुला में भी बारिश हुई। चंडीगढ़ समेत पंजाब और हरियाणा में ज्यादातर जगहों पर अधिकतम तापमान पिछले कई दिनों से सामान्य से ऊपर बना हुआ था। चंडीगढ़ निवासी ललित गोयल ने कहा कि चिलचिलाती गर्मी के बाद बारिश ने स्वागत योग्य राहत दी है।

## रैपिड रेल के लिए सुरंग बनाने के काम ने रफ्तार पकड़ी

गाजियाबाद। कार्यालय संवाददाता। रैपिड रेल के लिए सुरंग बनाने के काम ने रफ्तार पकड़ ली है। इसके लिए तेजी से काम चल रहा है। आनंद विहार से साहिबाबाद बीईएल चौराहे तक दो किलो मीटर लंबी सुरंग का काम भी जल्दी शुरू होगा। इसके लिए मशीन आने लगी हैं। रैपिड रेल बीईएल चौराहे पर सुरंग से बाहर निकलेगी। 82 किमी लंबे दिल्ली–गाजियाबाद–मेरठ कॉरिडोर पर दिल्ली और मेरठ में चार भूमिगत स्टेशन हैं। स्टेशन निर्माण के तहत सुरंग बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई। दिल्ली में केवल आनंद विहार स्टेशन भूमिगत होगा। आनंद विहार में न्यू अशोक नगर की ओर सुरंग का कार्य टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) से किया जा रहा है। वहीं साहिबाबाद की तरफ सुरंग बनाने के लिए स्टेशन के दोनों ओर लॉन्चिंग शाफ्ट बनाए जाएंगे। साहिबाबाद की तरफ सुरंग निर्माण के लिए एक और टीबीएम लॉन्चिंग शाफ्ट का निर्माण आनंद विहार स्टेशन के पास चल रहा है। आनंद विहार से साहिबाबाद बीईएल चौराहे तक सुरंग बनाई जाएगी। यहां रैपिड रेल सुरंग से बाहर निकलेगी। यहां के बाद मेरठ में सुरंग बनाई जा रही है। साहिबाबाद से दुहाई के बीच 17 किलोमीटर का प्राथमिकता खंड मार्च 2023 तक चालू हो जाएगा। इसका ट्रायल रन इस साल शुरू होने की उम्मीद है। प्राथमिक खंड में साहिबाबाद से गाजियाबाद तक करीब साढ़े आठ किलोमीटर लंबा वायडक्ट बनकर तैयार हो गया। द्वसुरंग बनाने की प्रक्रिया में 90 मीटर लंबी टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) (सुदर्शन) का प्रयोग किया जा रहा है। इसमें कटर हेड, फ्रंट शील्ड, मिडिल शील्ड, टेल शील्ड, इरेक्टर, स्क्रू कंवेयर और कई अन्य महत्वपूर्ण भाग शामिल हैं। टीबीएम द्वारा टनल सेगमेंट्स की मदद से जमीन के अंदर टनल के रिंग बनाए जाते हैं।

टनल रिंग बनाने के लिए आमतौर पर सात टनल सेगमेंट्स का उपयोग किया जाता है। कास्टिंग यार्ड में गुणवत्ता के साथ सुरंग सेगमेंट्स का निर्माण किया जा रहा है।

बड़े रोलिंग स्टॉक और 180 किमी प्रति घंटे की उच्च डिजाइन गति के कारण देश में अन्य मेट्रो प्रणालियों की तुलना में रीजनल रैपिड ट्रांजिस्ट सिस्टम (आरआरटीएस) टनल को अधिक बड़ा बनाया है।

## सेक्टर-12ए में दो दिन से हो रही दूषित पानी की आपूर्ति

एजेंसी

**गुरुग्राम।** शहर के सेक्टर व कॉलोनियों में गंदे पानी की आपूर्ति की शिकायतें कम नहीं हो रही है। शहर के सेक्टर–12ए में पिछले दो दिन से गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। इस कारण स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों की तरफ से कई बार निगम में इसकी शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। घरों में गंदे पानी की आपूर्ति होने से लोगों को पीने का पानी खरीदकर पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। सेक्टर–12ए के निवासी भारत ने बताया कि उनके यहां पिछले दो दिन से घरों में गंदा पानी सप्लाई हो रहा है।

## अब शाहीन बाग में बुलडोजर चलाने की तैयारी, तुगलकाबाद में हटाया अतिक्रमण

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली नगर निगम ने अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाने की तैयारी कर ली है। दरअसल, एसडीएम ने चार मई से लेकर 13 मई तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इसी क्रम में बुधवार को दक्षिण दिल्ली नगर निगम ने तुगलकाबाद के कर्णी सिंह शूटिंग रैंज के इलाके में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की।

इसके अलावा ओखला और शाहीन बाग में अतिक्रमण हटाने के लिए एनडीएमसी ने एक्शन प्लान जारी किया है। ऐसे में 9 मई को शाहीन बाग में बुलडोजर चलने की खबर है।



शाहीन बाग समेत दिल्ली के आठ अलग–अलग इलाकों में भी एमसीडी के बुलडोजर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। निगम में स्थायी समिति के उप अध्यक्ष राजपाल सिंह ने बताया कि नगर निगम दक्षिण दिल्ली के कई हिस्सों में 4 मई से यानी बुधवार से ही 13 मई तक अतिक्रमण के खिलाफ अभियान का पहला चरण शुरू करेगी। इस संबंध में दक्षिण और दक्षिण पूर्व डीसीपी को पत्र लिखा गया है।

वहीं, नगर निगम उपायुक्त ने दक्षिणी व दक्षिण–पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त को पत्र लिखकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध कराने की मांग की है। सेंट्रल जोन के चेयरमैन राजपाल सिंह ने बताया कि पहले चरण में चार से 13 मई तक कार्रवाई होगी। जल्द ही अगले चरण का एक्शन प्लान भी तैयार किया जाएगा।

बता दें कि हनुमान जयंती वाले दिन दिल्ली के जहांगीरपुरी में शोभा यात्रा के दौरान पत्थरबाजी के बाद दो समुदायों में झड़प हो गई थी।

इस हिंसा के बाद जहांगीरपुरी में अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर बुलडोजर चला था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने बाद में इस कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।

## ग्राम लडपुरा बनेगा स्मार्ट विलेज, कराई जाएंगी ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध

### एक छत के नीचे ग्रामवासियों को मिलेगा प्रदेश सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के ग्राम लडपुरा में 7 करोड़ 10 लाख रुपए की धनराशि से होने वाले विकास कार्य से बनने वाले स्मार्ट विलेज का शुभारंभ बुधवार को ग्रामवासियों व प्राथमिक विद्यालय में तैनात अध्यापिकाओं से कराया। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि दूसरे चरण में प्रदेश सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ एक छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएंगी।




बुधवार को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने 21 लाख की धनराशि से उपरोक्त ग्राम में स्थित विद्यालय के मरम्मत के कार्य का भी शुभारंभ किया।इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीनियर मैनेजर आदि उपस्थित सभी अधिकारियों को उपरोक्त विद्यालय में शीघ्र सोलर प्लांट लगाए जाने के भी आदेश निर्गत किए।

स्मार्ट विलेज में वाटर सप्लाई, पंप हाउस की मरम्मत तथा नई सीवर का कार्य, नाली निर्माण का कार्य, सड़क निर्माण, बारात घर की मरम्मत के कार्य के साथ–साथ तालाब की साफ–सफाई व पंचायत घर में स्वास्थ्य केंद्र की मरम्मत के कार्य भी किए जाएंगे। प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बीच जाकर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह द्वारा उनकी कुशल क्षेम जानी गई।इस मौके पर धर्मेंद्र भाटी,अमित भाटी,उमेश भाटी, रविंद्र सिंह,राजेंद्र पंडित,नीरज शर्मा, प्रवीण शर्मा, सर्वेंद्र कपासिया,विजय भाटी,मनोज भाटी, गजराज सिंह,चंद्रभान शर्मा,पन्नी शर्मा,रिछपाल शर्मा,नरेंद्र शर्मा,कपिल भाटी, मनोज भाटी सिरसा, मनोज भाटी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## गाजियाबाद : 20 साल पुरानी वैन का बच्चों को स्कूल पहुंचाने में इस्तेमाल

गाजियाबाद। गाजियाबाद में 20 साल पुरानी वैन से बच्चों को स्कूल लाया जा रहा है। संभागीय परिवहन विभाग की जांच में यह खुलासा हुआ। इस तरह के वाहनों को परिवहन विभाग ने जब्त करना शुरू कर दिया। साथ ही स्कूल वाहनों की चेकिंग में तेजी लाई जा रही है।

मोदीनगर स्कूल बस हादसे के बाद जनपद में स्कूल वाहनों की जांच कराई जा रही है। इसके लिए देहात और शहरी क्षेत्र में परिवहन विभाग की अलग–अलग टीम बनाई हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) खुद टीम के साथ वाहनों की जांच करने सुबह सात बजे निकल रहे हैं। अनफिट वाहनों का चालान किया जा रहा है। साथ ही उन वाहनों को सीज किया जा रहा है जिनका समय पूरा हो गया। हालांकि परिवहन विभाग की सख्ती के बाद भी स्कूलों में 20 साल पुराने वाहन चल रहे हैं। संभागीय परिवहन विभाग की चेकिंग के दौरान खुलासा हुआ है कि जो वैन 15 साल से ज्यादा की हो गई वह अब स्कूलों में चल रही हैं। इस तरह की वैन से बच्चों को स्कूल लाया जा रहा है। इनसे हादसा होने का खतरा रहता है, क्योंकि ऐसे वाहनों का फिटनेस नहीं कराया जा सकता। इस तरह की वैन एकदम खटारा हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि कई स्कूलों में निजी वैन चल रही हैं। 15 साल का समय पूरा होने के बाद वैन चलने लायक नहीं हैं। वाहनों को जब्त करना शुरू कर दिया। सभी को पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे। उन्होंने बताया कि स्कूल वाहनों की जांच जारी रहेगी। उन्होंने स्कूल प्रबंधकों से वाहनों की फिटनेस कराने के बाद ही चलाने के लिए कहा है। ऐसा नहीं करने पर वाहनों का चालान किया जाएगा। मियाद खत्म होने वाले वाहनों को सीज किया जा रहा है।

### खटारा वैन तेज गति से दौड़ाए जा रहे

खटारा वैन में ज्यादा बच्चों को बैठाने के बाद चालक उन्हें तेज गति से दौड़ाते हैं। ऐसा में हादसा होने का खतरा रहता है। वैन की छत पर स्कूल बैग रहते हैं। तेज गति से कई बार बैग गिर जाते हैं। वैन में मानक के हिसाब से बच्चों को नहीं बैठाया जाता। बता दें कि कुछ दिन पहले मुरादनगर में स्कूल वैन का पहिया निकल गया था। उस समय वैन में 15 बच्चे सवार थे।

### नोटिस के बाद भी कार्रवाई नहीं

जनपद में पेट्रोल के 15 साल और डीजल के वाहन 10 साल तक ही चलाए जा सकते हैं। इसके बाद वाहन सड़कों पर चलने लायक नहीं होते। वाहनों का समय पूरा होने के बाद परिवहन विभाग की तरफ से नोटिस जारी किए जाते हैं।

## संपादकीय

# सांप्रदायिकता एक राजनीतिक हथियार बनी हुई है

रोजमर्रा की भाषा में, सांप्रदायिकता शब्द धार्मिक पहचान की रूढ़िवादिता को दर्शाता है। ये अपने आप में एक ऐसा रवैया है जो अपने ही समूह को एकमात्र वैध या योग्य समूह के रूप में देखता है, अन्य समूहों को निम्न, नाजायज और विरोध के रूप में देखता है। इस प्रकार सांप्रदायिकता धर्म से जुड़ी एक आक्रामक राजनीतिक विचारधारा है। सांप्रदायिकता भारत में एक विशेष रूप से महत्वपूर्ण मुद्दा है क्योंकि यह तनाव और हिंसा का एक स्रोत रहा है। सांप्रदायिकता एक ऐसी राजनीति को संदर्भित करती है जो एक समुदाय को दूसरे समुदाय के शत्रुतापूर्ण विरोध में एक धार्मिक पहचान के इर्द-गिर्द एकजुट करने का प्रयास करती है। भारत में स्वतंत्रता पूर्व के समय से सांप्रदायिक दंगों का इतिहास रहा है, अक्सर औपनिवेशिक शासकों द्वारा अपनाई गई फूट डालो और राज करो की नीति के परिणामस्वरूप। लेकिन उपनिवेशवाद ने अंतर-सामुदायिक संघर्षों का आविष्कार नहीं किया और निश्चित रूप से इसे स्वतंत्रता के बाद के दंगों और हत्याओं के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

भारत में सांप्रदायिकता एक राजनीतिक हथियार बनी हुई है; राजनेताओं ने भारत में गंभीर सांप्रदायिक स्थिति पैदा करने में खलनायक की भूमिका निभाई है। 1947 में एक विशेष धार्मिक %समुदाय% के नाम पर भारत के दर्दनाक विभाजन की जड़ में राजनीति थी। लेकिन विभाजन के रूप में भारी कीमत चुकाने के बाद भी, उसके बाद हुए कई दंगों में, हम प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, राजनीतिक दलों या उनके समर्थकों की भागीदारी पा सकते हैं। इसके साथ ही वोट बैंक के लिए तुष्टीकरण की नीति, समुदाय, संप्रदाय, उप-पंथ और जाति के आधार पर उम्मीदवारों का चयन और चुनाव के समय धार्मिक भावनाओं को भड़काने से सांप्रदायिकता का उदय हुआ। समुदाय को एकजुट करने के लिए, सांप्रदायिकता समुदाय के भीतर के भेदों को दबाती है और अन्य समुदायों के खिलाफ समुदाय की आवश्यक एकता पर जोर देती है।

आज सबसे बड़ा प्रश्न ये है कि विकास की ताकतों ने भारत में सांप्रदायिक कारकों पर काबू क्यों नहीं पाया? भले ही भारत की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ हो लेकिन फिर भी भारतीय समाज के सामने कई चुनौतियाँ हैं, जो इसकी विविधता के लिए खतरा बनती जा रही हैं। जनसंख्या, गरीबी, निरक्षरता और बेरोजगारी बहुत सारी मजबूरियां पैदा करती है, खासकर युवा पीढ़ी के सामने। युवा पीढ़ी के कई लोग जो बेरोजगार हैं और गरीबी की स्थिति में हैं, सांप्रदायिकता जैसी बुराई में शामिल हो जाते हैं। साम्प्रदायिकता की समस्या को और गंभीर बनाने में बाहरी तत्वों (गैर-सरकारी तत्वों सहित) की भी भूमिका होती है। सोशल मीडिया ने ब्रेक-नेक गति से फर्जी खबरों को प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, क्योंकि हिंसा, घृणास्पद संदेशों के प्रचुर ऑडियो-विजुअल दस्तावेज लगभग तुरंत जनता तक पहुंचाए जाते हैं। हालांकि, अमानवीयता के इन ग्राफिक चित्रणों ने पछतावा नहीं किया है या मन नहीं बदला है; बल्कि, उन्होंने पक्षपात और कठोर रुख को गहरा किया है। मीडिया नैतिकता और तटस्थता का पालन करने के बजाय, अधिकांश मीडिया घराने विशेष राजनीतिक विचारधारा के प्रति झुकाव दिखाते हैं, जो बदले में सामाजिक दरार को चौड़ा करता है।

लोग अपने लिए सोचने के लिए सुसज्जित नहीं हैं और इससे वे स्वयं बुरे से अच्छे को अलग करने में सक्षम होने के बजाय आँख बंद करके प्रवृत्तियों इका अनुसरण करते हैं। बहुसंख्यक समूह अक्सर यह मानता है कि देश की प्रगति में उसका एकमात्र अधिकार है। यह हिंसा के कृत्यों की ओर जाता है जब छोटे समूह प्रगति के बहुसंख्यकवादी विचारों का विरोध करते हैं। इसके विपरीत, अल्पसंख्यक समूह जब भी अपने जीवन के तरीके को उल्लंघन से बचाने की कोशिश करते हैं, तो वे अक्सर खुद को राष्ट्र-विरोधी होने के लिए दोषी पाते हैं। यह अक्सर समाज में हिंसा पैदा करता है।

# जर्मनी, डेनमार्कऔर फ्रांस के साथ भारत की नई कूटनीति

भारत की विदेश नीति एवं कूटनीति में अब नए आयाम जुड़ते जा रहे हैंद्य विशेष तौर पर प्रधानमंत्री विदेश मंत्री जयशंकर जी की कूटनीति कि यूरोप के तीन देशों की यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण इसलिए भी है कि अभी पूरे विश्व में रूस और यूक्रेन के युद्ध को लेकर पूरा वैश्विक जगत दो खेमों में बट चुका है, रूस के साथ गिने-चुने 24 देश ही उसका साथ दे रहे हैं शेष देश भारत को छोड़कर रूस का खुलेआम विरोध कर रहे हैं। एवं यूक्रेन की आर्थिक सामरिक मदद करने के लिए तत्पर है पर भारत निरपेक्षता की नीति अपनाए हुए हैंद्य भारत तथा देश का हित भी गुटनिरपेक्षता के कारण महफूज हैद्य प्नधानमंत्री मोदी जर्मनी की की यात्रा के दौरान वहां के चांसलर ओलाफ़ शोल्ज से मुलाकात कर कई व्यापारिक मुद्दों के अलावा रूस यूक्रेन युद्ध के शांति पूर्वक बातचीत से हल निकालने के संदर्भ में महत्वपूर्ण बैठकभी हुई। इसके अलावा चूंकि जर्मनी यूरोप का एक महत्वपूर्ण देश है एवं व्यापारिक केंद्र भी, जर्मनी रूस से पेट्रोल, डीजल, गैस का सबसे बड़ा खरीददार है,इसलिए जर्मनी के साथ बैठक काफी महत्त्व रखती है, किंतु रूस यूक्रेन युद्ध में उसने रूस की खुलकर आलोचना भी की है एवं वह भारत से भी इस बात की आशा करता है, पर भारत ने स्पष्ट तौर पर अपने देश के हितों को ध्यान में रखते हुए कहा कि युद्ध में किसी की जीत नहीं होती है युद्ध सदैव विनाशकारी होता है और युद्ध को शीघ्र समाप्त किया जाना चाहिए। बर्लिन में बसे भारतीयों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत किया गया। आज प्रधानमंत्री मोदी डेनमार्क की राजधानी कोपनहेगन में वहां की प्रधानमंत्री मैटे फेडरिक्शन के मेहमान हैं।। डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में वहां की प्रधानमंत्री मेटे फेड्रिक्सन ने भारत के प्रधानमंत्री की हवाई अड्डे पर अगुवाई की, उसके पश्चात वे उनके निवास पर भी गए। राजनीतिक तौर पर भारत तथा डेनमार्क के बीच ऊर्जा, हरित ऊर्जा शिक्षा एवं टेक्नोलॉजी के संदर्भ में विमर्श किया। भारत के प्रधानमंत्री तथा डेनमार्क में उनके समकक्ष ने आपसी हितों सहित क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के विषयों पर चर्चा की दोनों देशों के बीच प्रतिनिधि मंडल स्तर पर वार्ता के बाद यह तय हुआ कि भारत और डेनमार्क हरित ऊर्जा और शिक्षा के क्षेत्र में भविष्य में मिलकर काम करेंगे। शिक्षा टेक्नोलॉजी एवं ऊर्जा पर दोनों देशों के बीच आम सहमति बनी एवं ऊर्जा के क्षेत्र में काम कर लेने के लिए आम सहमति पर समझौता हुआ। दोनों पक्षों में हरित ऊर्जा शिक्षा के क्षेत्र में साथ काम करने को लेकर सामरिक साझेदारी के अलावा कौशल विकास जलवायु परिवर्तन नवीनीकरण ऊर्जा के संबंधों में एवं संदर्भ क्षेत्रों में व्यापक सहयोग की चर्चा भी हुई इसके अलावा जल परिवहन तथा जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों पर भी व्यापक विमर्श हुआ। यह तो तय है कि जर्मन और डेनमार्क की यात्राओं से मोदी जी ने यूरोप में कूटनीति की एक नई पहल शुरू की है। प्रधानमंत्री मोदी अंतिम पड़ाव में फ्रांस की राजधानी पेरिस में होंगे फ्रांस के राष्ट्रपति ईमैनुअल मेक्रो के द्वितीय बार राष्ट्रपति के बाद भारत के प्रधानमंत्री की यह फ्रांस की अधिकारिक यात्रा है। पर प्रधानमंत्री की फ्रांस की यात्रा के पहले ही फ्रांसीसी रक्षा नौसैनिक प्रमुख ने भारत को एक झटका देते हुए घोषणा की कि वह पीएम 75 प्रोजेक्ट में भाग लेने में असमर्थ है। उल्लेखनीय है कि 43हजार करोड रुपए के इस प्रोजेक्ट के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए 5 अंतर्राष्ट्रीय समूहों में से फ्रांस का डिफेंस समूह भी उनमें से एक है। जो अत्यंत महत्वपूर्ण भी है ।नौसेना प्रमुख ने कहा रिक्केस्ट फॉर प्रपोजल की शर्तें पूरी नहीं कर सकते हैं इसीलिए फ्रांस एस परियोजना से पीछे हट रहा है। यह परियोजना भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जर्मनी के बाद फ्रांस यूरोपीय देशों का बहुत ही महत्वपूर्ण और शक्तिशाली देश है भारत फ्रांस से लड़ाकू विमान और अन्य सामरिक महत्व के अस्त्र शस्त्र की भारी भरकम खरीदी करता है और नौसेना प्रमुख द्वारा यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जबकि अगले दिन यानी कि बुधवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेरिस की यात्रा पर पहुंचने वाले हैं और प्रधानमंत्री फ्रांस के फिर से चुने गए राष्ट्रपति ईमैन्युअल मेक्रो और भारतीय प्रधानमंत्री दोनों देशों के सामरिक व्यापारिक तथा आर्थिक पहलुओं पर गंभीर चर्चा करने वाले हैं।

# हमने तुम्हें 'राशन' दिया तुम मुझे वोट दो

**निर्मल रानी**




तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा, यह नारा 4 जुलाई 1944 को बर्मा में हज़ारों भारतवासियों की मौजूदगी में नेता जी सुभाष बोस ने दिया था। अब लगभग इसी तर्ज़ का नारा भूखमरी और सत्ता के बीच उछलता दिखाई दे रहा है। कुछ समय पूर्व ही पांच राज्यों में हुये विधानसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं का एक नया वर्ग उभर कर सामने आया जिसे मीडिया द्वारा लाभार्थी वर्ग के नाम से प्रचारित किया गया। लाभार्थी उस वर्ग को बताया गया जो राशन कार्ड धारी व ग़रीबी रेखा से नीचे रहने वाला विशेषकर वह वर्ग जो कोरोना काल में नौकरी या व्यवसाय समाप्त हो जाने के बाद दो वक़्त की रोटी का भी मोहताज हो गया था। इस ग़रीब व बेसहारा वर्ग को सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत गेहूं,चावल,चना आदि राशन मुफ़्त में वितरित किया गया। सरकारी दावों के अनुसार पूरे देश में प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ़्त राशन प्राप्त करने के अतिरिक्त केंद्र सरकार की उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास तथा शौचालय निर्माण योजना जैसी कई योजनाओं का फ़ायदा उठाने वाले लाभार्थी वर्ग की संख्या लगभग 80 करोड़ बताई गयी। विभिन्न राज्यों में इन ग़रीब,मजबूर व बेसहारा लोगों को बाक़ायदा उत्सव आयोजित कर इन्हें राशन बांटा गया। यह अलग बात है कि अनेक वितरण केंद्रों पर इन ग़रीबों को दिया जाने वाला राशन निहायत घटिया क़िस्म का था। तथा योजना के तहत बनाये गये शौचालय भी टूट फूट गए। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मुफ़्त दिया गया गैस सिलिंडर व गैस चूल्हा भी मकान के किसी कोने में पड़ा इसलिए धूल खाने लगा क्योंकि गैस सिलिंडर रिफ़िल करने के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर दी गयी। और उन्हीं उज्ज्वला लाभार्थियों ने पुन: लकड़ी व चूल्हे पर खाना बनाना शुरू कर दिया। परन्तु प्रधानमंत्री व कहीं कहीं प्रधानमंत्री के साथ साथ राज्यों के मुख्यमंत्रियों का चित्र छपा हुआ वह थैला जो मुफ़्त राशन के साथ ही मुफ़्त में दिया गया उसकी मज़बूती में कोई कमी न थी। इसके पीछे भी रणनीतिकारों की बड़ी दूरदर्शिता यह थी कि लाभार्थी इसी थैले का इस्तेमाल राशन लेने के बाद बाज़ार लेकर आने जाने व सामानों को रखने के लिये भी कर सकता है। और वह लाभार्थी जितनी बार भी उस इश्तेहारी थैले के साथ घर से बाहर निकलेगा उतनी बार अन्नदाता महा मानव रुपी राजनेताओं के चेहरे बाज़ारों में एक मसीहा के रूप में प्रचारित होंगे। और मुफ़्त राशन पाने वाला न चाहते हुये भी लोगों को यह सन्देश देने के लिये मजबूर होगा कि वह मुफ़्त राशन के लिये सरकार पर आश्रित रहने वाला एक मजबूर,ग़रीब व उपकृत लाभार्थी है।

इस तरह की मुफ़्त वाली योजनाओं में से अधिकतर योजनाओं का संबंध महिलाओं से था। चाहे वह मुफ़्त राशन हो, शौचालयों का निर्माण हो या उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मिले सिलेंडर का लाभ। रणनीतिकारों ने इन योजनाओं से महिलाओं को ही सबसे अधिक उपकृत हुआ पाया। यहां तक कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्राय: मकानों का आवंटन भी महिलाओं के नाम से ही किया गया।

80 करोड़ लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने वाले भले ही इसे अपनी उपलब्धि बता रहे हों परन्तु इसी देश का एक बड़ा बुद्धिजीवी वर्ग देश में लाभार्थियों की इतनी बड़ी तादाद होने को ही सरकार की घोर विफलता मान रहा है।

सवाल यह है कि उसी कोरोना काल में बिना किसी योजना व तैयारी के जिसतरह अचानक लॉक डाउन घोषित किया गया जिसके परिणाम स्वरूप देश के करोड़ों लोगों को अपने रोज़गार गंवाने पड़े,अपनी नौकरियों से हाथ धोना पड़ा और भूखमरी की कगार पर पहुंचना पड़ा आख़िर इन हालात की ज़िम्मेदारी किसकी थी ?

इतना बड़ा लाभार्थी वर्ग खड़ा करने का ज़िम्मेदार भी आख़िर कौन है ? मोदी सरकार की रणनीति से एक बात तो साफ़ झलकती है कि सरकार लोगों को रोज़गार व सेवा के अवसर व अधिकार देने के विपरीत इसी प्रकार की कुछ कल्याणकारी योजनाओं से ही उन्हें उपकृत कर अपने पक्ष में लाभार्थियोंका एक बड़ा वर्ग खड़ा करना चाहती है।

जिसका व्यापक प्रभाव पिछले दिनों 5 राज्यों में हुये चुनावों में देखने को भी मिला कि भाजपा की ख़ास रणनीति के तहत किस प्रकार लाभार्थियों का वर्ग भाजपा के वफ़ादार मतदाताओं के रूप में परिवर्तित हो चुका है।

ज़ाहिर है चुनाव परिणामों से ही उत्साहित होकर सरकार ने देश के अस्सी करोड़ लोगों तक पहुँचने वाली प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना जैसी मुफ़्त राशन वितरण योजना को सितंबर 2022 तक के लिये और आगे बढ़ा दिया है। मुफ़्त राशन लाभार्थियों के प्रति सरकार की दिलचस्पी व उसके विश्वास का अंदाज़ा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा ट्ववीट कर बताया गया कि -भारतवर्ष का सामर्थ्य देश के एक-एक नागरिक की शक्ति में समाहित है। इस शक्ति को और मज़बूती देने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना को छह महीने और बढ़ाकर सितंबर 2022 तक जारी रखने का निर्णय लिया है। देश के 80 करोड़ से अधिक लोग पहले की तरह इसका लाभ उठा सकेंगे।

भाजपा द्वारा अब अपने कार्यकर्ताओं को यह निर्देशित किया जा रहा है कि वे लाभार्थियों से निरंतर संपर्क बनाये रखें। ज़ाहिर है संपर्क बनाये रखने का मक़सद यह तो हरगिज़ नहीं हो सकता कि वे लाभार्थियों से यह पूछें कि आपको जो मुफ़्त अनाज मिला है उसकी गुणवत्ता कैसी थी या उसका वज़न पूरा था या नहीं। बल्कि इसका अर्थ केवल यही है कि लाभार्थी याद रखे कि सरकार ने मुफ़्त राशन देकर उनपर जो उपकार किया है वह उसका प्रतिफल मतदान की शक्ल में उनकी पार्टी को वापस करे। यानी चूँकि हमने तुम्हें राशन दिया इसलिये तुम मुझे वोट दो। भाजपा के अतिरिक्त अन्य पार्टियों द्वारा भी जिस तरह मतदाताओं को मुफ़्तख़ोरी की अनेक योजनाओं का प्रस्ताव देकर अपने पक्ष में लुभाने की कोशिशें की जाती हैं उससे यह साफ़ ज़ाहिर होता है कि सरकार हो या विपक्ष सभी की दिलचस्पी आत्म निर्भर भारत बनाने बजाये शासनाधीन मतदाता बनाने की ज़रूर है।

अन्यथा मुफ़्तख़ोरी की योजनाओं में जो पैसा ख़र्च किया जाता है, सरकार चाहे तो उन्हीं पैसों से मतदाताओं को आत्मनिर्भर बनाने की अनेक योजनायें भी शुरू की जा सकती है।

# राहुल गांधी को पार्टियां पसंद हैं तो इस बात पर हंगामा खड़ा करने की क्या जरूरत है?

**नीरज कुमार दुबे**

राहुल गांधी के बारे में यही कहा जाता है कि वह हर बार नये वर्ष की छुट्टियां मनाने विदेश चले जाते हैं। नये वर्ष की छुट्टियां विदेश में मनाना राहुल गांधी को इतना पसंद है कि वह इस बात की परवाह भी नहीं करते कि भारत में उनके लिए कितना जरूरी काम है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी नेपाल के एक पब में नजर आये तो हंगामा मच गया। देखा जाये तो इसमें गलत कुछ भी नहीं था क्योंकि हर व्यक्ति का अपना एक निजी जीवन होता है जिसमें वह मनमाफिक चीजें करने के लिए स्वतंत्र है। लेकिन जो लोग सार्वजनिक जीवन में हैं उन्हें राजनीतिक शुचिता का ख्याल रखना ही चाहिए। राहुल गांधी के पब वाले वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस ने यह कह कर पल्ला झाड़ लिया है कि वह एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गये हैं। लेकिन इतने भर से नुकसान की भरपाई नहीं होगी। संभव है कांग्रेस को यह वीडियो अभी नुकसान नहीं पहुँचाये लेकिन चुनावों के समय यह वीडियो दूसरे पक्ष का हथियार बनेगा।

इस मामले में सबसे बड़ा सवाल इस बात पर उठ रहा है कि राहुल गांधी क्यों भारत विरोधी रुख रखने वाली नेपाली महिला मित्र के साथ खड़े नजर आ रहे हैं? नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने भारत के जिन क्षेत्रों को नेपाली बताते हुए नया नेपाली मानचित्र जारी किया था उसका राहुल गांधी की नेपाली महिला मित्र ने कथित तौर पर समर्थन किया था। यही नहीं राहुल गांधी की उक्त नेपाली महिला मित्र चीन की करीबी भी मानी जाती हैं। भाजपा इसी बात को बड़ा मुद्दा बना रही है इसलिए जब-तब चीन के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरने वाले राहुल गांधी और कांग्रेस के लिए आने वाले वक्त में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अगर बात सिर्फ राहुल गांधी की पार्टी की ही करें तो यह उन पर विदेश में %इन्जवॉय% करने का आरोप पहली बार नहीं लगा है। राहुल गांधी के बारे में यही कहा जाता है कि वह हर बार नये वर्ष की छुट्टियां मनाने विदेश चले जाते हैं। नये वर्ष की छुट्टियां विदेश में मनाना राहुल गांधी को इतना पसंद है कि वह इस बात की परवाह भी नहीं करते कि भारत में उनके लिए कितना जरूरी काम है। एकाध बार तो संसद के शीतकालीन सत्र को बीच में छोड़कर वह छुट्टी मनाने विदेश चले गये। यही नहीं साल 2022 का स्वागत राहुल गांधी विदेश में ऐसे वक्त पर कर रहे थे जब अन्य राजनीतिक पार्टियां पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही थीं। नये वर्ष के अलावा भी राहुल गांधी बीच-बीच में विदेश दौरे पर चले जाते हैं और इस बात को भाजपा और अन्य पार्टियां चुनावी मुद्दा बनाती हैं।

राहुल गांधी की नेपाल वाली पार्टी पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं क्योंकि हमारे राजनीतिज्ञ जनता के बीच शुरू से ही खुद को बिलकुल साफ-सुथरा, चरित्रवान, ईमानदार, धर्म परायण और दयालु स्वभाव के व्यक्ति के रूप में पेश करते हैं। इसलिए यदि किसी पार्टी का प्रमुख नेता शराब या सिगरेट पीते, पब या डांस बार में मनोरंजन करते या अपनी महिला मित्रों के साथ दिख जाये तो बड़ा हंगामा मच जाता है और कई बार नेता की कुर्सी भी चली जाती है। जबकि विदेशों में तो राजनेता अक्सर पार्टियां करते और मनोरंजन कार्यक्रमों में भाग लेते हुए देखे जाते हैं लेकिन कोई हंगामा नहीं खड़ा होता। बहरहाल, राहुल गांधी का पार्टी करना लोगों को इसलिए भी नागवार गुजर रहा है क्योंकि एक ओर पूरी कांग्रेस इस समय अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है लेकिन राहुल गांधी इन पलों को इन्जवॉय कर रहे हैं। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद से कांग्रेस का भविष्य डांवाडोल नजर आ रहा है लेकिन राहुल गांधी इन्जवॉय कर रहे हैं। कई बड़े नेता पार्टी छोड़कर जा चुके हैं लेकिन राहुल गांधी इन्जवॉय कर रहे हैं।




## एशियाई चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवानों का जलवा

# लगातार तीसरी खिताबी जीत वाले पहले भारतीय पहलवान बने रवि दहिया



**योगेश कुमार गोयल**

पिछले दिनों मंगोलिया में आयोजित एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों ने कुल 17 पदक जीते। चैंपियनशिप में अपनी-अपनी श्रेणियों में बजरंग पूनिया ने रजत पदक, गौरव बालियान ने रजत पदक, नवीन तथा सत्यव्रत कादियान ने कांस्य पदक जीते लेकिन सबसे बड़ा कारनामा किया टोक्यो ओलम्पिक में रजत पदक जीतने के बाद भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया ने। रवि ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर एक बार फिर साबित कर दिया कि उनके इरादों में कितना दम है। रवि ने शारीरिक क्षमता और रणनीतिक श्रेष्ठता के बूते कजाकिस्तान के रखत कालजान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई चैंपियनशिप में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तकनीकी श्रेष्ठता का परिचय देते हुए रवि ने पहले पुरुषों के 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल में जापान के रिकुतो अराई को हराया और उसके बाद मंगोलिया के जानाबाजार जंदनबुड पर 12-5 से शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई। हालांकि रवि ने अपने सभी मुकाबलों में शुरूआत में बढ़त गंवा दी थी लेकिन शानदार तरीके से वापसी करते हुए पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा में सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ दिया। फाइनल मुकाबले में रखत कालजान ने उन्हें काफी समय तक कोई अंक नहीं लेने दिया था लेकिन अपनी चिर-परिचित शैली के अनुरूप रवि ने मुकाबले पर दबदबा बनाना शुरू कर दिया और लगातार 6 'टू-प्वाइंटर' हासिल किए, साथ ही स्वयं को 'लेफ्ट-लेग अटैक' से भी बचाया, जिससे मुकाबला दूसरे पीरियड के शुरू में ही समाप्त हो गया और भारत ने 2022 की एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के टूर्नामेंट का पहला स्वर्ण पदक रखत कालजान को 12-2 से हराते हुए अपने नाम किया।

गौरतलब है कि रवि ने इससे पहले 2020 में दिल्ली में और 2021 में अलमाटी में भी एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था और इस चैंपियनशिप में इस बार उन्होंने लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक भारत के नाम किया है। कोई भी भारतीय फ्री स्टाइल पहलवान अभी तक ऐसा कारनामा नहीं कर सका है और रवि लगातार तीसरी खिताबी जीत दर्ज कराने वाले पहले भारतीय पहलवान बन गए हैं।

इस साल फरवरी में डान कोलोव स्पर्धा में रजत पदक जीतने के बाद रवि का इस सीजन का यह दूसरा फाइनल था। इससे पहले 5 अगस्त 2021 को टोक्यो में 'खेलों के महाकुंभ' में शानदार प्रदर्शन करते हुए रवि रजत पदक जीतने में सफल रहे थे। हालांकि रवि को ओलम्पिक के फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद थी लेकिन 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग के फाइनल में 2018 और 2019 के विश्व चैम्पियनशिप रह चुके रूस ओलम्पिक समिति के पहलवान जावुर युगुऐव से 7-4 से हारने के बाद उनका वह सपना चकनाचूर हो गया था। अभी तक कुश्ती में कोई भी भारतीय पहलवान ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने में सफल नहीं हुआ है। हालांकि ओलम्पिक के रेसलिंग मुकाबलों में रवि का रजत पदक भी इसीलिए बहुत महत्वपूर्ण माना गया क्योंकि ओलम्पिक खेलों के इतिहास में पदक जीतने वाले वे पांचवें पहलवान बने थे और रेसलिंग में भारत का वह केवल छठा पदक था। पहलवान सुशील कुमार ने ओलम्पिक में लगातार दो बार पदक जीते थे।

भारत को सबसे पहले 1952 में हेलसिंकी ओलम्पिक में पहलवान केडी जाधव ने कांस्य पदक दिलाया था। उसके बाद रेसलिंग में पदक के लिए 56 वर्षों का लंबा इंतजार करना पड़ा था। उस लंबे सूखे को 2008 में सुशील कुमार ने बीजिंग ओलम्पिक में कांस्य पदक जीतकर खत्म किया था। उसके बाद 2012 के लंदन ओलम्पिक में दो भारतीय पहलवानों ने जीत का परचम लहराया। सुशील कुमार रजत और योगेश्वर दत्त कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। 2016 के रियो ओलम्पिक में साक्षी मलिक ने कांस्य पदक हासिल किया था। सुशील कुमार के बाद ओलम्पिक में रजत पदक जीतने वाले रवि दूसरे भारतीय पहलवान बने थे। ओलम्पिक के सेमीफाइनल मुकाबले में जब रवि ने मैच के आखिरी मिनट में कजाक पहलवान को अपनी मजबूत भुजाओं में जकड़ लिया था, तब उसने रवि की पकड़ से छूटने के लिए खेल भावना के विपरीत उनकी बांह पर दांतों से काटना शुरू कर दिया था लेकिन रवि ने अपने दबंग इरादों का परिचय देते हुए अपनी मजबूत पकड़ ढ़ीली नहीं होने दी और उसे चित्त करते हुए मुकाबला अपने नाम किया था।

12 दिसम्बर 1997 को हरियाणा के सोनीपत जिले के नाहरी गांव में जन्मे रवि कुमार दहिया ने केवल छह वर्ष की आयु में गांव के हंसराज ब्रह्मचारी अखाड़े में कुश्ती शुरू कर दी थी। दरअसल यह गांव पहलवानों का गांव माना जाता है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यहां का लगभग हर बच्चा कुश्ती में अपने हाथ आजमाता है। कुछ समय बाद वह उत्तरी दिल्ली के उस छत्रसाल स्टेडियम में चले गए, जहां से दो ओलम्पिक पदक विजेता सुशील कुमार और योगेश्वर दत्त निकले हैं। वहां 1982 के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता रहे सतपाल सिंह ने उन्हें दस वर्ष की आयु में ही ट्रेनिंग देनी शुरू कर दी थी। रवि के पिता राकेश एक भूमिहीन किसान थे, जो बंटाई की जमीन पर खेती किया करते थे। उनकी दिली तमन्ना थी कि उनका बेटा पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन करे और अपनी इसी ख्वाहिश को पूरा करने के लिए उन्होंने आर्थिक संकट के बावजूद बेटे की ट्रेनिंग में कोई कमी नहीं आने दी। वह प्रतिदिन बेटे तक फल ओर दूध पहुंचाने के लिए नाहरी गांव से 40 किलोमीटर दूर छत्रसाल स्टेडियम तक जाया करते थे। 2019 की विश्व चैंपियनशिप में रवि ने कांस्य पदक जीता था लेकिन उस समय उनके पिता उनका वह यादगार मैच नहीं देख सके थे क्योंकि वे काम पर गए हुए थे।

रवि ने 2015 में 55 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में सल्वाडोर डी बाहिया में विश्व जूनियर कुश्ती चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था। 2017 में लगी चोट के बाद वह करीब एक साल तक कुश्ती से दूर रहे थे और उसके बाद 2018 में बुखारेस्ट में विश्व अंडर-23 कुश्ती चैम्पियनशिप में 57 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतकर धमाकेदार वापसी करने में सफल हुए थे। उस चैम्पियनशिप में वह भारत का एकमात्र पदक था। बहरहाल, टोक्यो ओलम्पिक में रवि भले ही स्वर्ण पदक जीतने में सफल नहीं हुए लेकिन उन्होंने भारत को अपने दमदार प्रदर्शन से रजत जीतकर निराश नहीं किया था और अब एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने साबित कर दिया है कि उनके इरादों में कितना दम है।

## शार्ट न्यूज

### भाजपा सरकार बताये कि क्या अब ललितपुर में थाने पर बुलडोजर चलेगा : अखिलेश

ललितपुर। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के ललितपुर में एक मासूम बच्ची के साथ पुलिस थाने में थानाध्यक्ष द्वारा दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने की घटना के हवाले से राज्य की योगी सरकार से पूछा है कि क्या सरकार अब पुलिस थाने में बुलडोजर चलवायेगी। इस सनसनीखेज घटना के बाद बुधवार को पीड़िता के परिजनों से मिलने ललितपुर पहुंचे अखिलेश ने संवाददाताओं से कहा, आज हमने ललितपुर दुष्कर्म पीड़िता की मां से मुलाकात की है, वह इतना परेशान है और डरी हुई हैं कि वह हमसे बात भी नहीं कर पा रही हैं। एक बेटी के साथ ऐसी घटना घटी है। पुलिस अगर इस घटना की सुनवाई शुरुआत में ही कर लेती तो यह घटना घटी न होती। उन्होंने कहा कि जब एक बेटी अपनी गुहार लेकर थाने पहुंची और पुलिस ने उसके साथ ऐसी घिनौनी हरकत की है। जबकि पुलिस से उम्मीद की जाती है कि उससे न्याय और सुरक्षा करेगी। उन्होंने कहा, हमें सोचना पड़ेगा कि अगर पुलिस एक बेटी के साथ ऐसी घटना कर दे, तो किस दौर में हम लोग हैं ? उन्होंने सरकार से भी सवाल किया कि अब भाजपा की सरकार बताए कि पुलिस स्टेशन पर बुलडोजर चलेगा कि नहीं चलेगा ? गौरतलब है कि इस मामले के आरोपी थानाध्यक्ष को आज प्रयागराज में गिरफ्तार किया गया है।

### बागपत में सट्टा माफिया की 1.9 करोड़ की संपत्ति कुर्क

बागपत। उत्तर प्रदेश के बागपत में सट्टा माफिया सुमित की एक करोड़ नौ लाख रूपये की अचल संपत्ति गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुर्क कर ली गयी है। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बुधवार को बताया कि सट्टा माफिया सुमित का बागपत में बने मकान, आवासीय प्लाट, कृषि भूमि कोतवाली थाना पुलिस ने धारा 14 (1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कुर्क कर ली है जिसकी कीमत एक करोड़ नौ लाख 31 हजार 160 रुपये है। सम्पत्ति को क्षेत्राधिकारी नगर बागपत के द्वारा जब्त किया गया। सम्पत्ति का प्रशासक भी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त सुमित कोतवाली बागपत का हिस्ट्रीशीटर अपराधी व पुलिस द्वारा चिन्हित सट्टा माफिया है।

### जौनपुर में दम्पत्ति हत्याकाण्ड में पांच गिरफ्तार

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के सहोपट्टी गांव में गला दबाकर दंपति की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। ससुराल में रह रहे बहन-बहनोई की रुपये की लेन-देन में आरोपी ने हत्या कर दी थी। हत्या के बाद दोनों के शव को सिकरारा थाना के शारदा नहर में फेंक दिया गया था। इसके बाद मृतक के भाई ने थाने में तहरीर दी थी, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की थीं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि संपत्ति के विवाद में दो सालों ने मिलकर पहले अपने जीजा की हत्या कर दी और जब यह लगा कि बहन भी रास्ते का कांटा बन सकती है तब दोनों भाइयों ने बहन की भी हत्या कर दी, इस मामले में उसी गांव के ग्राम प्रधान और एक बोलेरो चालक हिरासत में लिया है। दोनों ने शवों को नहर में प्रवाहित किया था। उन्होंने जिले के मड़ियाहूं कोतवाली के साहोपट्टी गांव में बीते 29 मार्च को गांव के ही समीप शारदा सहायक नदी में शवों को पटिया में बांधकर फेंक दिया गया था, जिसके बाद दोनों शव 6 अप्रैल को जलालपुर थाना के नहर में मिली। इसकी शिनाख्त सतेंद्र कटियार और उनकी पत्नी पूनम कटियार थाना जहानगंज जिला फर्रूखाबाद के रूप में हुई। इस मामले की तहरीर मृतक के भाई बृजेन्द्र सिंह ने पुलिस को तहरीर दी, जिसमें बताया गया है कि बृजेन्द्र ने रुपयों की लेने-देन में भाई और भाभी का गला दबाकर हत्या कर दी थी। मृतक के भाई के तहरीर के अनुसार, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों सालों, ग्राम प्रधान , बोलेरो चालक सहित पांच को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### मथुरा में निजी संयंत्र में कार्बन बक्सा फटा

मथुरा। उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के जमुनापार क्षेत्र में कोल्हू में कचरे से जैविक तेल बनाने के निजी संयंत्र में कार्बन बाक्स फटने से छह कर्मचारी झुलस गए जिनमें चार की हालत गंभीर बताई जाती है। थाना प्रभारी जमुनापार के अनुसार दुर्घटना बुधवार को उस समय हुई जब प्लांट में कार्बन बाक्स से कार्बन को निकालने का प्रयास किया जा रहा था कि तेज विस्फोट के साथ आग लग गई। प्लांट के एक कर्मचारी ने सूझबूझ का परिचय देते हुए फायर एक्सिटिंग्विशर से न केवल आग बुझाने का प्रयास किया बल्कि झुलस रहे कर्मचारियों के कपड़े फाड़कर उनकी जान बचाई और प्लांट के मालिक और पुलिस को सूचना दी। झुलसे लोगों को आनन फानन एक निजी अस्पताल भेजा गया । चिकित्सकों के अनुसार चार कर्मचारियों मथुरा निवासी शिवराजन, अनिल, गोपाल तथा रायबरेली निवासी अतुल की हालत गंभीर है। प्लास्टिक के कचरे से आर्गैनिक तेल तैयार करने के लिए नगर निगम ने इस प्लांट को जमीन दे रखी है।

### यूपी पुलिस हत्या, बलात्कार में नंबर वन

लखनऊ। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद और उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह ने ललितपुर में किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि यूपी पुलिस हत्या और बलात्कार में नंबर वन है। सिंह ने बुधवार को कहा कि गैंगरेप की पीड़िता न्याय के लिए थाने पहुंची जहां दरोगा ने उसे अपनी दरिंदगी का शिकार बना लिया। पुलिस ने चंदौली में एक बेटी की हत्या की और ललितपुर में किशोरी से बलात्कार किया। मुख्यमंत्री जवाब दें कि खाकी वर्दी के दरिंदों पर बुलडोजर कौन चलाएगा और बहन बेटियां न्याय पाने के लिये कहाँ जाएं। उन्होंने कहा कि योगीराज में पुलिस चौकी, थाने भी सुरक्षित नही रह गए हैं, पुलिस प्रशासन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अंकुश नहीं है प्रदेश की जनता को भय मुक्त वातावरण देने में नाकाम है। उन्होने मांग की कि पीड़ित किशोरी को सुरक्षा प्रदान की जाए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए ।

### भाजपा सरकार अपराधियों के आगे नतमस्तक है : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के ललितपुर में मासूम बच्ची के साथ पुलिस थाने में थानाध्यक्ष द्वारा कथित दुष्कर्म करने के मामले को बेहद गंभीर बताते हुए बुधवार को कहा कि राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था के पीछे सरकार का अपराधियों के आगे नतमस्तक होना मुख्य वजह है। पार्टी द्वारा जारी बयान के अनुसार अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के राज में अपराधी और पुलिस, दोनों के हौसले बुलन्द है, लेकिन जनता पस्त है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति भाजपा राज में दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब प्रदेश में कहीं न कहीं लूट, हत्या, बलात्कार की घटनायें न होती हों। ऐसा लगता है कि उत्तर प्रदेश 'ईज डूइंग अपराध प्रदेश' बन गया है। अखिलेश ने कहा कि गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर डॉक्टर दंपत्ति घायल हैं और मुख्यमंत्री जी की बहुप्रशंसित पुलिस उन्हें टरकाने में लगी है। जौनपुर में एक मासूम छात्र को दबंगो ने मार डाला। उसका पिता रो-रोकर न्याय की मांग कर रहा है। चंदौली में एक मासूम बेटी के साथ रेप और हत्या के आरोपों से घिरी उत्तर प्रदेश की पुलिस पर अब ललितपुर के पाली में पुलिस वालों द्वारा ही सामूहिक बलात्कार करने का आरोप लगा है। उन्होंने कहा कि ललितपुर में दुष्कर्म की शिकायत करने पहुंची नाबालिग से थाने में ही थानाध्यक्ष ने दरिंदगी की। इस शर्मनाक घटना की शिकार 13 वर्षीय बच्ची की गंभीर स्थिति विचलित करने वाली है। पार्टी की ओर से बताया गया कि बुधवार को अखिलेश ललितपुर जाकर पीड़ित परिवार से मिलेंगे। अखिलेश ने कहा कि बुलंदशहर में 08 साल की बच्ची से गैंगरेप की शिकायत मिली है, ऐसे में आखिर लोग कहां और किस पर भरोसा करें ? उन्होंने कहा कि बिगड़ती कानून व्यवस्था के पीछे वस्तुत: खुद भाजपा सरकार का अपराधियों के आगे नतमस्तक हो जाना मुख्य वजह है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राजनीतिक प्रश्रय पाकर भाजपाई भी अब कानून अपने हाथ में ले रहे हैं। यही नहीं भाजपााई सरेआम अधिकारियों पर भी हाथ उठाने लगे हैं।

# ललितपुर रेप केस पर योगी सरकार सख्त

## डीआईजी को दिया जिले में कैम्प करने का निर्देश



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ललितपुर प्रकरण में सख्त रूख अपनाने हुए डीएम व एसपी को दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का निर्देश दिया है। रेप के आरोपी थानाध्यक्ष समेत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए एसओ को निलंबित कर दिया गया। साथ ही पूरा थाना लाइन हाजिर कर दिया गया। डीजीपी मुकुल गोयल ने डीआईजी झांसी को पूरी घटना का पर्दाफाश होने तक जिले में कैम्प करने का निर्देश दिया है। महिला सुरक्षा को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सरकार ने महिला के खिलाफ होने वाले अपराध के मामले में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही फिर दोहराया है कि महिलाओं और बेटियों को शिकायतों के लेकर जिला या राज्य मुख्यालय स्तर पर चक्कर न काटना पड़े। गांव, ब्लॉक और तहसील स्तर पर ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। महिला बीट पुलिस अधिकारी उनकी समस्याओं का निवारण करें।

#### छह से शुरू होगा मिशन शक्ति का चौथा चरण

महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान के चौथे चरण की शुरुआत छह मई से होने जा रही है।

महिला कल्याण विभाग के निदेशक मनोज राय ने बताया कि इस बार भी प्रदेश के अलग-अलग विभाग मिशन शक्ति के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित करेंगे। महिला कल्याण विभाग की ओर से अभियान के तहत महिलाओं और बच्चों के प्रति हिंसा से जुड़े विभिन्न कानूनों व प्रावधानों के बारे में लोगों जागरूक करने का कार्य सभी जिलों में किया जाएगा। इसमें महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, नशे में मारपीट, तस्करी, बाल विवाह, भेदभाव व बालश्रम समेत अन्य शोषण के विरूद्ध विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# ललितपुर के दोषियों का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चले : रालोद

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने ललितपुर में किशोरी के साथ दुष्कर्म किये जाने की घटना की निंदा करते हुये सभी दोषी पुलिसकर्मियों को जेल भेजने और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चला कर कड़ी सजा दिये जाने की मांग की है।

रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे ने बुधवार को कहा कि ललितपुर के पाली में गैंगरेप पीड़ित नाबालिक लड़की के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा सामूहिक बलात्कार की घटना पुलिस पर बदनुमा दाग है। ललितपुर पुलिस ने किशोरी को न्याय देने के बजाय और दर्दनाक पीड़ा देने का काम किया गया है जो कि बहुत ही घृणित और जघन्य अपराध है। इस अपराध में लिप्त सभी पुलिसकर्मियों को सेवा से बर्खास्त करने के साथ साथ इस पर मुकदमा दर्ज कर इन्हें जेल भेजा जाय और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर इनको कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जाय। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस की निरंकुशता व अराजकता आम होती जा रही है। एक दिन पूर्व ही चंदौली में दबिश के दौरान घर की बेटी का शारीरिक प्रताड़ना देने से हुयी मौत की आग ठण्डी भी नहीं हुयी कि ललितपुर में पुलिस द्वारा हृदयविदारक घटना को अंजाम दे दिया गया। जब रक्षक ही भक्षक ही बन जायेगा तो आम आदमी न्याय मांगने कहां जायेगा।

### बसपा सरकार में मंत्री रहे हाजी याकूब कुरैशी पर पुलिस का शिकंजा, घर पर चस्पा किया कुर्की का नोटिस



**मेरठ।** पुलिस रिकॉर्ड में वांटेड पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी के घर पर कुर्की वारंट चस्पा कर दिए गए हैं। यह कार्रवाई बुधवार शाम को की गई है। याकूब कुरैशी, उनकी पत्नी और दोनों बेटों के खिलाफ पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तारी वारंट लिए थे, लेकिन अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। आरोपियों को अभी तक कोर्ट से भी राहत नहीं मिली है। ऐसे में पुलिस बुधवार शाम को आरोपी के घर पर ढोल नगाड़े बजाकर पहुंची और नोटिस चस्पा किया। इस दौरान कई थानों की फोर्स साथ रही। बसपा नेता हाजी याकूब कुरैशी के बेटे इमरान की खरखौदा अलीपुर स्थित मीट फैक्ट्री पर 31 मार्च को पुलिस ने दबिश दी थी। यहां अवैध रूप से मीट पैकिंग होते हुए पकड़ी गई। इसी प्रकरण में पुलिस की ओर से खरखौदा थाने में याकूब कुरैशी, उनकी पत्नी शमजिदा बेगम, बेटे इमरान व फरमान समेत 14 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इन आरोपियों में से 10 को मौके पर ही दबोच लिया गया और इन्हें जेल भेजा गया। याकूब और उसके परिजन मुकदमा दर्ज होने के बाद फरार हो गए थे, जिनकी तलाश में पुलिस टीम को लगाया गया था। आरोपियों के गिरफ्तारी वारंट भी हासिल किए गए, लेकिन धरपकड़ नहीं हो सकी। अब पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए इसी मामले में कोर्ट से कुर्की वारंट हासिल किए। बुधवार शाम को एएसपी किठौर, सीओ कोतवाली अरविंद चौरसिया और सीओ क्राइम तीन थानों की फोर्स के साथ याकूब के सराय बहलीम स्थित आवास पर पहुंचे। पुलिस ने ढोल नगाड़े बजवाए और आरोपी याकूब के घर पर कुर्की नोटिस चस्पा कर दिया गया। मेरठ एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने बताया, याकूब कुरैशी के खिलाफ कुर्की वारंट जारी हुए थे। पुलिस फोर्स के साथ अधिकारी याकूब के घर गए और नोटिस चस्पा किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी टीम लगी है और बाकी कार्रवाई भी प्रचलित है।

# ललितपुर गैंगरेप केस : इससे पहले 13 मुकदमे दर्ज करा चुकी पीड़िता की मां, एडीजी बोले- निकलवाए जा रहे पूरे रिकॉर्ड



ललितपुर। ललितपुर में नाबालिग से गैंगरेप के मामले में एक और चौंकाने वाला तथ्य पुलिस के सामने आया है। जांच के दौरान अधिकारियों को पता चला कि पीड़िता की मां ने इससे पहले भी छेड़छाड़, रेप की कोशिश आदि की 13 एफआईआर दर्ज कराई थीं। एडीजी ने इन सभी मामलों के दस्तावेज निकालने और जांच में शामिल करने का आदेश दिया है।

वर्दी को दागदार करने वाले इस सनसनीखेज मामले की जांच में पुलिस के कई गंभीर तथ्य आए हैं, जिनकी गहराई से जांच की जा रही है। एडीजी जोन भानु भास्कर ने बताया कि पीड़िता की मां ने इससे पूर्व 13 एफआईआर अलग अलग आरोपितों के खिलाफ दर्ज कराई हैं। इनमें से चार मुकदमों में फाइनल रिपोर्ट लग गई। चार में चार्जशीट दाखिल हुई। कोर्ट के आदेश पर पांच मामले दर्ज किए गए थे इनमें से चार कोर्ट में ही खारिज हो गए। उन्होंने कहा कि इन सभी मुकदमों का विवरण निकलवाया जा रहा है। उन मामलों का घटनाक्रम, आरोपित, चार्जशीट के बिंदु, फाइनल रिपोर्ट लगने की वजह आदि का अध्ययन भी जांच टीम करेगी।

#### सीएम आफिस ने तलब की रिपोर्ट

आरोपितों की गिरफ्तारी तेजी से शुरू हुई मगर तब तक मामला तूल पकड़ चुका था। सीएम आफिस ने ललितपुर गैंगरेप कांड की रिपोर्ट तलब कर ली। बुधवार दोपहर एडीजी भानु भास्कर से यह रिपोर्ट मांगी गई। उन्होंने कुछ देर बाद ही जिले पर रेंज व जिले के अफसरों से बात की और प्राथमिक रिपोर्ट भेज दी। इसमें गिरफ्तारियों के अलावा पूरे पाली थाने को लाइनहाजिर करने और इंस्पेक्टर को निलम्बित करने की जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री कार्यालय से एडीजी जोन को निर्देश दिए गए हैं कि इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करें। दोषी कोई भी हो वह बचना नहीं चाहिए।

#### जयपुर और भोपाल कनेक्शन की पड़ताल

नाबालिग के साथ गैंगरेप के मामले में घटना की कुछ परतें जयपुर और भोपाल से खुलेंगी। नाबालिग को मुख्य आरोपित अपने दोस्तों के साथ इन्हीं दोनों शहरों में ले गया था। वहीं कई बार गैंगरेप किया गया। 26 अप्रैल को आरोपित नाबालिग को पाली थाने के एक दरोगा के पास छोड़कर भाग निकले थे।

नाबालिग की मां ने एफआईआर में जानकारी दी कि 22 अप्रैल को आरोपित चंदन अपने साथियों राजभान, हरिशंकर और महेन्द्र चौरसिया के साथ नाबालिग को बहला फुसलाकर भोपाल लेकर भागा था। एफआईआर दर्ज होने के बाद जब पुलिस ने बयान दर्ज किए तो उसने बताया कि बेटी को जयपुर और भोपाल ले जाया गया था।

#### दोनों जगह स्टेशनों के पास वारदात

मां के बयान में यह भी कहा है कि जयपुर और भोपाल में रेलवे स्टेशन के पास गलियों में आरोपितों ने बेटी के साथ घटना को अंजाम दिया। एडीजी भानु भास्कर के मुताबिक विवेचना के दौरान पुलिस टीमों को जयपुर और भोपाल भी भेजा जाएगा। वहां पर आरोपित नाबालिग को लेकर कहां रुके थे, इसका पता किया जाएगा। पुलिस वहां सीसी टीवी फुटेज निकालने का प्रयास करेगी। जिन लोगों ने आरोपितों और नाबालिग को वहां देखा था, उनसे पूछताछ की जाएगी। उन्हें इस मामले में गवाह बनाया जाएगा।

# मेरठ : दारोगा-सिपाही के संरक्षण में शराब की तस्करी

## वीडियो वायरल होने पर एसएसपी ने किया सस्पेंड

मेरठ। एसएसपी मेरठ ने शराब तस्कर गणेश को संरक्षण देने के मामले में टीपीनगर नई मंडी चौकी प्रभारी और बीट सिपाही को सस्पेंड कर दिया है। इलाके की एक वीडियो वायरल हुई थी जिसमें खुलेआम शराब बेचने की पुष्टि हो रही थी। इसी वीडियो के आधार पर एसएसपी ने कार्रवाई की है।

टीपीनगर के नई मंडी इलाके में शराब तस्कर गणेश के घर के आसपास शराब बिक्री की एक वीडियो कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इस मामले में एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने जांच बैठा दी थी। वीडियो की जांच में खुलासा हुआ कि यह हाल ही में बनाया गया है। लाइन लगाकर अवैध रूप से शराब बेची जा रही थी। इस बात की पुष्टि होने के बाद अधिकारियों की ओर से छानबीन कराई गई तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। पता चला कि नई मंडी चौकी प्रभारी और बीट कांस्टेबल का कनेक्शन शराब तस्कर गणेश और बाकी अपराधियों से है। इन्हीं के संरक्षण में यह अवैध धंधा संचालित है। एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने टीपीनगर थाने में नई मंडी चौकी प्रभारी प्रतीक यादव और बीट कांस्टेबल राहुल कुमार को सस्पेंड कर दिया। इनके खिलाफ विभागीय जांच भी बैठा दी गई है।

एसएसपी का ऑपरेशन क्लीन जारी है। गंगानगर थाने में तैनात दरोगा पर रंगदारी का मुकदमा दर्ज कराने के बाद लगातार कार्रवाई की जा रही है। थानेदारों के 75 कारखास पुलिसकर्मियों को एक साथ एसएसपी ने पिछले साल लाइन हाजिर किया था। इसके अलावा अभी हाल ही में खरखौदा थाने में तैनात तीन पुलिसकर्मियों पर आरोपियों को संरक्षण देने और वसूली के मामले में सस्पेंड किया है।

# श्रमजीवी विस्फोट कांड के आरोपियों की जमानत याचिका पर 20 को सुनवाई

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर की एक अदालत में बुधवार को श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन बम विस्फोट कांड के आरोपी हिलाल और नफीकुल विश्वास को कड़ी सुरक्षा में पेश किया गया। दोनो की जमानत याचिका पर अब 20 मई को सुनवाई होगी।

आरोपी नफीकुल की ओर से कोर्ट में दूसरी बार जमानत याचिका दायर की गई, इसमें उसने कहा है कि उसे मुकदमे में गलत ढंग से आरोपी बनाया गया है। वह लंबे समय से जेल में बंद है, प्राथमिकी में वह नामित नहीं है और न ही उसके पास से कोई बरामदगी हुई है। जौनपुर में अपर सत्र न्यायाधीश (प्रथम) अरविंद कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने पत्रावली व जमानत पर सुनवाई के लिए 20 मई की तिथि तय की है।

गौरतलब है कि 28 जुलाई 2005 को सिंगरामऊ क्षेत्र के हरिहरपुर रेलवे क्रासिंग के पास श्रमजीवी विस्फोट कांड में 14 लोग मारे गए थे। इसमें 50 से अधिक यात्री घायल हो गए थे।

### ललितपुर थाने में नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपी थानाध्यक्ष प्रयागराज से गिरफ्तार

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के ललितपुर में पाली थाने के अंदर नाबालिक से दुष्कर्म के फरार आरोपी थानाध्यक्ष (एसएचओ) तिलकधारी सरोज को प्रयागराज पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। एडीजी, प्रयागराज जोन प्रेम प्रकाश ने बताया कि डीआईजी, कानुपर रेंज की सूचना पर आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार प्रयागराज में जुटी थी। इनके मोबाइल की लोकेशन के आधार पर तलाश की जा रही थी। इस दौरान सरोज ने कई मोबाइल बदले। प्रकाश ने बताया कि फोन की लोकेशन के आधार पर पहले बांदा में तलाशी की गयी, फिर चित्रकूट में लोकेशन मिली। फिर सरोज के निरंतर संपर्क में चल रहे एक साथी को प्रयागराज में पकड़ कर पूछताछ की गयी। साथी से मिले सुराग के आधार पर सरोज को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पास से गिरफ्तार किया गया। समझा जाता है कि सरोज उच्च न्यायालय इलाके में किसी वकील से कानूनी परामर्श के लिये आया था। उन्होने बताया कि ललितपुर के अधिकारियों के नेतृत्व वाली एक पुलिस टीम पहले से प्रयागराज में थी। सरोज को इस टीम के सुपुर्द कर दिया गया। जिसे वह ललितपुर ले जाएगी और अग्रिम कार्रवाई करेगी। गौरतलब है कि पीड़िता को चार लड़के गत 22 अप्रैल को बहला फुसलाकर भोपाल ले गए थे। जहां पर तीन दिन उन लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद 25 अप्रैल को पाली में 13 साल की मासूम पीड़िता को छोड़कर फरार हो गए। बाद में पुलिस ने पीड़िता की मौसी को बुलाकर उसे सौंप दिया। इसके बाद 27 अप्रैल को थानाध्यक्ष ने बयान लेने के लिए पीड़िता को थाने में बुलाया और अपने कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद उसने पीड़िता की मौसी को बुलाया और उसे साथ भेज दिया। इसके बाद 30 अप्रैल को पुलिस ने फिर से पीड़िता को थाने बुलाया और थाने से लड़की को चाइल्ड लाइन भेज दिया गया। जहां उसने चाइल्ड लाइन के अधिकारियों को अपनी आपबीती सुनाई। इस पर चाइल्ड लाइन वालों ने पीड़िता की मां को बुलाया। जहां लड़की ने बताया कि उसके साथ चार लड़के और एक दरोगा ने दुष्कर्म किया है। जिसके बाद पाली थाने में थानाध्यक्ष सहित 6 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

# कुशीनगर : आर्थिक तंगी से परेशान दंपति ने मासूम संग पीया जहर, पति-पत्नी की मौत, बेटी गंभीर





कुशीनगर। कुशीनगर में दिल दहलाने वाली घटना हुई है। पटहेरवा थाना क्षेत्र के अमवा श्रीदूबे गांव में आर्थिक तंगी से जूझ रहे दंपति ने बच्चों के साथ पेय पदार्थ में जहर मिलाकर पी लिया। इससे पति-पत्नी की मौत हो गई। बेटी का गंभीर अवस्था में इलाज चल रहा है। राहत की बात यह है कि मृत दंपति का बेटा पेय पदार्थ पीने से मना करते हुए वहां भाग निकला। पुलिस ने शवों का पंचनामा तैयार कर पीएम के लिए भेज दिया। अमवा श्रीदूबे निवासी रामप्रवेश गुप्ता की तीन संताने हैं। बड़ा बेटा अजीत कुमार गुप्त उम्र 32 वर्ष पहले मुंबई रहकर रोजगार करता था। जबकि दो बेटों की शादी अभी नहीं हुई है।

अजीत कोरोना के दौरान मुंबई से घर आने के बाद घर पर ही रहने लगा था। रोजगार नहीं मिलने के कारण कुनबा आर्थिक तंगी का शिकार हो गया। खेती बाड़ी भी नाममात्र की ही है। इसके चलते अजीत काफी तनाव में रहता था। मंगलवार की शाम अपने पत्नी सिंधू उम्र 30 वर्ष के साथ दवा खरीदने की बात कह कर दोनों घर से निकले। देर शाम लौटे तो ठंडा पेय पदार्थ की बोतल लेकर आये और अपने आठ वर्षीय बेटे अंश व दस वर्षीय बेटी नंदिनी को पत्नी सहित एक कमरे में बैठाकर ठंडा पिलाने लगा। हालांकि पत्नी ने बच्चों को ठंडा पीने से मना किया लेकिन नंदिनी गिलास उठाकर पी गयी।

इसके बाद दोनों पति पत्नी ने भी उसे पीया। इस दौरान अंश वहां से भाग गया। कुछ ही देर में तीनों की हालत गंभीर होने लगी तो परिजन उन्हें इलाज के लिए सीएचसी फाजिलनगर ले गये जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल जाते समय रास्ते में ही अजीत की मौत हो गई और पत्नी एवं पुत्री का इलाज जिला अस्पताल में होने लगा। बुधवार को सुबह पत्नी ने भी दम तोड़ दिया। दूसरी ओर पुत्र के मौत की खबर सुनकर दिल के मरीज अजीत के पिता रामप्रवेश गुप्त की हालत भी गंभीर हो गई।

उन्हें इलाज के लिए गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में भेजा गा है। माता ऊषा देवी बदहवास घर पड़ी हुई हैं। वह कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं हैं। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि दंपति ने पुत्री के साथ ठंडा में जहरीला पदार्थ मिलाकर पीया है। पति और पत्नी की मृत्यु हो गई है। पुत्री का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

#### इंसफेलाइटिस होने के बाद मानसिक रूप से बीमार हो गया था अजीत

ग्रामीणों का कहना है कि अजीत को लगभग छह वर्ष पूर्व इंसेफेलाइटिस हुआ था। इलाज मेडिकल कालेज गोरखपुर में चला था। काफी दिनों बाद वह ठीक तो गया लेकिन इंसेफेलाइटिस के चलते उसका वह मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। लोगों का कहना है कि आर्थिक तंगी के साथ इस घटना का कारण उसका मानसिक संतुलन भी हो सकता है।

# आगरा, मथुरा, लखनऊ और प्रयागराज में शुरू होगी हेलीपोर्ट सेवा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत पर्यटकों को आकर्षित करने के लिये अगले दो सालों में चार शहरों में हेलीपोर्ट सेवा शुरू करने की योजना बना रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि अगले छह महीने में आगरा और मथुरा में हेलीपोर्ट सेवा के संचलन के लिए पब्लिक, प्राइवेट पार्टनर (पीपीपी) का चयन हो जाएगा। अगले दो साल में प्रदेश की राजधानी और नवाबों के शहर लखनऊ, तीरथ राज प्रयाग में भी हेलीपोर्ट सेवा शुरू करने का लक्ष्य योगी सरकार का है। उन्होने कहा कि अगर सब कुछ तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार जारी रहा तो श्रद्धालु 2025 में होने वाले कुंभ के नजारे आसमान से देखकर अपने मन मस्तिष्क पर चस्पा कर सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि आसमान से ही विंध्य और चित्रकूट की प्राकृतिक खूबसूरती दिखाने के लिए रोपवे सेवा शुरू की जा चुकी है। विंध्याचल में अष्टभुजा एवं कालीखोह रोपवे का संचालन पिछले साल अगस्त से और चित्रकूट रोपवे का संचलन सितंबर 2019 से ही शुरू हो चुका है। अगले छह महीने में आप राधा-कृष्ण और कृष्ण एवं ग्वाल-बालों की क्रीड़ा स्थली ब्रज भूमि के दर्शन के लिए मथुरा में बरसाना का रोपवे भी चालू हो जाएगा। उन्होने बताया कि दो साल में प्रयागराज में झूंसी से त्रिवेणी पुष्प तक नए रोपवे का निर्माण कार्य शुरू करने का लक्ष्य पर्यटन विभाग ने तय किया है। चंद रोज पहले मंत्री परिषद के समक्ष प्रस्तुतिकरण के दौरान पर्यटन विभाग ने अपने लिए 100 दिन, दो और पांच साल के लिए जो लक्ष्य तय किया है उसमें भी इन सारी बातों का जिक्र है। प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने कहा कि देश-दुनियां में ब्रांड यूपी और मजबूत करने, स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं राजस्व में वृद्धि का सबसे प्रभावी जरिया पर्यटन है। हर लिहाज से बेहद सम्पन्न विरासत के नाते उत्तर प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र की असीम संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि अपनी सम्पन्न विरासत के आधार पर प्रदेश को देश-दुनिया का सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थल बनाया जाय। विभाग उसी मंशा के मद्देनजर काम कर रहा है।

## शार्ट न्यूज

### इंडिगो के चेयरमैन बनाए गए वेंकटरमणि सुमंत्रन




कोलकाता। देश में निजी क्षेत्र की विमान कंपनी इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड (इंडिगो) ने बुधवार को बताया कि कंपनी के निदेशक मंडल ने वेंकटरमणि सुमंत्रन को चेयरमैन नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। डॉ सुमंत्रन 28 मई, 2020 से निदेशक मंडल में स्वतंत्र गैर-कार्यकारी निदेशक की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वह मेलेवितिल दामोदरन का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल तीन मई को समाप्त हो गया है। इंडिगो के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ने कहा, डॉ सुमंत्रन एक उत्कृष्ट व्यवसायी होने के साथ-साथ इंडिगो निदेशक मंडल के एक उच्च अनुभवी सदस्य हैं। जैसे की हम अपने महत्वाकांक्षी विदेशी यात्राओं के विस्तार के अगले चरण के लिए तैयार हैं, डॉ. सुमंत्रन की अंतरराष्ट्रीय बाजारों और विश्व स्तरीय वैश्विक प्रथाओं की समझ हमें अच्छा मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

### टाटा पावर ने गुजरात में शुरू की सौर परियोजना

मुंबई। टाटा पावर के स्वामित्व वाली अनुषंगी टाटा पावर रिनेवेबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) ने गुजरात के मेसांका में 120 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना की शुरुआत की है जिसमें सलाना 3,05,247 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इस सौर परियोजना से वार्षिक 1.03 लाख टन कार्बन डाइ ऑक्साइड को कम करने में मदद मिलेगी। टाटा पावर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक डॉ प्रवीर सिन्हा ने कहा, मेशांका में 120 मेगावाट सोलर ऊर्जा परियोजना की शुरुआत करते हुए हम गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं जो महज पांच महीनों में तैयार की गयी है। हमने सौर ईपीसी मूल्य श्रृंखला में बेजोड़ कौशल के साथ-साथ एक प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है और देश के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस परियोजना के साथ टाटा पावर की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 3520 मेगावाट हो गयी है जिसमें 2,588 मेगावाट सौर और 932 मेगावाट पवन ऊर्जा है।

### टाटा टेक्नोलॉजीज ने पंजाब में ई-वाहन कारखाना लगाने का प्रस्ताव रखा

चंडीगढ़। टाटा समूह की कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज ने पंजाब सरकार के समक्ष प्रदेश में विद्युत वाहन उत्पादन केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, कंपनी के एक प्रतिनिधिमंडल ने यहां बुधवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात के दौरान यह प्रस्ताव रखा। इस मुलाकात के दौरान कंपनी के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वारेन हैरिस, वैश्विक अध्यक्ष (मानव संसाधन एवं सूचना प्रौद्योगिकी) पवन भागेरिया और अन्य अधिकारी मौजूद थे। कंपनी के प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब में ईवी विनिर्माण केंद्र स्थापित करने के प्रति गहरी रुचि जाहिर की और कहा कि वे राज्य में अपने वर्तमान निवेश को भविष्य में 1,600 करोड़ रुपये तक पहुंचाना चाहते हैं। अभी यह 250 करोड़ रुपये है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे नयी निर्माण इकाई के साथ ई-वाहन के कलपुर्जों के निर्माण के लिए सूक्ष्म, लघु और मझौली उद्यमों को प्रोत्साहित करेंगे जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। कंपनी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के युवकों को कौशल प्रशिक्षण देने का भी वादा किया है। टाटा टेक्नोलॉजीज के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए श्री मान ने उनके प्रस्ताव पर पूरा समर्थन देने का वादा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में औद्योगीकरण तेज करने के प्रति प्रतिबद्ध है।

### कोटक महिंद्रा बैंक ने शांति एकम्बरम को बनाया पूर्णकालिक निदेशक

मुंबई। कोटक महिंद्रा बैंक ने बुधवार को बताया कि उसके निदेशक मंडल ने शांति एकम्बरम को पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। उन्हें तीन वर्ष के लिए नियुक्त करने का फैसला किया गया है जो 01 नवंबर 2022 से प्रभावी होगा। बैंक की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि सुश्री एकम्बरम की निदेशक मंडल में नियुक्ति के लिए अभी भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमोदन लिया जाना है। बैंक ने यह भी बताया कि के.वी.एस मानियन को और तीन वर्ष के लिए पूर्णकालिक निदेशक बनाए रखने का फैसला किया है। उनकी दोबारा नियुक्ति 01 नवंबर से किए जाने का प्रस्ताव है। उनका वर्तमान कार्यकाल 31 अक्टूबर को पूरा हो रहा है। इस मामले में भी रिजर्व बैंक की मंजूरी ली जानी बाकी है। बयान के अनुसार बैंक ने गौरांग शाह को पूर्णकालिक निदेशक और निदेशक पद पर दोबारा ना नियुक्त किए जाने के आग्रह को स्वीकार कर लिया है। श्री शाह का वर्तमान कार्यकाल 31 अक्टूबर 2022 को समाप्त हो रहा है। हलांकि श्री शाह कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, कोटक महिंद्रा जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, कोटक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड, कोटक महिंद्रा (ब्रिटेन) लिमिटेड, कोटक महिंद्रा इंक. और कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक के रूप में बने रहेंगे।

### सेवाओं का निर्यात 2021-22 में रिकॉर्ड 254.4 अरब डालर

नयी दिल्ली। भारत से सेवाओं का निर्यात वर्ष 2021-22 में 254.4 अरब डालर की नयी ऊंचाई पर पहुंचकर 2019-20 के 213.2 अरब डालर के पिछले कीर्तिमान को पीछे छोड़ दिया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च 2022 में सेवा निर्यात 26.9 अरब डालर का रहा जो अबतक का सर्वोच्च मासिक निर्यात है। मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक वर्ष के दौरान दूरसंचार, कंप्यूटर, सूचना सेवाएं, अन्य व्यवसायिक सेवाओं और परिवहन क्षेत्र ने सेवा निर्यात को नयी ऊंचाई पर पहुंचाने में उल्लेखनीय योगदान किया है। बयान के मुताबिक 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में भारत का वस्तु एवं सेवाओं का निर्यात कुल मिलाकर 676.2 अरब डालर रहा जोकि एक नया कीर्तिमान है। कोविड से पहले 2019-20 में भारत का वस्तु और सेवाओं का निर्यात कुल मिलाकर 526.6 अरब डालर था। कोविड से प्रभावित 2020-21 में सम्मलित निर्यात घटकर 497.9 अरब डालर रहा था। वर्ष 2021-22 में वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात करीब 422 अरब डालर के बराबर रहा। मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात 38.19 अरब डालर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा जिसे वित्त वर्ष के दौरान निर्यात क्षेत्र के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है।

### विवो ने किया टी सीरीज का विस्तार

नयी दिल्ली। स्मार्टफोन बनाने वाली प्रमुख कंपनी विवो ने आज भारतीय बाजार में अपने टी सीरीज के स्मार्टफोन का विस्तार करते हुये दो नये स्मार्टफोन विवो टी 1प्रो 5जी और विवो टी1 44 डब्ल्यू लाँच करने की घोषणा की जिसकी शुरूआती कीमत 14499 रुपये है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि विवो टी 1 प्रो 5 जी मोबाइल गेमरों को ध्यान रख कर विकसित किया है गया जिसमें स्नैपड्रैगन 778जी 5 जी प्रोसेसर , एमोलेड डिस्प्ले, 8 लेयर कूलिंग टेक्नालॉजी के साथ 66 वॉट फ्लैश चार्जिंग की सुविधा दी गयी है। इसमें 64 एमपी एआई त्रिपल कैमरा है। इसमें आठ एमपी अल्ट्रा वाइड और दो एमपी मैक्रो कैमरा के साथ ही 16 एमपी का फ्रंट कैमरा दिया गया है। इसके साथ ही विवो टी1 44 डब्ल्यू में 5000 एमएएच की बैटरी, एमोलेड डिस्प्ले, 44 वॉट फ्लैश चार्जिंग के साथ ही इन डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर जैसे फीचर दिये गये हैं। इसमें 50 एमपी का प्राइमरी कैमरा, दो एमपी को मैक्रो कैमरा और दो एमपी बोकेह कैमरा दिया गया है।

# बेकाबू महंगाई को काबू में करने के लिए नीतिगत दरों में बढोतरी

एजेंसी



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने बढ़ती महंगाई पर चिंता जताते हुये इसको काबू में करने के उद्देश्य से तंत्र में उपलब्ध अतिशेष तरलता को सोखने के उद्देश्य से आज रेपो दर में तत्काल प्रभाव से 40 आधार अंक की तथा नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 50 आधार अंक की बढोतरी करने का निर्णय लिया है, जिससे सभी प्रकार के ऋण महंगें हो जायेंगे। कोरोना काल के शुरू होने के बाद मई 2020 के बाद पहली बार रिजर्व बैंक ने इन दरों में बढोतरी की है। सीआरआर में बढोतरी किये जाने से तंत्र से 83 हजार रुपये केन्द्रीय बैंक के पास आयेंगें। यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग के कारण वैश्विक स्तर पर उत्पन्न स्थिति के बीच मौद्रिक नीति समिति की दो और चार मई को हुयी अप्रत्याशित बैठक के बाद आज दोपहर केन्द्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस बैठक में लिए गये निर्णय की जानकारी देते हुये कहा कि रेपा दर को अब 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.40 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही स्टैंडिंग डिपोजिट फैसिलिटी(एसडीएफ) दर को भी 40 आधार अंक बढ़ाकर 4.15 प्रतिशत और मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) दर को 4.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.65 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही सीआरआर को अब 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.50 प्रतिशत कर दिया गया है जो 21 मई से प्रभावी होगा।

उन्होंने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने महंगाई को लक्षित दायरे में रखने को सुनिश्चित करने में समायोजन को वापस लेते हुये विकास को समर्थन करने के लिए अपने मौद्रिक रुख को समायोजन वाला बनाये रखने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि आज लिये गये निर्णय का लक्ष्य मध्यकाल में विकास को समर्थन करते हुये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई का छह प्रतिशत तक के लक्षित दायरे में रखना है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष अप्रैल में हुयी समिति की बैठक के बाद से वैश्विक स्तर पर भू राजनैतिक तनावों और प्रतिबंधों से कई कारक ऐसे हुये हैं जिससे बाधा आयी है और वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हुयी है। कीमतों में बढ़ोतरी हुयी है।

इससे आर्थिक स्तर पर जोखिम बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने तीन महीने से भी कम समय में वैश्विक आर्थिक विकास परिदृश्य में कटौती की है।

इसके साथ ही विश्व व्यापार संगठन ने भी वैश्विक व्यापार वृद्धि के अनुमान में कटौती की है।

## हैदराबाद हवाई अड्डे का परिचालन अधिकार 2068 तक रहेगा जीएमआर के ही पास

हैदराबाद। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (आरजीआईए) के परिचालन के संबंध में जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीएचआईएएल) के साथ करार को 30 साल के लिए बढ़ा दिया है। इस निर्णय के बाद कंपनी 2068 तक इस हवाई अड्डे का परिचालन और रखरखाव करती रहेगी। नए समझौते की अवधि 23 मार्च, 2038 से 22 मार्च, 2068 तक की है।

कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि 20 दिसंबर, 2004 को हुए समझौते की अवधि में विस्तार किया गया है। सामरिक रूप से महत्वपूर्ण आरजीआईए ने हैदराबाद शहर को वैश्विक विमानन मानचित्र पर प्रमुखता से उभारा है। यह हवाई अड्डा इस क्षेत्र की समृद्धि, विकास और चौतरफा आर्थिक विकास में योगदान कर रहा है। आरजीआईए इस समय दक्षिण और मध्य भारत के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है। यह हवाईअड्डा 31 महीनों में बनकर तैयार हुआ था और इसका उद्घाटन मार्च 2008 में हुआ था। शुरू में इस हवाईअड्डे पर वार्षिक 1.2 करोड़ यात्रियों को संभालने की क्षमता थी। कारोना वायरस महामारी से पहले 2019 में इसकी क्षमता बढ़ा कर 201 2.1 करोड़ यात्री तक कर दी गयी थी। कंपनी ने कहा कि है कि इस समय हैदराबाद हवाईअड्डे का बड़े स्तर पर विस्तार किया जा रहा है ।

## रेपो दर में बढ़ोतरी से शेयर बाजार में मचा कोहराम

मुंबई। रिजर्व बैंक (आरबीआई) के महंगाई को नियंत्रित करने के उद्देश्य से आज अप्रत्याशित कदम उठाते हुए रेपो दर में 40 आधार अंक की बढ़ोतरी करने से घबराए निवेशकों की चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

आरबीआई ने बढ़ती महंगाई पर चिंता जताते हुये इसको काबू में करने के उद्देश्य से रेपो दर में आज तत्काल प्रभाव से 40 आधार अंक की बढोतरी करने का निर्णय लिया है। इससे कारोबार के अंतिम चरण में हुई चौतरफा बिकवाली से बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1306.96 अंक लुढ़ककर करीब ढाई माह के निचले स्तर एवं 56 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 55,669.03 अंक पर आ गया। इससे पहले सेंसेक्स 14 मार्च को 56,486.02 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 391.50 अंक का गोता लगाकर 16,677.60 अंक पर रहा। साथ ही विश्व स्तर पर निवेशक वर्ष 2000 के बाद से अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में सबसे बड़ी वृद्धि के लिए तैयार हैं। इससे अंतरराष्ट्रीय शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। इसका असर भी घरेलू शेयर बाजार पर रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.57, जर्मनी का डैक्स 0.23, जापान का निक्केई 0.11 और हांगकांग का हैंगसैंग 1.10 प्रतिशत टूट गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 2.41 प्रतिशत की तेजी रही।

इस दौरान बीएसई के सभी 19 समूहों में गिरावट रही। बेसिक मैटेरियल्स 2.53, सीडीजीएस 3.01, ऊर्जा 1.02, एफएमसीजी 1.67, वित्त 2.63, हेल्थकेयर 2.92, इंडस्ट्रियल्स 2.64, टेलीकॉम 2.73, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 3.88 और रियल्टी समूह के शेयर 3.31 प्रतिशत गिर गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 149 अंक की तेजी लेकर 57,124.91 अंक पर खुला और लिवाली के बल पर 57,184.21 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बिकवाली के दबाव में यह कारोबार के अंतिम चरण में 55,501.60 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 56,975.99 अंक की तुलना में 2.29 प्रतिशत उतरकर 55,669.03 अंक पर आ गया। बीएसई में कुल 3475 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2645 में बिकवाली जबकि 734 में लिवाली हुई वहीं 96 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

एनएसई भी 28 अंक बढ़कर 17,096.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 17,132.85 अंक के उच्चतम जबकि 16,623.95 अंक के न्यूनतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 17,069.10 अंक के मुकाबले 2.29 फीसदी का गोता लगाकर 16,677.60 अंक पर रहा। इस दौरान एनएसई में 45 कंपनियों के शेयर लुढ़के जबकि शेष पांच में तेजी रही। इस दौरान कोटक बैंक, एनटीपीसी और पावरग्रिड की 2.75 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर सेंसेक्स की शेष 27 कंपनियों में गिरावट रही। बजाज फाइनेंस ने सबसे अधिक 4.29 प्रतिशत का नुकसान उठाया। इसके अलावा बजाज फिनसर्व 4.18, टाइटन 4.11, इंडसइंड बैंक 3.98, एचडीएफसी बैंक 3.34, मारुति 3.17, रिलायंस 3.14, एलटी 2.74, टाटा स्टील 2.60, एचडीएफसी 2.50, आईसीआईसीआई बैंक 2.31, एसबीआई 2.27, टीसीएस 1.68 और आईटीसी के शेयर 1.29 प्रतिशत टूटे।

## 'ई-वाहन को बढ़ावा देने के लिए स्टोरेज-बैटरी उद्योग में मानकीकरण की जरूरत पर बल'

नयी दिल्ली। देश में आने वाले वर्षों में बिजली-भंडारण उद्योग में साल -दर-साल 24 प्रतिशत तथा विद्युत वाहन (ईवी) बैटरी की मांग में वार्षिक 30 प्रतिशत की दर से वृद्धि की संभावनाओं पर बल देते हुए राजधानी में बिजली स्टोरेज उद्योग और प्रौद्योगिकी पर एक सम्मेलन में ईवी बैटरी के मानकीकरण और ऊर्जा के अक्ष्य स्रोतों की बिजली की स्टोरेज प्रौद्योगिकी और क्षमता में विस्तार पर विशेष बल दिया गया है।

इंडिया एनर्जी स्टोरेज वीक एक्सपो सम्मेलन 2022 में वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण की चिंताओं के चलते भविष्य में यातायात के साधनों में विद्युत वाहन का प्रयोग बढ़ेगा। इन्हीं संभावनाओं के मद्देनजर ईवी बैटरी उद्योग में मानकीकरण के महत्व पर बल देते हुए कहा गया कि इससे ईवी के चलन को प्रोत्साहन मिलेगा।

एक्सपो के उद्घाटन सत्र में परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, हमें बैटरी स्टोरेज में अक्षय ऊर्जा को स्टोर करने के लिए स्टोरेज की आवश्यकता है। बैटरियों के मानकीकरण से ईवी अपनाने में तेजी आ सकती है ऐसे में हमें बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के मानकीकरण की भी आवश्यकता है।' नीति आयोग, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारी उद्योग मंत्रालय, रसायन और पेट्रो-रसायन विभाग और ऊर्जा मंत्रालय, नवीन और अक्षय ऊर्जा मंत्रालय के सहयोग से आयोजित सम्मेलन के दूसरे दिन पूर्ण सत्र में श्री गडकरी ने कहा कि आने वाले वर्षों में ऑटोमोबाइल एक महत्वपूर्ण उद्योग होगा और 2030 तक बैटरी तकनीक की मांग बहुत ज्यादा होगी तथा मेक इन इंडिया पहल को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने ईवी व्यवसाय से जुड़े सभी लोगों से मिलकर काम करने और स्वच्छ व हरित भविष्य हेतु अभिनव समाधान विकसित करके का आह्वान किया। कस्टमाइज्ड एनर्जी सॉल्यूशंस (सीईएस) के एमडी और आईईएसए इंडिया के अध्यक्ष, डॉ. राहुल वालावलकर ने कहा, भारत ग्रीन हाइड्रोजन और ई-मोबिलिटी क्षेत्र में वैश्विक नेता बनकर उभर रहा है। चूंकि परिवहन के साधनों का भविष्य और पर्यावरण पर इसका प्रभाव दुनिया भर में चिंता का विषय है, इसलिए ई-वाहन प्रणाली के पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने और ई-वाहन को लोगों के लिए व्यवहार्य विकल्प बनाने हेतु उपयुक्त ई-मोबिलिटी मानदंडों और विनियमों की बेहद आवश्यकता है।'

सम्मेलन के संबंध में तैयार एक परचे में कहा गया है कि अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में लगातार वृद्धि होने के साथ, यह उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में ऊर्जा भंडारण प्रणालियों की मांग बढ़ेगी। इसलिए, ऊर्जा उद्योग की दक्षता को बेहतर बनाने के लिए, ऊर्जा भंडारण के नाम से प्रसिद्ध यह नया रुझान तेजी से बढ़ रहा है।

इसमें कहा गया है कि ऊर्जा भंडारण उद्योग में साल-दर-साल 24 प्रतिशत की दर से वृद्ध होने का अनुमान है।

इसमें इंडिया एनर्जी स्टोरेज एलायंस (आईईएसए) की रिपोर्ट के हवाला देते हुए कहा गया है कि भारतीय ईवी उद्योग वर्ष 2026 तक साल दर साल 36 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ेगा। इस पूर्वानुमान की अवधि के दौरान, यह अनुमान है कि इसी अवधि के दौरान ईवी बैटरी बाजार के साल दर साल 30 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की संभावना है।

इस पांच दिवसीय प्रमुख कार्यक्रम में ऊर्जा भंडारण एप्लिकेशन, ईवी इकोसिस्टम, इलेक्ट्रिक परिवहन पर विनियमन और नीति, विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास, स्टेशनरी स्टोरेज और कई अन्य विषयों पर चर्चा के सत्र निर्धारित हैं।

## रिजर्व बैंक ने नीतिगत दर 0.40 प्रतिशत बढ़ाई

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए अपनी नीतिगत दर रेपो को बुधवार को 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.4 प्रतिशत पर करने की घोषणा की।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने आरबीआई मुख्यालय पर इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि दीर्घकालीन वृद्धि दर के हित में मुद्रास्फीति को काबू में रखना जरूरी है। उन्होंने वर्तमान आंतरिक और बाहरी परिदृश्यों को चुनौतीपूर्ण बताते हुए कहा कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति पर अंकुश रखने के साथ-साथ आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने की नीति के प्रति प्रतिबद्ध है।

आरबीआई ने मई 2020 से अपनी रेपो दर (वह दर जिसपर केंद्रीय बैंकों को एक दिन के लिए धन उधार देता है) को 4 प्रतिशत पर बनाए हुए था ताकि कोविड से त्रस्त अर्थव्यवस्था को वृद्धि की राह पर आगे बढ़ाया जा सके।

रेपो दर बढ़ाने की रिजर्व बैंक की घोषणा के बाद शेयर बाजार में तेज गिरावट दर्ज की गयी। बीएसई का 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स कारोबार के दौरान में 1342 अंक तक नीचे आ गया था।

कोविड का संकट कम होने और आर्थिक गतिविधियों में तेजी के बीच अचानक रूस यूक्रेन युद्ध से जिंसों का अंतरराष्ट्रीय बाजार और आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने के कारण मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ गया है। मार्च में भारत में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 6.95 प्रतिशत तक पहुंच गयी जो इसका 17 महीने का उच्चतम स्तर है। फरवरी में भी मुद्रास्फीति 6.07 प्रतिशत थी जबकि रिजर्व बैंक को खुदरा महंगायी दर को 2-6 प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी मिली हुयी है। आरबीआई गर्वनर ने कहा कि तमाम उभरती चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था बाहरी आधातों से निपटने के लिए पहले से बेहतर स्थिति में है।

## कैटरीना कैफ बनी मेडिमिक्स की ब्रांड अंबेसडर

नयी दिल्ली। आयुर्वेदिक पर्सनल केयर ब्रांड मेडिमिक्स ने अभिनेत्री कैटरीना कैफ को अपना ब्रांड अंबेसडर बनाने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि मेडिमिक्स पिछले 50 वर्षों में 'प्राकृतिक तरीके से त्वचा की देखभाल' का पर्याय बनकर आगे बढ़ा है।

अपनी पोजीशनिंग तेजी से काम करने वाले आयुर्वेद से त्वचा को स्वस्थ बनाएं'' के साथ इस ब्रांड का लक्ष्य ऐसे युवाओं तक पहुँचना है, जो क्षमता या प्रभाव से समझौता किये बिना रसायन से मुक्त प्राकृतिक आयुर्वेदिक उत्पादों पर बड़ी संख्या में सचेत हो रहे हैं। उसने कहा कि कैटरीना कैफ प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रहने में पक्का यकीन रखती हैं और उन्होंने अपनी त्वचा को स्वस्थ रखने के लिये मेडिमिक्स साबुन और बॉडीवाश रेंज में आयुर्वेद के गुणों और इसकी सर्वश्रेष्ठ सामग्रियों पर भरोसा किया है। मेडिमिक्स ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी चोलायिल प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप चोलायिल ने कहा, मेडिमिक्स नाम भरोसे और गुणवत्तान का पर्याय है।

हमारे पास ऐसे उत्पादों की एक श्रृंखला है, जो सक्षम आयुर्वेदिक सामग्रियों से भरे हैं।

## कोयला क्षेत्र पर मुंबई में सम्मेलन की योजना, बंद खानों को चलाने, गैसीकरण परियोजना पर होगा विचार

मुंबई। केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी कोयला उद्योग पर शुक्रवार को मुंबई में एक उच्च स्तरीय निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। बुधवार को जारी मंत्रालय की विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस सम्मेलन में मुख्य रूप से कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की बंद अथवा ठप्प पड़ी कोयला खदानों को राजस्व में हिस्सेदारी के आधार पर फिर शुरू करने और कोयला गैसीकरण की आगे की दिशा जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

बयान के मुताबिक इस निवेशक सम्मेलन को सीआईएल और फिक्की की सहभागिता में कोयला मंत्रालय की ओर से आयोजित किया जाएगा। एक दिन के इस सम्मेलन में कोयला, खान और रेल राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे, कोयला सचिव डॉ. अनिल कुमार जैन व अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कोल इंडिया लिमिटेड तथा उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञ भाग लेंगे।

मंत्रालय ने कहा है कि श्री जोशी सम्मेलन के एक सत्र में वर्ष 2030 तक 10 करोड़ टन कोयला गैसीकरण प्राप्त करने के लिए सरकार के प्रयासों में निजी क्षेत्र की भागीदारी की अपेक्षा को समझने की कोशिश करेंगे। जोशी इस अवसर पर मंत्री कोयला मंत्रालय की दो रिपोर्ट यानी %कोयला क्षेत्र के लिए प्रौद्योगिकी रोडमैप और कोयला से हाइड्रोजन के लिए वृहद योजना जारी करेंगे।

भारत में 30.7 करोड़ टन तापीय कोयले का भंडार है। देश में इस समय उत्पादित कोयले का लगभग 80 फीसदी ताप विद्युत संयंत्रों में उपयोग किया जाता है।

पर्यावरण संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने 2030 तक 10 करोड़ टन कोयला गैसीकरण के लिए एक मिशन दस्तावेज तैयार किया है। कोयले के दहन की तुलना में कोयला गैसीकरण को स्वच्छ विकल्प माना जाता है। कोयले से उत्पादित संश्लेषण गैस का उपयोग गैसीय ईंधन जैसे कि हाइड्रोजन (सीसीयूएस के साथ नीला युग्मित), प्राकृतिक गैस (एसएनजी या मीथेन), डाई-मिथाइल ईथर (डीएमई) और तरल ईंधन जैसे मेथनॉल, इथेनॉल, सिंथेटिक डीजल व रासायन जैसे कि मेथनॉल साधित (डेरिवेटिव), ओलेफिन्स, प्रोपीन, मोनो-एथिलीन ग्लाइकोल (एमईजी) और विद्युत उत्पादन के साथ नाइट्रोजन उर्वरक, अमोनिया, डीआरआई, औद्योगिक रसायन के उत्पादन के लिए किया जा सकता है।

## आईएमआरसी में ई-अपशिष्ट व चक्रीय अर्थव्यवस्था पर होगी चर्चा

एजेंसी

नयी दिल्ली। चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा ई-अपशिष्ट निर्माता बन चुका है और इस अपशिष्ट के 95 प्रतिशत से अधिक हिस्से का व्यवस्थापन असंगठित क्षेत्र द्वारा किया जाता है। इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट (ई-अपशिष्ट) एक वैश्विक चुनौती है और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के धड़ल्ले से किए जा रहे इस्तेमाल और तेज़ निपटान के कारण भारत को भी इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

इस विषय से संबंधित चिंताओं का निराकरण करने और वर्ष 2030 तक भारत को एक ग्रीन सुपरपॉवर बनाने के रोडमैप की चर्चा करने के लिए मटेरियल रिसायकलिंग असोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) ने दिल्ली में 5 से 7 मई तक तीन दिवसीय 9वें आईएमआरसी कॉन्फ्रेंस की घोषणा की है।

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न कंपनियों और संघों के वक्ता शामिल होंगे जो भारत में साल 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा निर्माण और साल 2030 तक कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन में एक अरब टन की कमी लाने के भारत सरकार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की पूर्ति करने हेतु भारतीय बाज़ार में रिसाइकलिंग (पुनर्चक्रण) और वैश्विक नियमों और विनियमों को अपनाए जाने की आवश्यकता को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं।

इसमें महत्वपूर्ण विषयों पर पैनल में चर्चा होगी जैसे भारतीय ई-अपशिष्ट उद्योग- समय सहक्रिया का, ईएलवी भविष्य का मार्ग, एक प्रतिमान परिवर्तन¬ बीआईएस मानक, प्रगत प्रौद्योगिकी के साथ प्लास्टिक पुनर्चक्रण (रिसायकलिंग) का संरेखण, चक्रीय अर्थव्यवस्था¬ आगे बढ़ने की राह तथा और कई।

## एलआईसी के आईपीओ में शुरूआती घंटों में मिले 33 प्रतिशत शेयरों के लिए आवेदन

एजेंसी

मुंबई। देश की सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का सार्वजनिक शेयर निर्गम (आईपीओ) बुधवार को आम जनता के लिए खुला और शुरुआती कुछ घंटों में 5.40 करोड़ शेयरों के लिए आवेदन आए। जबकि आईपीओ में शेयरों की कुल संख्या 16.20 करोड़ है।

आईपीओ के पहले दिन 12:50 बजे तक कुल 33 प्रतिशत शेयरों के लिए बोलियां मिल चुकी थीं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों के लिए आरक्षित कोटे में 36 प्रतिशत बोलियां प्राप्त हुयी थी जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित शेयरों की श्रेणी में 08 प्रतिशत बोलियां मिली थी।

इसी तरह एलआईसी के कर्मचारियों और पॉलिसीधारकों के कोटे के शेयरों के लिए क्रमश: 58 प्रतिशत और 116 प्रतिशत आवेदन प्राप्त हुए थे।

यह आईपीओ 09 मई को बंद होगा। इसके लिए आवेदन मूल्य का दायरा 902-949 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। एलआईसी का शेयर बीएसई और एनएसई में 17 मई को सूचीबद्ध होगा।

इस आईपीओ में पॉलिसीधारकों को 60 रुपये और खुदरा एवं कर्मचारियों को 45 रुपये प्रति शेयर की छूट दी गयी है।

एलआईसी में सरकार अपनी 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 21,000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाने की योजना बना रखी है। यह भारत का अबतक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा।

# टीम को कठिन परिस्थितियों से अवगत कराने के लिए हमने लिया बल्लेबाज़ी का फ़ैसला : हार्दिक

मुम्बई, 04 मई (वार्ता) एक करो या मरो मुक़ाबले में टॉस हारना मयंक अग्रवाल के लिए काफ़ी चिंता का विषय रहा होगा। इस सीज़न में टॉस के मामले में पंजाब किंग्स दूसरी सबसे बदक़िस्मत टीम रही है। पंजाब किंग्स ने दस में से आठ टॉस हारे हैं, लेकिन मंगलवार को टॉस हारने के कुछ ही पलों बाद मयंक अग्रवाल को वह मिल गया जो वह टॉस जीतने के बाद करना चाहते थे। गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को पहले गेंदबाज़ी का आमंत्रण दे दिया। हार झेलने के बाद ख़ुद गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने बताया कि उन्होंने पहले बल्लेबाज़ी करने का फ़ैसला परिस्थितियों को ध्यान में रख कर नहीं, बल्कि टीम को कठिन परिस्थितियों से अवगत कराने के मद्देनज़र लिया था। पहली बार उन्होंने दिन के मुक़ाबले में पहले बल्लेबाज़ी का फ़ैसला किया था। जो कि समझ के परे नहीं थी, लेकिन शाम के मुक़ाबले में पहले बल्लेबाज़ी करने का फ़ैसला कुछ ऐसा था जो कि लोगों को सोचने पर मजबूर कर सकता था।

मैच के बाद स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए हार्दिक ने कहा, मैं पहले बल्लेबाज़ी करने के हमारे फ़ैसले का समर्थन करता हूं, क्योंकि हम कठिन परिस्थितियों को सामना करना चाहते थे। हम लक्ष्य का पीछा बहुत अच्छे ढंग से कर रहे हैं, लेकिन हम बल्लेबाज़ों को दबाव की स्थिति से अवगत कराना चाहते थे, ताकि किसी बड़े मैच में हमें पहले बल्लेबाज़ी करनी पड़े तब हमें पता हो कि हमें क्या करना है?



यह वाक़ई जिज्ञासा पैदा करनै योग्य बात है कि टाइटंस इस टूर्नामेंट में पहले बल्लेबाज़ी करने का प्रयोग करने तब गए जब प्ले ऑफ़ में पहुंचने की उनकी स्थिति अब भी स्पष्ट नहीं हुई है। टाइटंस ने दस मुक़ाबलों में से आठ में जीत दर्ज की है। यह आठ जीत भले ही उन्हें प्लेऑफ़ में पहुंचा भी दे, लेकिन सिर्फ़ आठ जीतों के साथ वह अंक तालिका में टॉप दो पर बने नहीं रह सकते।

चूंकि टाइटंस कठिन परिस्थितियों में पहले बल्लेबाज़ी करना चाहते थे, इसलिए सफ़ेद गेंद ने शुरुआत से ही उनके सामने कांटा बदलना शुरु कर दिया। जैसे ही एक बार ओस का पड़ना शुरु हुआ, पंजाब किंग्स के लिए 144 रनों के लक्ष्य का पीछा करना और भी आसान हो गया।

हार्दिक ने कहा, हम एक प्रयास कर के देखना चाहते थे, हमें पता था कि नई गेंद हरकत कर सकती है। हालांकि हमने नियमित अंतराल में विकेट भी गंवाए और अगर आप विकेट गंवाते रहेंगे तो परिस्थितियों के परे भी बल्लेबाज़ दबाव में आएंगे। हम जिस तरह की शुरुआत चाहते थे वह हमें नहीं मिली, लेकिन ठीक है यह हमारे लिए एक सीख के तौर पर है। हालांकि हमें अपने कंफ़र्ट ज़ोन से बाहर निकलने की भी ज़रूरत है और पहले बल्लेबाज़ी करते हुए उस दबाव को नियंत्रित करने की दरकार है। उन्होंने आगे कहा, जब हम जीत रहे थे तब भी हम इस बात पर चर्चा किया करते थे कि हमें कैसे ख़ुद में सुधार लाना है। हमें इस बात पर ध्यान देना है कि किन क्षेत्रों में हमे सुधार की ज़रूत है। अगले कुछ ही दिनों में हमें अगला मैच खेलना है, हमारे पास ज़्यादा समय नहीं बचा है। हालांकि हमें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, हार और जीत खेल का हिस्सा है।

टाइटंस के अनुभवी बल्लेबाज़ डेविड मिलर के मुताबिक इस मुक़ाबले की सबसे बड़ी सीख यही है कि अगली बार से टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाज़ी करने का फ़ैसला ही किया जाए। पोस्ट मैच प्रेस कॉन्फ़्रेंस में मिलर ने कहा, सामान्यत: हमने पहले गेंदबाज़ी करने का फ़ैसला किया होता। शाम के वक़्त कंडीशंस को देखते हुए, ओस को ध्यान में रखते हुए पहले गेंदबाज़ी करना ही सबसे उपयुक्त था। खेल के सभी पहलुओं में चीज़ों को सरल रखने का ही प्रयास किया जाना चाहिए, जैसा कि हमने पिछले नौ मुक़ाबलों में किया भी है, जहां हमने करीबी मुक़ाबलों में जीत दर्ज की है। बल्लेबाज़ अच्छी साझेदारी कर रहे हैं, विकेटों के बीच उम्दा तालमेल दिखा रहे हैं, गेंदबाज़ योजनाओं के बख़ूबी क्रियान्वित भी कर रहे हैं।

# मुकेश को पूरा भरोसा था कि धोनी उन्हें इस सीज़न अपनी टीम में शामिल कर लेंगे

मुंबई। एक मई को गोपाल चौधरी और प्रेमबाई चौधरी ने अपने बेटे मुकेश को क्रिकेट खेलते हुए देखने के लिए महाराष्ट्र के यवतमाल से पुणे तक की यात्रा की। यह दूरी तक़रीबन 500 किलोमीटर से अधिक की है। स्टेडियम में उन्हें प्रीमियम सीट पर बैठाया गया। साथ ही उनकी ख़ातिरदारी काफ़ी अच्छे तरीके से की गई। यह सब उनके लिए पहली बार था। मुकेश ने उस मैच में चार विकेट लिया। चेन्नई की टीम के लिए प्लेऑफ़ की दौड़ में बने रहने के लिए यह जीत दर्ज करना अनिवार्य था। इसके बाद मुकेश के अभिवाहक ख़ुशी-ख़ुशी स्टेडियम से बाहर चले गए।

गोपाल कहते हैं, उसे लाइव खेलते देखना और इतना अच्छा प्रदर्शन करते देखना अद्भुत अहसास था। मैंने पहले उसे केवल इंटरनेट पर लाइव देखा था। लखनऊ में मुश्ताक अली टॉफ़ी (पिछले नवंबर) से पहले, मुकेश ने फोन किया और हमें हॉटस्टार की सदस्यता लेने के लिए कहा ताकि हम उसे टीवी पर खेलते हुए देख सकें। हालांकि उसे सामने से खेलते हुए देखने का अनुभव कुछ अलग ही था।

इस मैच को देखने के बाद गोपाल ने उस समय को याद किया जब उनके छोटे बेटे 13 साल की उम्र में अपने बड़े भाई के साथ जयपुर से पुणे के सिंहगढ़ इंस्टीट्यूट में पढ़ने के लिए चले गए थे। गोपाल कहते हैं, उन्हें हमेशा क्रिकेट पसंद था, लेकिन वह मुख्य रूप से पढ़ाई के लिए वहां गए थे।

परिवार के किसी सदस्य का पेशेवर स्तर खेल से कोई दूर-दूर का नाता नहीं था। गोपाल काम के लिए 1980 के दशक के मध्य में महाराष्ट्र के यवतमाल चले गए थे, लेकिन अपने बेटों उन्होंने राजस्थान के भीलवाड़ा में छोड़ दिया था, जहां वे अपने नाना-नानी के घर के पास ही स्थित एक छात्रावास में पले-बढ़े। उस समय भीलवाड़ा में सिर्फ़ एक बहुउद्देश्यीय मैदान था, जो क्रिकेट मैचों की तुलना में अधिक बार अलग-अलग कार्यक्रमों की मेज़बानी करता था।

मुकेश चौधरी के कोच सुरेंद्र भावे ने कहा,यह 2015 के आसपास का समय था, जब वह पहली बार हमारी अकादमी में आए थे। उनके पास ज़्यादा गति नहीं थी, लेकिन कुछ ऐसे कौशल थे जिसके साथ हम काम कर सकते थे। मुकेश के क्रिकेट कौशल पुणे में उभर कर सामने आए। उनके एक दोस्त, जो एक क्लब क्रिकेटर थे,उन्होंने उन्हें पुणे के लॉ कॉलेज के मैदान में एक लीग गेम में गेंदबाज़ी करते हुए देखा और सुझाव दिया कि वह 22 यार्ड क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण लें। इस अकादमी की स्थापना महाराष्ट्र के पूर्व कप्तान और राष्ट्रीय चयनकर्ता सुरेंद्र भावे ने की थी।

अकादमी में मुकेश पर महाराष्ट्र के कई वरिष्ठ खिलाड़ियों की नज़र पड़ी, जिसमें केदार जाधव, राहुल त्रिपाठी, स्वप्निल गुगले और महाराष्ट्र के वर्तमान कप्तान अंकित बावने जैसे खिलाड़ी भी शामिल थे। वे ऑफ़ सीज़न के दौरान वहां प्रशिक्षण लेने आते थे।

22 यार्ड के मुख्य कोच राजेश माहुरकर कहते हैं, %यह 2015 के आसपास का समय था, जब वह पहली बार हमारी अकादमी में आए थे। उनके पास ज़्यादा गति नहीं थी, लेकिन कुछ ऐसे कौशल थे जिसके साथ हम काम कर सकते थे। हमने भांप लिया था इस खिलाड़ी में प्रतिभा है और इसके साथ काम कर सकते हैं।हमने उनके एक्शन, फ़िटनेस और गति पर काम किया। बारिश हो या धूप, वह बहुत समय का पाबंद था। वह प्रशिक्षण के लिए कभी देर से नहीं आता था। हमने उसे एक सक्षम गेंदबाज बनने के लिए रास्ता तो दिखा दिया था, लेकिन हमारे सामने अगली चुनौती यह थी कि हम उसे ज़्यादा से ज़्यादा मैचों में खेलने का मौक़ा कैसे दें।%

महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के इंविटेशनल टूर्नामेंट में हमारी एक टीम को मैदान में उतारने के लिए योग्य नहीं थी। इस टूर्नामेंट में राज्य के शीर्ष क्लब शामिल होते थे। राज्य चयनकर्ताओं के लिए आयु समूहों और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के लिए टीमों को चुनने के लिए यह एक महत्वपूर्ण समय था।

माहुरकर कहते हैं, उनके एक दोस्त, जो प्रवीण तांबे को जानते थे, उन्होंने एक कॉर्पोरेट टीम खोजने में उनकी मदद की, जिसके लिए वह खेल सकते थे। इसके बाद एक मैच में उन्होंने पांच विकेट लिए और सुर्ख़ियों में आ गए।

2017 में मुकेश ने रेडबुल कैंपस क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी गति और सटीकता से सबको प्रभावित किया।

इस टूर्नामेंट में वह एमएमसीसी कॉलेज की टीम से खेल रहे थे। उनकी टीम के साथियों में एक आगामी बल्लेबाज़ ऋतुराज गायकवाड़ थे, जिन्होंने 2021 में चेन्नई के लिए मुकेश को नेट गेंदबाज़ के रूप में टीम में शामिल करने का सुझाव दिया।

# 'यूक्रेन-रूस युद्ध के दुष्प्रभावों से दुनिया को बचाने की जरूरत'

एजेंसी

कोपेनहेगन। भारत एवं नॉर्डिक देशों ने आज यहां यूक्रेन रूस युद्ध तत्काल रोकने की पुरजोर अपील की तथा इस युद्ध के अस्थिरताकारी परिणामों और उसके क्षेत्रीय एवं वैश्विक प्रभावों से दुनिया को बचाने के उपाय खोजने पर बल दिया।

डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में हुई दूसरी दूसरी भारत नॉर्डिक शिखर बैठक में यूक्रेन-रूस युद्ध सहित अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर गहन विचार मंथन किया तथा बहुपक्षीय सहयोग, हरित प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन, ब्लू इकॉनोमी, नवान्वेषण एवं डिजीटलीकरण के क्षेत्रों में मिल कर काम करने पर बल दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडेरिक्सन, आइसलैंड की प्रधानमंत्री कैटरीन जैकोब्स्डोतिर, स्वीडन की प्रधानमंत्री मैग्डालेना एंडरसन, नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गार स्टोर और फिनलैंड की प्रधानमंत्री सना मैरीन ने शिखर बैठक में भाग लिया। बाद में एक संयुक्त वक्तव्य भी जारी किया गया।

संयुक्त वक्तव्य के अनुसार बैठक में सभी प्रधानमंत्रियों ने मुक्त व्यापार के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह समावेशी विकास एवं सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। नॉर्डिक देशों के प्रधानमंत्रियों ने यूक्रेन पर रूसी सैन्य आक्रमण को गैरकानूनी बताते हुए उसकी कठोर भर्त्सना की। सभी नेताओं ने यूक्रेन में मानवीय संकट पर गहरी चिंता व्यक्त की और नागरिकों की मौतों की निंदा करते हुए सैन्य कार्रवाई को तुरंत रोके जाने पर बल दिया। इसके अलावा कई क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई।

बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि समकालीन वैश्विक व्यवस्था संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र, अंतरराष्ट्रीय कानून तथा देशों की संप्रभुता एवं प्रादेशिक अखंडता के प्रति सम्मान पर आधारित है। नेताओ ने यूक्रेन युद्ध के अस्थिरताकारी परिणामों और उसके क्षेत्रीय एवं वैश्विक प्रभावों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने इस मुद्दे पर एक दूसरे के निकट संपर्क में रहने पर सहमति व्यक्त की।

बैठक में कोविड पश्चात आर्थिक रिकवरी, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, नवान्वेषण, समुद्री क्षेत्र में सहयोग खासकर सतत महासागरीय प्रबंधन, डिजीटाइज़ेशन और हरित एवं स्वच्छ आर्थिक वृद्धि को लेकर बहुपक्षीय सहयोग बढ़ाने के बारे में चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने कोविड और उसके तुरंत बाद यूक्रेन संकट के कारण दुनिया में खाद्यान्न एवं ऊर्जा क्षेत्र में असुरक्षा से निपटने के लिए बहुपक्षीय सहयोग को बहुत महत्वपूर्ण बताया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने नॉर्डिक कंपनियों को भारत के सागरमाला परियोजना के अंतर्गत ब्लू इकॉनोमी क्षेत्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया। बैठक में ऑर्कटिक क्षेत्र के नॉर्डिक क्षेत्र में भारत की साझीदारी के बारे में भी चर्चा हुई। श्री मोदी ने कहा कि भारत की ऑर्कटिक नीति इस क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच साझीदारी को मजबूत करने के लिए काफी महत्वपूर्ण है। श्री मोदी ने नॉर्डिक देशों के सरकारी निवेश कोष से भारत में निवेश करने का न्यौता दिया।

# भारत सरकार ने श्रीलंका की मदद के लिए मुझसे पूछा : प्रेमदासा

एजेंसी

कोलंबो। श्रीलंका में संसद में विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा ने कहा कि भारत सरकार ने श्रीलंका की मदद करने का निर्णय लेने से पहले उनसे सिफारिश मांगी थी। श्री प्रेमदासा ने बुधवार को सदन में कहा, भारत सरकार ने मुझसे पूछा कि क्या उन्हें श्रीलंका की मदद करनी चाहिए या नहीं। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या यह एक अच्छा विचार है। मैं झूठ नहीं बोल रहा हूं। मैंने उनसे कहा कि उन्हें श्रीलंका के लोगों की सहायता के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। इसके बाद ही भारत ने श्रीलंका की मदद करने का फैसला किया। उन्होंने कहा, मैंने यूरोपीय संघ से भी अनुरोध किया है कि वह श्रीलंका में जीएसपी प्लस की सुविधा बंद नहीं करें। हम एक जिम्मेदार पार्टी की तरह काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, हम देश को सही मार्ग पर लाने के लिए सरकार के किसी भी पारदर्शी और वास्तविक प्रयास का समर्थन करेंगे। मेरा सुझाव है कि सरकार एक दान देने वाला सम्मेलन आयोजित करे और हम इस तरह के कदम का समर्थन करेंगे।

गौरतलब है कि इससे पहले साजिथ प्रेमदासा की मुख्य विपक्षी समागी जन बालवेगया (एसजेबी) दल ने राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे और उनकी सरकार के खिलाफ दो अविश्वास प्रस्ताव संसद के अध्यक्ष महिंदा अभयवर्धना सौंपे थे।

# कंबोडिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया में होंगी महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय बैठकें

एजेंसी

नामपेन्ह। कंबोडिया, थाइलैंड और इंडोनेशिया के विदेश मंत्रालयों की ओर से बुधवार को जारी संयुक्त वक्तव्य में बताया गया कि तीनों ही देशों में इस साल महत्वपूर्ण वैश्विक संगठनों आसियान,एपेक और जी - 20 की बैठकें होने जा रही हैं।

बयान में बताया गया था कि आसियान की बैठक 11-13 नवंबर के बीच कंबोडिया में, जी -20 की बैठक 15 से 16 नवंबर के बीच इंडोनेशिया में और एपेक की बैठक 18 से 19 नवंबर के बीच थाइलैंड में होने जा रही है। इन तीनों वैश्विक संगठनों के तहत सभी सदस्य देशों को समेकित वैश्विक और क्षेत्रीय एजेंडे को मिलकर आगे बढ़ाने और सभीलोगों के बीच शांति, समृद्धि, समेकित और अविरत विकास को धारा प्रवाहित करने का अवसर मिलता है। आसियान के शिखर सम्मेलन में सभी नेता वैश्विक अनिश्चित्ता के बीच संगठन को लचीला बनाते हुए मजबूती देने और क्षेत्रीय पृष्ठभूमि तैयार करने में केंद्रीय भूमिका निभाने का काम करेगा। साथ ही कोरोना महामारी के प्रभावों को कम करने के लिए मिलकर किये जाने वाले समेकित प्रयासों को मजबूती देगा।

जी -20 सम्मेलन भी सभी सदस्य देशों को मजबूती के साथ संकट के प्रभावों से बाहर निकालने के लिए जोरदार प्रयास करेगा। संगठन के तहत तीन क्षेत्रों को प्रमुखता दी गयी है स्वास्थ्य, डिजिटल बदलाव और ऊर्जा संक्रमण ,ताकि एक उत्प्रेरक के रूप में जी -20 मजबूत और तीव्र वैश्विक रिकवरी में सहायक हो सके। एपेक सामुहिक समृद्धि के लिए क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं के बीच तेजी से काम करने को प्रोत्साहित करेगा।

## युगांडा : सड़क दुर्घटना में 20 की मौत

कंपाला। पश्चिमी युगांडा में बुधवार को एक यात्री बस पलटने से 20 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने इसकी पुष्टि की। पुलिस की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि हादसा कबरोले जिले में हुआ है, जहां से शवों को बुहिंगा अस्पताल के शहगृह ले जाया गया। पुलिस ने एक बयान में कहा, अब तक 20 लोगों के मरने की पुष्टि हुई है, जिनमें 13 वयस्क और सात बच्चे हैं। मृत 20 लोगों में से 11 पुरुष और नौ महिलाएं हैं। दुर्घटना में घायल हुए लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए बुहिंगा अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस को अब तक दुर्घटना के कारण का पता नहीं लग पाया है। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, युगांडा में हर साल 20,000 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें 2,000 से अधिक लोगों की जानें जाती हैं। यह आंकड़ा युगांडा को उन देशों की सूची में शामिल करता है, जहां सालाना सड़क हादसों में सबसे अधिक मौतें होती हैं।

## पूर्वोत्तर स्पेन में अपार्टमेंट में आग लगने से तीन मरे

बार्सिलोना। पूर्वोत्तर स्पेन में बार्सिलोना के पास एक अपार्टमेंट में बुधवार सुबह आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से झुलस गया। राहत एवं बचाव सेवा ने बताया कि आग सांता कोलोमा डी ग्रामनेट शहर में तीन मंजिला इमारत में लगी। दमकल विभाग ने बताया कि स्थानीय समय के मुताबिक तड़के 4:29 बजे आग लगने की सूचना मिली और 25 मिनट बाद आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से झुलसी एक महिला को बार्सिलोना के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस हादसे में 71 वर्षीय एक व्यक्ति सहित तीन लोगों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## शहबाज ने इमरान को बताया प्रेस की आज़ादी का दुश्मन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को प्रेस की आजादी का दुश्मन बताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल के आखिरी वर्ष में विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में पाकिस्तान 12 अंक फिसलकर 157वें पायदान पर आ गया है। एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन विदाउट बॉर्डर्स की मंगलवार को प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में पिछले साल के 145 स्थान से लुढ़ककर 157वें पायदान पर आ गया है। शहबाज ने ट्वीट करते हुए कहा, पाकिस्तान पिछले साल इमरान खान के शासनकाल के आखिरी वर्ष में विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में 12 अंक नीचे आ गया है और उनके कार्यकाल में यह 18 अंक नीचे आ गया था। इसके चलते उन्हें न केवल एक शर्मिंदगी भरे खिताब प्रेस की आजादी का दुश्मन से नवाजा गया है, बल्कि इसने लोकतंत्र पर भी बुरा असर डाला है। हम प्रेस और अभिव्यक्ति की आजादी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## श्रीलंका के पास बचा है महज पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर विदेशी मुद्रा भंडार

कोलंबो। श्रीलंका के वित्त मंत्री अली साबरी ने बुधवार को कहा कि देश के पास मौजूदा समय में उपयोग योग्य विदेशी मुद्रा भंडार पांच करोड़ डॉलर से भी कम बचा है। साबरी ने संसद को बताया कि श्रीलंका को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से बहुत पहले सहायता मांगनी चाहिए थी। उन्होंने बताया कि आईएमएफ कार्यक्रम में प्रवेश करने में कम से कम छह महीने लगेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को रुपया भी पहले जारी करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट से निपटने के लिए वित्त प्राप्त करने को कई देशों के साथ चर्चा चल रही है। वर्ष 2019 के अंत तक श्रीलंका का विदेशी उपयोग योग्य भंडार सात अरब डॉलर था। उन्होंने बताया कि सरकार का कर राजस्व घटकर सकल घरेलू उत्पाद का 8.7 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने बताया कि 2022 का बजट यथार्थवादी नहीं था और सरकार को जल्द ही संसद में एक नया बजट प्रस्ताव पेश करने की उम्मीद है।

# शार्ट न्यूज

## आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका को ऑस्ट्रेलिया दौरे से उम्मीदें

श्रीलंका। श्रीलंका में बिगड़ती आर्थिक स्थिति और राजनीति संकट के बीच अगले माह देश में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर संशय की स्थिति पैदा हो गयी है, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया(सीए) महीने भर की लंबी सीरीज को आगे बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। एसएलसी के सचिव मोहन डि सिल्वा ने बुधवार को क्रिकबज से कहा अभी ऑस्ट्रेलिया यात्रा निर्धारित दिशानिर्देश के अनुसार होगी । हम लोग हालिया स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और अगले कुछ दिनों में इसके बारे में निर्णय लिया जायेगा। श्रीलंका में सात जून से 12 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान तीन टी 20, पांच एकदिवसीय और दो टेस्ट मैच खेले जाने है।जमीनी स्थिति के खराब होने के कारण एसएलसी के अधिकारी इस सीरीज पर अनिश्चितता का संकट मान रहे हैं। श्रीलंका में इस समय जरूरी समान, ईंधन, खाने की कमी है तथा लोग लंबे समय तक बिजली कटौती का सामना कर रहे हैं। पिछले महीने यहां 12 घंटे तक बिजली में कटौती हुई थी लेकिन स्थिति में हल्का सुधार हुआ है। हालांकि मई दिवस के दिन बिजली की कटौती नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि एसएलसी के स्टेकहोल्डरों का मानना है कि डे-नाइट मैच सिर्फ दिन में कराए जाना चाहिए ।डि सिल्वा ने कहा कि इस पर जल्द ही फैसला लिया जायेगा, लेकिन एसएलसी के एक अधिकारी ने कहा कि बोर्ड सिर्फ राष्ट्रीय ग्रिड पर निर्भर नहीं है। श्रीलंका नेशनल टीम के पूर्व मैनेजर चरित सेनानायके ने कहा, हमारे पास अपना खुद का जरनेटर है तथा हम सरकार द्वार दी जा रही बिजली पर निर्भर नहीं है। हालांकि ईंधन की कमी होना यह अलग बात है। उन्होंने कहा, राजनीति संकट का खेल पर कोई असर नहीं पड़ता है, एसएलसी हमेशा राजनीति दूर रहता है। उल्लेखनीय है कि एसएलसी 22 मई से अपना घरेलू सत्र भी शुरू करने पर विचार कर रहा है।

## ब्रेसवेल इंग्लैंड दौरे के लिए चुने गए, विलियमसन की वापसी

वेलिंग्टन। इंग्लैंड के ख़िलाफ़ होने वाली सीरीज़ के लिए पहली बार हरफ़नमौला माइकल ब्रेसवेल को न्यूज़ीलैंड की 20 सदस्यीय टीम में जगह मिली है। इस टीम में अनकैप्ड कैम फ़्लेचर, ब्लेयर टिकनर और जेकब डफ़ी को भी लिया गया है, जो वार्म-अप मैचों में आईपीएल खेल रहे खिलाड़ियों की अनुपस्थिति को भरेंगे। पहला टेस्ट दो जून से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। कोहनी की चोट के कारण कप्तान केन विलियमसन घरेलू सत्र में नहीं खेल पाए थे, ऐसे में वह पिछले साल नवंबर के बाद से वापसी करेंगे। वह उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जो वार्म अप मैचों में नहीं खेल पाएंगे। उनके साथ ही ट्रेंट बोल्ट, टिम साउदी, डेवन कॉन्वे और डैरिल मिचेल के भी इंग्लैंड देर से पहुंचने की संभावना है। न्यूज़ीलैंड गत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की चैंपियन है।भारत के ख़िलाफ़ एक पारी में सभी दस विकेट लेने के बाद एजाज़ पटेल पहली बार वापसी कर रहे हैं, उनका साथ स्पिन विभाग में साथ देने के लिए रचिन रविंद्र भी टीम में होंगे। दल: केन विलियमसन (कप्तान), टॉम ब्लंडल, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, डेवन कॉन्वे, कोलिन डि ग्रैंडहोम, जेकब डफ़ी, कैमरन फ़्लेचर, मैट हेनरी, काइल जेमीसन, टॉम लेथम, डैरिल मिचेल, हेनरी निकल्स, एजाज़ पटेल, रचिन रविंद्र, हामिश रदरफ़ोर्ड, टिम साउदी, ब्लेयर टिकनर, नील वैगनर, विल यंग।

## रोनाल्डो की सीआर सात ने मिंत्रा के साथ साझेदारी की

बेंगलुरु। ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म मिंत्रा ने भारत में पहली बार स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो का इत्र सीआर सात लॉन्च करने की घोषणा की है। यह पहले से ही 40 देशों में उपलब्ध है। सीआर सात भारत में उनके फैन के लिए 16 अलग-अलग श्रेणियों में उपलब्ध होगा। सीआर सात को 2017 में लॉन्च किया गया था जो स्टार फुटबॉलर के लाइफस्टाइल को उनके फैन के बीच पहुंचाने के लिए एक बांड के रुप में लाया गया। सीआर सात इत्र उनके प्रशंसको और खेल प्रेमियों को उनकी दुनिया का एक सुगंधित अनुभव देता है। यह ब्रांड दुनिया के चालीस देशों में मौजूद है। सीआरसात को 14 से 40 वर्ष के खेल प्रेमियों तथा स्टार फुटबॉलर के चाहने वालों के लिए बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो उन लोगों में शुमार हैं जिन्हें इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो किया जाता है तथा पूरी दुनिया के साथ-साथ भारत में भी उन्हें खासा पसंद किया जाता है। सीआर सात मिंत्रा पर परफ्यूम, बॉडी मिस्ट, डिओडोरेंट्स और गिफ्ट सेट के साथ उपलब्ध होगा। सुंदरता और सुगंध मिंत्रा पर कुछ लोकप्रिय श्रेणियों में से एक है। मिंत्रा के सथा साझेदारी कर बॉन्ड उन लोगों तक पहुंच पायेगा जो वैश्विक फैशन की तलाश में रहते हैं।

## राज्य स्तरीय सब जूनियर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में 20 मुक्केबाज भाग लेंगे

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में किन्नौर जिला में जे.एस.डब्ल्यू द्वारा संचालित शिखर केंद्रों के 20 मुक्केबाज भाग लेंगे। यह जानकारी आज यहां जे.एस.डब्ल्यू के सी.एस.आर प्रमुख दीपक डेविड ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं का चयन 19 मई, 2022 को कर्नाटक राज्य में आरंभ होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय जूनियर मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले के मुक्केबाज राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश व जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।

## आईपीएल से मेरे जीवन में बदलाव आया : विराट कोहली

मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स पर आरसीबी के एक शो के दौरान कहा कि आईपीएल से उनके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा है और आरसीबी के समर्थकों के कारण उनको बेंगलुरु शहर के साथ जुड़ने का मौका मिला है। कोहली ने यह बात पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबले से पहले कही। आईपीएल के विराट कोहली ने अपने जीवन पर प्रभाव को लेकर कहा, अन्य लोगों की तरह ही मेरे जीवन पर आईपीएल का गहरा प्रभाव पड़ा है। मैं अपने देश के लिए बाहर खेलने के लिए सोचता हूं, आईपीएल ने हुनर दिखाने के लिए मुझे एक मंच प्रदान किया है। यहां अलग-अलग लोगों के साथ स्पर्धा कर उनके साथ ज्ञान साझा करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण चीज है और यह मेरे खेल में एक नए आयाम को जोड़ा है। यह मुझे प्रगतिशील तरीके से आगे बढ़ने में सहायता करता है। विराट ने कहा, यहां अलग-अलग जगहों से आये लोगों के दिमाग को देख रहा हूं जो मुझे अलग-अलग परिस्थितियों में खेलने में सहायता प्रदान करेगा तथा मैं ये भी देख रहा हूं कि उनका कैसा माइंड सेट है। आप जानते हैं लोगों के पास सफल होने के अलग-अलग तरीके हैं।

## प्लेऑफ़ में पहुंचने के लिए शीर्ष क्रम का चलना ज़रूरी : डेविड वॉर्नर

मुंबे। प्लेऑफ़ में जगह सुनिश्चित करने के लिए डेविड वॉर्नर ने अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज़ों का चलना बेहद ज़रूरी करार दिया है। इस वक़्त अंक तालिका में दिल्ली कैपिटल्स आठ अंकों के साथ सातवें पायदान पर है, लेकिन गुरुवार को अगर वह सनराइज़र्स हैदराबाद को पटखनी दे देते हैं तो वह चौथे पायदान पर पहुंच सकते हैं। अंक तालिका में इस वक़्त सांप सीढ़ी के खेल जैसी स्थिति पनप गई है, वॉर्नर का मानना है कि उनकी टीम को प्लेऑफ़ में क्वालिफ़ाई करने के लिए अपने आगामी सभी मुक़ाबले जीतने होंगे। वॉर्नर ने दिल्ली कैपिटिल्स की औपचारिक विज्ञप्ति में कहा, फ़ाइनल में प्रवेश करने के लिए हमें यहां से हर मुक़ाबला जीतना होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटरा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# ये है दुनिया का सबसे डरावना और वीरान आइलैंड, कभी इस बीमारी से पीड़ितों को बिना इलाज के रखा जाता था यहां

कोढ़ रोग को हमारे समाज में हमेशा से ही हीन भावना से देखा जाता है। इस बीमारी को भगवान का शाप या दंड माना जाता रहा है। समाज में लोग कोल्ड रोगियों से हमेशा दूरी बना कर रहे हैं। सदियों से इस बीमारी से पीड़ित लोगों को समाज से अलग रखा गया है। भारत ही नहीं दुनिया के विदेशों में कुष्ठ रोगियों के लिए कई आश्रम चलते हैं। लेकिन यूरोप के ग्रीस और यूनान जैसे देशों ने अपने यहां के कुष्ठ रोगियों को आम लोगों से दूर रखने के लिए एक आईलैंड ही अलग कर दिया था।

इस आइलैंड का नाम स्पिनालॉन्गा आइलैंड है। ये यूनान के सबसे बड़े क्रीट द्वीप के पास स्थित है। ये भूमध्य सागर में मिराबेलो की खाड़ी के मुहाने पर मौजूद है। लेकिन आज इस आईलैंड पर कोई नहीं रहता और यह वीरान पड़ा है। यहां पर बेहद कम लोग ही जाते हैं। इस जगह की सबसे पहले वेनिस के राजा ने यहां पर सैनिक अड्डा बनाया था। इसके बाद तुर्की के ऑटोमान साम्राज्य ने इस पर कब्जा कर लिया। हालांकि, साल 1904 में क्रीट के लोगों ने तुर्कों को यहां से खदेड़ दिया। इसके बाद यह आइलैंड को कोढ़ के मरीजों का अड्डा बना दिया गया। साल 1975 में दुनिया को इस कोढ़ आश्रम के बारे में पता चला। इसके बाद यूनानी सरकार की बहुत आलोचना हुई।

जिसके बाद यहां के सभी लोगों को इलाज के लिए ले जाया गया और इस कुष्ठ रोगी आश्रम को बंद कर दिया गया। इसके बाद से स्पिनालॉनगा आइलैंड वीरान पड़ा है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि इस आईलैंड पर कोढ़ के मरीजों के इलाज का भी कोई इंतजाम नहीं था। इस द्वीप पर एक ही डॉक्टर आता था, वो भी तब जब किसी मरीज को कोई और बीमारी हो जाती थी। इंद्र को बनाने से पहले ही कुष्ठ रोग का इलाज खोज लिया गया था लेकिन यहां रहने वाले मरीजों का इलाज नहीं होता था।

# चार धाम यात्रा के लिए आईआरसीटीसी ने पेश किया शानदार टूर पैकेज, यात्रियों को मिलेंगी ये सुविधाएं

गर्मियों की छुट्टी में लो कहीं ना कहीं घूमने का प्लान बनाते हैं। ऐसे में कई लोगों को परिवार के साथ चार धाम की यात्रा करने की इच्छा होती है। ऐसे लोगों के लिए भारतीय रेलवे चारों धामों की यात्रा के लिए एक खास ऑफर लेकर आई है। बता दें कि यात्रियों के लिए पावन धाम की यात्रा के ऐसे पैकेज भारतीय रेलवे की तरफ से समय-समय पर उपलब्ध करवाए जाते हैं। आई जानते हैं आईआरसीटीसी के चार धाम टूर पैकेज के बारे में -

### इतने दिनों का होगा टूर पैकेज

भारतीय रेलवे की ओर से यात्रियों को चार धाम की यात्रा के लिए एक स्पेशल टूर पैकेज दिया जा रहा है। आपको बता दें कि यह टूर पैकेज आजादी का अमृत महोत्सव और देखो अपना देश के तहत पेश किया गया है। इस पैकेज का नाम Char Dham Yatra E& Nagpur है। आईआरसीटीसी की ओर से जारी किया गया यह खास टूर पैकेज कुल 11 दिनों और 12 रातों का है। इच्छुक यात्री आईआरसीटीसी की वेबसाइट irctctourism.com पर जाकर ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

### इस दिन से शुरू होगी यात्रा और इन जगहों के होंगे दर्शन

रेलवे द्वारा यह चार धाम यात्रा 14 मई 2022 को नागपुर से शुरू होगी। यहां से यात्रियों को हवाई यात्रा के जरिए दिल्ली लाया जाएगा। दिल्ली से हरिद्वार के लिए ट्रेन रवाना होगी। इस टूर पैकेज के तहत यात्रियों को बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री, गुप्तकाशी, बरकोट, जानकी चट्टी, सोनप्रयाग, उत्तरकाशी, आदि धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे।

### यात्रियों को मिलेंगी ये सुविधाएं

यात्रा के दौरान यात्रियों को रेलवे की ओर बस और गाड़ी की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा प्रतिदिन नाश्ता और डिनर भी मिलेगा और ठहरने के लिए होटल की व्यवस्था भी करवाई जाएगी।

### यात्रियों को देना होगा इतना शुल्क

अकेले यात्रा करने वाले यात्रियों को 77,600 रुपए देने होंगे। दो लोगों को इस रूप पैकेज के लिए 61,400 चुकाने होंगे। वहीं तीन लोगों को इस पैकेज के लिए 58,900 जमा करने होंगे। बता दें कि बच्चों का अलग से शुल्क पड़ेगा।



# मेघालय राज्य की खूबसूरती देखेंगे तो बस देखते ही रह जायेंगे

1972 में असम से अलग होकर भारत के इक्कीसवें राज्य के रूप में नक्शे पर उभरा, अद्भुत नैसर्गिक सुषमा का आलय- मेघालय यानि बादलों का घर। आकाश में बादलों के झुंड, धरती पर चंचल झरने, शांत झीलें और उनमें अपना प्रतिबिम्ब निहारती हरियाली, इन सबके बीच आपकी उपस्थिति आपको अवसर देगी कि आप अपने भाग्य पर गर्व कर सकें। यह राज्य गारो, खासी तथा जयन्तिया जैसी प्राचीन पहाड़ी जनजातियों का मूल निवास स्थान है। इन्हीं लोगों को भारत का प्राचीनतम निवासी माना जाता है।

ब्रिटिश राज के दौरान स्कॉटलैंड ऑफ ईस्ट कहा जाने वाला शहर शिलांग मेघालय की राजधानी है। खासी पहाड़ियों में, समुद्रतल से लगभग 1500 मी. की ऊंचाई पर बसे इस शहर का नाम एक जनजातीय देवता शुलांग के नाम पर पड़ा है। प्यार से मिनी लंदन पुकारे जाने वाले शहर के चप्पे-चप्पे पर अंग्रेजी प्रभाव के निशान खोजे जा सकते हैं।

शिलांग जैसे छोटे शहर में दर्शनीय स्थानों की सूची छोटी नहीं है। शहर के बीचों-बीच स्थित है वार्डलेक। 1893-94 में बनी यह झील पर्यटकों का ही नहीं स्थानीय लोगों का भी प्रिय स्थान है। खूबसूरत बगीचों की हरियाली और झील के बीच में बना लकड़ी का पुल इसकी विशेषता है। इस लकड़ी के पुल पर से आप झील की मछलियों को देख सकते हैं और चाहें तो उन्हें आटे की गोलियां भी खिलाएं। नि:संदेह बच्चों को यह काम बहुत अच्छा लगेगा। झील के पानी में उतरना चाहें तो नौकाविहार कर सकते हैं। खाने-पीने का अच्छा प्रबंध होना इस स्थान को सुविधाजनक भी बना देता है।

यदि आपकी दिलचस्पी पेड़-पोधों में है तो झील के पास स्थित बाटेनिकल गार्डन अवश्य जाएं। वनस्पति विज्ञान के छात्रों के लिए यह स्थान बहुत उपयोग साबित होगा। इसके पास ही स्थित डेलिमार वांगखा का तितलियों का सग्रंह भी देखें। दुनिया भर का तितलियों से संबधित जिज्ञासा यहां शांत की जा सकती है।

किताबों में रूचि हो और ज्ञान में वृद्धि चाहें तो विशेष रूप से प्राचीन जीवन शैली से जुड़ी जानकारियों चाहें तो स्टेट सैन्ट्रल लाइब्रेरी जाना उचित होगा। साथ ही आपको अपनी ओर खीचेंगे डांन बास्को तथा आंल सैन्ट चर्च। डांन बास्को चर्च की विशाल इमारत और अनूठा प्रार्थना कक्ष ही इसकी खासियत हैं।

1889 में बना भारत का तीसरा सबसे पुराना गोल्फ कोर्स भी शिलांग में ही है। चीड़ और देवदार के ऊंचे वृक्षों से घिरे इस स्थान की मखमली धास का मजा लेने के लिए आपका गोल्फ में रूचि रखना जरूरी नहीं। अक्सर सूर्यादय और सूर्यास्त के सुन्दर दृश्यों को नजरों में भरनो के लिए भी पर्यटक यहां आते हैं।

खासी जनजाति के मातृ-सत्तात्मक समाज की छाप देखें यहां के बड़ा बाजार में। इस बाजार को पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा बाजार माना जाता है। यहां खरीददारी करें हस्तशिल्प की और बांस के बने सामान की। यहां के जीवन को और करीब से जानना हो तो पास ही स्थित पुलिस बाजार भी जाना चाहिए।

शिलांग से लगभग 2 किलोमीटर दूर है एलिफेन्टा फॉल (झरना)। हाथी के आकार के इस प्राकृतिक झरने की सौन्दर्य वृद्धि की है लकड़ी के छोटे-छोटे पुलों ने। इस झरने के नाम के कारण के बारे में लोगों में मतैक्य नहीं है। कुछ लोगों के अनुसार इस जगह के नाम का कारण, कभी यहां हाथियों का पानी पीने आना था जबकि दूसरों के अनुसार, इसका हाथी जैसा आकार। कुछ लोग इसके नामकरण की कथा सुनाते हैं कि किसी अंग्रेज अधिकारी का हाथी रास्ता भटक कर यहां पहुंच गया और यहीं उसकी मृत्यु हो गई तो यह नाम पड़ा। इसी खींच-तान के बीच एक अन्य कथा यह भी है कि यहां हाथी पानी पीने आते थे। किसी कारण वश यहां एक हाथी की मृत्यू के पश्चात हाथियों ने यहां आना बंद कर दिया। स्थानीय लोग इस मृत हाथी को देखने यहां पहुंचे, यही घटना इस स्थान के नामकरण का कारण है। इसी से यह स्थान लोकप्रिय भी हुआ।

शिलांग और उसके आसपास के क्षेत्र में कई और झरने भी है जैसे मारग्रेट फांल, बिशप फांल, स्वीट फांल आदि।

समुद्र की सतह से लगभग 1960 मी. ऊंचाई पर, शिलांग से करीब 10 किमी. दूर है शिलांग पीक। ऐसा विश्वास है कि जनजातीय देवता शुलांग यहीं निवास करते हैं। यहां के खुले वातावरण और ऊंचाई को ध्यान में रखकर कुछ गर्म कपड़े ले जाना गलत नहीं होगा।

उमियाम झील, गुवाहाटी से शिलांग के बीच का सबसे सुन्दर पड़ाव है। यह स्थान शिलांग से लगभग 17 किमी. दूर है। बड़ा पानी के नाम से प्रसिद्ध यह झील एक बांध के निर्माण के फलस्वरूप अस्तित्व में आई थी। इस झील के पास बने नेहरू उद्यान को भी देखें। यह झील पानी के खेलों के लिए प्रसिद्ध है।

1897 के भयानक भूकंप से धरती पर तराशे गए दर्रे के लिए विख्यात है माफलोग। यहां प्रकृति की सुन्दरता ने भूकंप की भयावहता को ढक दिया है। शिलांग से लगभग 64 किमी दूर है जरकेम। यहां गधंक के झरने हैं। ऐसा विश्वास है कि झरनों के पानी से अनेक बीमारियों का निदान संभव है।

मेघालय की अन्य दो पहाड़ियां हैं गारो और जयन्तिया। गारो पहाड़ियों को जाना जाता है वनस्पतिक और वन्य जीवन की विविधता के लिए। यहां राष्ट्रीय वन्य जीवन उद्यान तथा नाफक झील भी देखें। यहां सिजु गुफाओं में चूने पत्थर की बनी आकृतियों को देखा जा सकता है।

हिलौरे लेती मिन्तदू नदी से घिरी जयन्तिया पहाड़ी शिलांग से लगभग 64 किमी. दूर हैं। जोवाई, जयन्तिया जनजाति का मुख्यालय भी यहीं है। यहां सिन्दाल गांव में अनेक गुफाओं की सैर की जा सकती है की। जयन्तियां राजा तथा विदेशी आक्रमणकारियों के बीच युद्ध के दौरान कभी इनका प्रयोग छिपने के स्थान के रूप में होता था।

लगभग 1300 मी की ऊंचाई पर, शिलांग से 56 किमी. दूर स्थित है चेरापूंजी। एक लंबे समय, इस क्षेत्र को विश्व में सबसे अधिक वर्षा वाले क्षेत्र के रूप में जाना जाता रहा है। यहां रोमांच लें विश्व के चौथे सबसे ऊंचे झरने नहिकालीफाई को देखने का। इसी प्रकार मांसमाई और लम लाबाध की रहस्यमयी गुफाओं की सैर भी यादगार साबित होगी।

वर्तमान में सर्वाधिक वर्षा तथा लगभग निरन्तर बने रहने वाले इन्द्रधनुषों की भूमि मांसेनरम, चेरापूंजी के पास ही है। वर्षा ऋतु में लगभग अगम्य बन जाने वाला यह स्थान अपने चूने पत्थर के बने विशाल शिवलिंग के लिए खासा लोकप्रिय है। यहां भयावह ऊंचाई लिए बेहत खूबसूरत झरने भी आपको भाएंगे।

जून-जुलाई का समय मेघालय में उत्सवों का समय है। 4 दिनों तक चलने वाला किसानों का उत्सव है वेटडीनक्लामू। इसमें पारम्परिक नृत्य संगीत के साथ-साथ बैलों की लड़ाई का मजा लें। स्थानीय देवता यू शिलांग और पूर्वजों के सम्मान में आयोजित होने वाले नौंग क्रेम नृत्य उत्सव में शामिल होना नहीं भूलें।

अधिक वर्षा वाले दिनों को छोड़ हर मौसम में यहां आया जा सकता है। यहां का जाड़ा कुछ अधिक ठंडा और गर्मियां सुहावनी होती हैं। निश्चय ही यह छोटा-सा राज्य गर्मी से बड़ी राहत दिला सकता है।





# ये हैं अजमेर में घूमने की खूबसूरत जगहें, इन्हें नहीं देखा तो अधूरी है आपकी यात्रा

राजस्थान में अरावली पर्वतमाला से घिरा हुआ अजमेर शहर एक बहुत लोकप्रिय पर्यटक स्थल है। यह शहर सूफी संत मोइउद्दिन चिश्ती की दरगाह के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। अजमेर शहर को पहले 'अजयमेरु' के नाम से जाना जाता था। यह शहर अपनी विशिष्ट वास्तुकला और संस्कृति के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। अजमेर में कई प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं जो देश-विदेश में बहुत प्रसिद्ध हैं। इस शहर में आपको पारंपरिक राजस्थानी रंग-ढंग देखने को मिलते हैं। आज के इस लेख में हम आपको अजमेर शहर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं -

### अजमेर शरीफ़

अजमेर में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह यहाँ के सबसे प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। इस दरगाह में हर धर्म-जाति के लोग मत्था टेकने के लिए आते हैं। कहा जाता है कि मुगल बादशाह अकबर आगरा से 437 किमी। पैदल चलकर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर बेटा होने की दुआ माँगने आए थे। आज के समय में देश-विदेश से लोग दरगाह पर आकर मन्नत मांगते हैं और मन्नत पुअर होने के बाद चादर चढ़ाते हैं।

### आना सागर झील

अजमेर में आप आना सागर झील देख सकते हैं। यह एक बेहद खूबसूरत कृत्रिम झील है जो यहाँ आने वाले पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है। इस झील का निर्माण पृथ्वीराज चौहान के पिता आणाजी चौहान ने करवाया था। आणाजी से नाम पर ही इस झील का नाम आना सागर पड़ा। इस झील के आसपास की जगह भी बेहद खूबसूरत है। यहाँ का दौलत बाग देखने में बहुत खूबसूरत है, जिसका निर्माण जहांगीर ने करवाया था। इस झील में आप नौका विहार का आनंद ले सकते हैं।

### पुष्कर सरोवर

अजमेर स्थित पुष्कर झील देशभर में बहुत मशहूर है। यह सरोवर हिन्दू धर्म के लोगों के लिए आस्था का एक बड़ा केंद्र है। भारत के पांच पवित्र सरोवरों में पुष्कर झील भी शामिल है। कुछ विशेष अवसरों पर यहां श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए आते हैं। अजमेर आए पर्यटक पुष्कर सरोवर घूमने जरूर आते हैं। यहां आप ऊंट सवारी का आनंद ले सकते हैं।

### अढ़ाई दिन का झोपड़ा

अजमेर में स्थित अढ़ाई दिन का झोपड़ा एक ऐतिहासिक मस्जिद है। इस मस्जिद का निर्माण 1192 में मोहम्मद ग़ोरी के निर्देश पर कुतुब-उद-दीन ऐबक द्वारा करवाया गया था। इस मस्जिद में ढ़ाई दिन का उत्सव चलता है जिसकी वजह से इस मस्जिद को यह नाम दिया गया है। इस मस्जिद के निर्माण में खूबसूरत वास्तुकला का इस्तेमाल देखने को मिलता है। दूर-दूर से लोग इस मस्जिद में मत्था टेकने आते हैं।

### तारागढ़ किला

तारागढ़ किला, अजमेर के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में से एक है। इस किले का निर्माण सन 1354 में किया गया था और यह राजस्थान के सबसे प्रसिद्ध प्राचीन संरचनाओं में से एक है। यह किला पर्यटकों के लिए राजस्थानी वास्तुकला का एक शानदार और उत्कृष्ट उदाहरण पेश करता है।

### सोनी जी की नसियां

अजमेर में स्थित सोनी जी की नसियां एक प्रसिद्ध जैन मंदिर हैं। इसे लाल मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यह मंदिर जैन धर्म के पहले तीर्थकर को समर्पित हैं। सोनी जी की नसियां मंदिर का मुख्य आकर्षण इसका मुख्य कक्ष है, जिसे स्वर्ण नगरी या सोने के शहर के नाम से भी जाना जाता हैं। इस मंदिर में जाएं धर्म से जुड़ी सोने की लकड़ी की कई आकृतियां बनी हुई हैं। यह मंदिर पर्यटकों के बीच बहुत लोकप्रिय है और दूर-दूर से लोग इस मंदिर को देखने आते हैं।

